www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 5 मई , 2024

वर्ष – 17 | अंक –29 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

साहित्य

हिसाब-किताब पृष्ठ 06

कोसी की तरह बदलती सुपौल की सियासी धारा में क्या जलेगी 'लालटेन'? पृष्ठ 10

चुनाव फेयर हुआ और ईवीएम ठीक रही तो ... पृष्ठ 02

■ महाबल मिश्रा, जयप्रकाश अग्रवाल, कुलदीप कुमार व...
■ इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर अग्निवीर... 03

■ संरा में गूंजीं भारत की महिला नेताओं की आवाजें
■ हमास इजरायली बंधकों को रिहा करने पर सहमत 07

## प्रियंका गांधी का मोदी पर तंज

# जनता की परेशानी नहीं समझेंगे शहंशाह'

■ कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री को 'शहजादे' का जवाब दिया ■ प्रियंका ने महंगाई-रोजगार पर मोदी से पूछे तीखे सवाल

**बनासकाठा,** 4 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोपों का दौर जारी है। इस बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ऐसे शहंशाह हैं, जो खुद महल में रहते हैं लेकिन जनता के दुख से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। गुजरात के बनासकांठा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा 'पीएम मोदी मेरे भाई को शहजादा कहते हैं लेकिन इस शहजादे ने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक लोगों की समस्या सुनने के लिए चार हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा की। इस दौरान वह किसानों और मजदूरों से मिले और उनकी समस्याओं के समाधान पर बातचीत की।'

**मोदी मेरे भाई को शहजादा कहते हैं, लेकिन इस शहजादे ने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक लोगों की समस्या सुनने के लिए चार हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा की : प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव**



### शहंशाह महलों में रहते हैं

इससे पहले गुजरात में ही एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान चाहता है कि भारत का अगला प्रधानमंत्री शहजादे को बनाया जाए। इसके जवाब में प्रियंका ने कहा कि चुनाव भारत में हो रहे हैं और बात पाकिस्तान की हो रही है, देश के प्रधानमंत्री द्वारा निचले स्तर की राजनीति की जा रही है। प्रियंका ने कहा कि शहंशाह मोदी नहीं समझ सकते कि जनता मंहगाई के बोझ तले दबी हुई है। प्रियंका ने कहा कि भाजपा नेता दावा करते हैं कि अगर उनकी सरकार फिर से सत्ता में आई तो देश का संविधान बदल दिया जाएगा। जब वह संविधान बदलने की बात कर रहे हैं, तो इससे साफ है कि वह जनता को दिए गए अधिकारों को खत्म कर देंगे। मोदी सरकार के पिछले कामकाज पर नजर डालेंगे तो साफ पता चल जाएगा कि उन्होंने जनता के अधिकारों को कमजोर किया।

### *चुनावी बॉन्ड योजना से खुलेआम भ्रष्टाचार किया*

*प्रियंका गांधी ने चुनावी बॉन्ड पर कहा कि सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के लिए एक नई योजना लाई गई। कभी देश में चोरी-छिपे भ्रष्टाचार किया जाता था लेकिन अब चुनावी बॉन्ड योजना के माध्यम से खुले आम भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इसके बाद भी भाजपा नेता कह रहे हैं कि सिर्फ वे ही ईमानदार हैं और बाकी नेता भ्रष्ट हैं। बनासकांठा में तीसरे चरण के तहत मतदान होना है। इस सीट से भाजपा ने रेखा चौधरी को प्रत्याशी घोषित किया है, जबकि गनीबेन ठाकुर कांग्रेस उम्मीदवार हैं।*

### एक शहजादा देश को तो दूसरा बिहार को जागीर समझता है : मोदी



**दरभंगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार के दरभंगा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव के नाम लिए बिना जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली में जिस तरह एक शहजादे हैं, उसी तरह पटना में भी एक शहजादे हैं। दोनों के रिपोर्ट कार्ड एक ही जैसे हैं। एक शहजादा पूरे देश को तो दूसरा पूरे बिहार को अपनी जागीर समझता है। दरभंगा के राज मैदान में भाजपा प्रत्याशी गोपाल जी ठाकुर के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने धर्म के आधार पर आरक्षण के मामले पर कांग्रेस और राजद को घेरा। उन्होंने कहा कि लंबी चर्चा के बाद हमारा संविधान बना। बाबा साहेब आंबेडकर, राजेंद्र प्रसाद जैसे बड़े-बड़े विद्वान ने धर्म के आधार पर आरक्षण पर लंबी चर्चा की। 77 साल पहले उन्होंने तय किया कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दे सकते। देश को फिर से नहीं बांट सकते। बाबा साहेब ने इसके खिलाफ खुलेआम वकालत की। पंडित नेहरू ने भी धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध किया था।

## पुंछ में सेना के काफिले पर आतंकी हमला



**श्रीनगर,** 4 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के सुरनकोट में आतंकवादियों ने भारतीय वायु सेना के काफिले पर हमला कर दिया, जिसमें पांच जवान घायल हो गए। स्थानीय राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। वाहनों को शाहसितार के पास जनरल क्षेत्र में एयर बेस के अंदर सुरक्षित कर दिया गया है। फिलहाल इलाके को सेना ने घेर रखा है।

### सेना के वाहनों पर जबरदस्त गोलीबारी की

आतकंवादियों ने सेना के वाहनों पर जबरदस्त गोलीबारी की। इसके बाद इलाके में अतिरिक्त फोर्स भेजी गई है और आतंकविरोधी अभियान को अंजाम दिया जा रहा है। पिछले साल सेना पर सिलसिलेवार आतंकी हमलों का गवाह रहे इस इलाके में इस साल सशस्त्र बलों पर यह पहला बड़ा हमला है. हमले के बाद के जो तस्वीरें सामने आईं हैं उनमें वाहन की विंडस्क्रीन पर कम से कम एक दर्जन गोलियों के छेद दिखाई दे रहे हैं। सुरक्षा बलों के सूत्रों ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकवादियों ने भारतीय वायु सेना के वाहनों के काफिले पर हमला किया है। स्थानीय राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। वाहनों को शाहसितार के पास सामान्य क्षेत्र में एयर बेस के अंदर सुरक्षित कर दिया गया है। सैन्य कर्मियों को चोटें आई हैं।' हमले में अभी तक किसी नुकसान या किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घायल जवानों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

**वायु सेना के पांच जवान घायल**

**सेना ने पूरे इलाके को घेरे में लिया**

## सार संक्षेप

### फसल बीमा का पैसा किसान के खाते में सीधे भेजेंगे : खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने किसानों से कहा है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर किसान हित में जरूरी निर्णय लिए जाएंगे और फसल बीमा की राशि सीधे किसानों के खाते में भेजी जाएगी। श्री खड़गे ने कहा किसानों के लिए बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफ़र होगा। कांग्रेस गारंटी देती है कि फसल बीमा को खेत और किसान के अनुरूप बनाया जाएगा। किसान से बीमा राशि के अनुसार प्रीमियम लिया जाएगा और किसनों के सभी दावों का निपटान 30 दिनों के भीतर किया जाएगा।

### 'सात का चुनाव भाजपा को सात समंदर दूर फेंक देगा'



**बदायूं।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सात तारीख का चुनाव भाजपा को सात समंदर दूर फेंक देगा। यह तीसरा चरण उनका सफाया करने जा रहा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव बदायूं में सपा उम्मीदवार आदित्य यादव के लिए जनसभा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार बदायूं की जनता रिकॉर्ड बनाकर जीत दिलाएगी। सपा के आंदोलन से बहुत सारे लोग जुड़ गए हैं। सबसे ज्यादा वोटों से आप लोग हमें जिता रहे हैं। हमारा-आपका चुनाव 7 तारीख को है।

### मोदी ने आदिवासियों के मुद्दों पर एक शब्द नहीं कहा : चंपई



**चाईबासा।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार ने झारखंड के आदिवासियों और मूलवासियों के लिए कोई काम नहीं किया है, इसलिए उसे यहां लोगों से वोट मांगने का अधिकार नहीं है। नरेंद्र मोदी ने सिंहभूम में आदिवासियों के मुद्दों पर एक शब्द नहीं कहा। सोरेन शनिवार की शाम सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के चक्रधरपुर में झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

### 5 शातिर ठग गिरफ्तार, 10 करोड़ की ठगी का आरोप



**गाजियाबाद।** कौशांबी थाना पुलिस और साइबर टीम को एक बड़ी कामयाबी मिली है। टीम ने पांच ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो भोले-भाले लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनके दस्तावेजों के जरिए फर्जी बैंक अकाउंट खुलवाते थे और फिर लोगों से ठगी कर उन बैंक खातों में पैसे मंगवाते थे। कौशांबी थाना पुलिस को यह सूचना मिली थी कि कुछ लोग दिल्ली-एनसीआर के लोगों के दस्तावेज का इस्तेमाल कर बैंक खाता खुलवाते हैं और उन खातों में लोगों से ठगी कर लाखों रुपए मंगवाते हैं।

## रोहित वेमुला मामले की दोबारा जांच होगी

**हैदराबाद,** 4 मई (एजेंसियां)। तेलंगाना पुलिस ने घोषणा की कि हैदराबाद विश्वविद्यालय के रिसर्च स्कॉलर रोहित वेमुला की आत्महत्या के मामले में वह आगे और जांच करेगी क्योंकि उसके परिवार के सदस्यों ने अब तक की जांच तथा पुलिस द्वारा अदालत में दाखिल क्लोजर रिपोर्ट पर संदेह व्यक्त किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रवि गुप्ता ने एक बयान में कहा कि मामले में आगे और जांच करने का फैसला किया गया है। संबंधित अदालत में याचिका दायर कर मजिस्ट्रेट से केस की आगे जांच के लिए अनुमति मांगी जाएगी। इससे पहले आज दिन में यह बात मीडिया में सामने आई कि पुलिस ने रोहित वेमुला के मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी है। इसमें वेमुला के दलित होने की बात को गलत बताया गया था और विश्वविद्यालय के अधिकारियों तथा भाजपा और एबीवीपी के नेताओं को इस आठ साल पुराने मामले में क्लीन चिट दे दी गई थी। डीजीपी ने बताया कि उस समय तक की गई जांच के आधार पर यह क्लोजर रिपोर्ट पिछले साल नवंबर से पहले ही तैयार की गई थी। जांच अधिकारी ने इसे संबंधित अदालत में 21 मार्च 2024 को आधिकारिक तौर पर पेश किया था।



■ परिजनों ने क्लोजर रिपोर्ट पर संदेह जताया
■ एबीवीपी नेताओं को क्लीन चिट दे दी गई थी

### फाइल बंद होने पर भाजपा ने राहुल को घेरा

**नई दिल्ली।** रोहित वेमुला मौत के मामले में फिर से राजनीति गरमाने लगी है। इस मामले की फाइल पुलिस द्वारा बंद कर दिए जाने के बाद भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कटघरे में खड़ा किया है। तेलंगाना पुलिस द्वारा दायर क्लोजर रिपोर्ट केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और तीन अन्य को दोषमुक्त कर दिया गया है। भाजपा के आई सेल के अध्यक्ष अमित मालवीय ने शनिवार को राहुल गांधी पर इस मामले को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहाकि कांग्रेस नेता ने राजनीतिक लाभ उठाने के लिए इस तरह के झूठे मामले को उठाया था।

## हिरासत में लिए गए एचडी रेवन्ना

**बेंगलुरु,** 4 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक में अश्लील वीडियो मामले में फंसे जेडीएस के पूर्व नेता प्रज्वल रेवन्ना के पिता एचडी रेवन्ना को बेंगलुरु के केआर नगर पुलिस स्टेशन ने हिरासत में लिया है। उनके ऊपर अपहरण का एक मामला दर्ज था, उसी मामले में एसआईटी ने उन्हें हिरासत में लिया। इस मामले में एचडी रेवन्ना ने कोर्ट में अग्रिम जामानत याचिका दायर की थी, जिसे नामंजूर कर दिया गया। जिस महिला के बेटे ने एचडी रेवन्ना और उसके सहयोगी सतीश के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया था, उसे कर्नाटक पुलिस ने ढूंढ लिया। वह एसआईटी से बात करेंगी। मुताबिक मैसूर में केआर नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई शिकायत में उस महिला के बेटे ने कहा कि उसकी मां ने गांव लौटने से पहले छह साल तक एचडी रेवन्ना के घर पर काम किया, जहां वह एक दैनिक मजदूर के रूप में काम करती थी। उस शख्स ने शिकायत में कहा कि सांसद प्रज्वल रेवन्ना की ओर से उनकी मां के साथ यौन शोषण का वीडियो भेजा गया. आरोप के अनुसार इस वीडियो के सामने आने के तुरंत बाद उसकी मां लापता हो गईं। इसके बाद उसने गुरुवार (2 मई 2024) को एचडी रेवन्ना और हासन लोकसभा से सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।



■ अपहरण से जुड़ा है मामला
■ प्रज्वल के पिता है एचडी

### राहुल की चिट्ठी के बाद एक्शन में सिद्धारमैया

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रज्वन रेवन्ना केस को लेकर कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार को पत्र लिखा। राहुल की चिट्ठी के बाद कर्नाटक सरकार एक्शन में आ गई और सीएम सिद्धारमैया ने एसआईटी अधिकारियों के साथ बैठक की। सीएम ने अधिकारियों को जांच में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक के बाद सीएम सिद्धारमैया ने ट्वीट किया और लिखा, प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े हालिया मामले ने देश को परेशान कर दिया है। पीड़ितों को न्याय दिलाना हमारी कानूनी प्रणाली में विश्वास बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने राहुल गांधी के पत्र का भी जिक्र किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखकर जनता दल सेक्युलर (जद-एस) के नेता प्रज्वल रेवन्ना के उत्पीड़न का शिकार हुई पीड़िताओं को हरसंभव मदद देने को कहा है।



**राहुल ने पीड़िताओं को हरसंभव मदद देने को कहा**

## चुनाव देखने 23 देशों के पर्यवेक्षक भारत पहुंचे

**नई दिल्ली,** 4 मई (एजेंसियां)। चुनाव आयोग के आमंत्रण पर 23 देशों के निर्वाचन निकायों के 75 पर्यवेक्षक देश में 18वीं लोकसभा चुनाव प्रक्रिया को देखने के लिए भारत पहुंचे हैं।

आयोग की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षों का यह कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू हुआ है। आयोग के मुताबिक विदेशी पर्यवेक्षक एवं प्रतिनिधि इस दौरान विभिन्न राज्यों का दौरा करेंगे।

आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, चार मई से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य विदेशी प्रबंधन निकायों (ईएमबी) को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव के लिए अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों से परिचित कराना है। आयोग ने कहा है कि इन पर्यवेक्षकों को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में संबोधित करेंगे। दिल्ली से ये विदेशी मेहमान छोटे-छोटे समूहों में छह राज्यों- महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे तथा वहां के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान और चुनाव संबंधित तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। उनका यह कार्यक्रम नौ मई को सम्पन्न होगा। विदेशी पर्यवेक्षकों के इस दल में भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज़ गणराज्य, रूस, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, जॉर्जिया, चिली, उज्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया से विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) और संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हैं। आयोग का कहना है कि देश में किसी भी चुनाव में विदेशी पर्यवेक्षकों की यह अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी है।




■ चुनाव आयोग के निमंत्रण पर आए 75 पर्यवेक्षक
■ विदेशी पर्यवेक्षकों की अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी

### पश्चिम बंगाल के राज्यपाल पर यौन शोषण का आरोप

## पुलिस ने राजभवन से सीसीटीवी फुटेज मांगे

**कोलकाता,** 4 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत की जांच के लिए गठित एक विशेष जांच दल ने राजभवन का सीसीटीवी फुटेज मांगा है। कोलकाता पुलिस ने शनिवार को राजभवन स्थित पुलिस चौकी के प्रभारी अधिकारी से फुटेज मांगी।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, जांच टीम के सदस्य राजभवन में एक महिला संविदा कर्मचारी द्वारा दायर शिकायत के आधार पर गवाहों से भी बात करेंगे। हालांकि, पुलिस जांच को लेकर भ्रम की स्थिति में है। दरअसल राज्यपाल ने अपने ऊपर लगे आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने राजभवन में पुलिस के प्रवेश पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। गौरतलब है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत, किसी राज्य के राज्यपाल के खिलाफ उनके पद पर रहते हुए किसी अदालत में आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जा सकती है। नगर पुलिस सूत्रों ने बताया कि फिलहाल जांच टीम के सदस्य महिला की शिकायत के आधार पर साक्ष्य जुटाने की कोशिश कर रहे हैं।



## मसूरी-देहरादून मार्ग पर हादसा, 6 की मौत

**देहरादून,** 4 मई (देशबन्धु)। देहरादून-मसूरी मार्ग पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। हादसा मसूरी-देहरादून मार्ग पर चूनाखाल के पास तब हुआ जब एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई, जिसमें सवार चार युवक और दो युवतियों की मौत हो गई। पुलिस, फायर सर्विस, एसडीआरएफ रेस्क्यू के काम में जुटी है। दरअसल ये सभी 6 लोग राजपुर रोड स्थित एक कॉलेज में पढ़ाई करते थे। चार युवक और दो युवतियां मसूरी घूमने के लिए गए थे। सुबह के समय जब ये लोग देहरादून वापस लौट रहे थे, तब चूनाखान के पास उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। पांच लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक युवती ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग दुर्घटना स्थल की ओर दौड़े।

**चूनाखाल के पास खाई में गिरी कार**

### चुनाव | *बेनी वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को सपा ने गोंडा से दिया टिकट*

## उप्र में सियासत की विरासत को आगे बढ़ा रही बेटियां

**लखनऊ, 4 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के विभिन्न इलाकों की बेटियां अपनों की सियासत की विरासत को आगे बढ़ा रही हैं। किसी ने अपने माता पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की जिम्मेवारी अपने कंधों पर उठाई है तो कोई खुद चुनावी मैदान में उतर कर परिवार का मान सम्मान बढ़ाने में लगी हैं। इस मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) अन्य पार्टियों से आगे है।**

सपा ने बेटियों को लोकसभा का टिकट देकर उन पर अपना विश्वास जताया है। पूर्व केंद्रीय इस्पात मंत्री बेनी वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को समाजवादी पार्टी ने गोंडा से टिकट दिया है। दिल्ली के रामजस कॉलेज से इकोनॉमिक्स में ऑनर्स करने वाली श्रेया वर्मा ने राजनीति की शिक्षा अपने बाबा और पिता से ली है। श्रेया के पिता राकेश वर्मा भी विधायक और राज्य सरकार में मंत्री रहे हैं। श्रेया वर्मा के खिलाफ भाजपा के कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव मैदान में हैं। सुरक्षित सीट मछली शहर से समाजवादी पार्टी ने अधिवक्ता प्रिया सरोज को टिकट दिया है। ये तीन बार के सांसद और वर्तमान 2022 में मछलीशहर की केराकत सीट से विधायक तूफानी सरोज की पुत्री हैं। कानून की पढ़ाई करने वाली प्रिया ने अब लोकसभा का रास्ता अख्तियार करने के लिए राजनीति का रास्ता चुना है। दिल्ली के एयरफोर्स स्कूल से 12वीं तक और फिर दिल्ली यूनिवर्सिटी से आर्ट्स में ग्रेजुएशन करने वाली प्रिया सरोज ने 2022 में लॉ की पढ़ाई पूरी कर फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में बतौर अधिवक्ता प्रैक्टिस कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वे शुरू से ही पिता के साथ राजनीति में सक्रिय रहीं हैं। भाजपा पर हमलावर प्रिया कहती हैं कि ईडी और सीबीआई का डर दिखाकर भाजपा विपक्ष को परेशान कर रही है। पश्चिमी यूपी की कैराना लोकसभा सीट से पूर्व सांसद मुनव्वर हसन की बेटी इकरा हसन को सपा ने चुनाव मैदान में उतारा है। इकरा हसन पिछले कई सालों से कैराना क्षेत्र की राजनीति में सक्रिय हैं। वह पूर्व सांसद तबस्सुम हसन की बेटी हैं और कैराना से सपा विधायक नाहिद हसन उनके बड़े भाई हैं। इनके खिलाफ भाजपा के प्रदीप चौधरी हैं। इनके क्षेत्र में पहले ही चरण में चुनाव हो चुका है और इनकी किस्मत ईवीएम में बंद हो गई है। डिम्पल यादव मैनपुरी से चुनाव मैदान में हैं। उनकी बेटी अदिति यादव भी मां के लिए जनता के बीच जाकर वोट मांग रहीं हैं।



**तूफानी सरोज की पुत्री मछली शहर से है उम्मीदवार**

# देश

**उवाच** “ प्रियंका गांधी के खिलाफ पार्टी के भीतर एक साजिश हो रही है, जिसका वो शिकार हो रही हैं। उन्होंने कहा, ‘पार्टी का एक बड़ा धरा नहीं चाहता है कि प्रियंका गांधी संसद पहुंचें।’ इससे पहले भी आचार्य प्रमोद कृष्णम प्रियंका गांधी का खुलकर समर्थन कर चुके हैं: **आचार्य प्रमोद कृष्णम**





| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 40.3 | 23.2 |
| मुंबई | 33.7 | 25.3 |
| कोलकाता | 38.2 | 29.1 |
| चेन्नई | 40.1 | 28.9 |

## चुनाव फेयर हुआ और ईवीएम ठीक रही तो इनकी कोई जुमलेबाजी काम नहीं आएगी : मायावती

**आगरा,** 4 मई (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि यह चुनाव फेयर हुआ और ईवीएम ठीक रही तो इनकी कोई गारंटी, जुमलेबाजी काम नहीं आएगी। भाजपा ने अच्छे दिन का जो वादा किया, वो दिखते नहीं। बसपा सुप्रीमो मायावती शनिवार को आगरा में जनसभा को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस आने वाली नहीं। बस शर्त रहे कि ये चुनाव फ्री और फेयर हो। वोटिंग मशीन में कोई गड़बड़ी नहीं की जाती है तो इनकी कोई जुमलेबाजी काम नहीं आएगी। जनता समझ चुकी है कि इन्होंने प्रलोभन भरे वादे किए हैं।



**ये चुनाव फ्री और फेयर हो। वोटिंग मशीन में कोई गड़बड़ी नहीं की जाती है तो इनकी कोई जुमलेबाजी काम नहीं आएगी। जनता समझ चुकी है कि इन्होंने प्रलोभन भरे वादे किए हैं: मायावती, अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी**

मायावती ने कहा कि जो गरीब लोग हैं, जिन्हें भाजपा ने थोड़ा राशन दिया है। ये लोग अपने कंधे पर थैला लादकर घूम रहे हैं और कह रहे हैं कि जो फ्री राशन लिया, उसका कर्ज वोट देकर देना होगा। उन्होंने कहा कि ये राशन नरेंद्र मोदी ने फ्री नहीं दिया है। जो पैसा आप लोग टैक्स के रूप में देते हैं, उसी का ये राशन देते हैं। इसमें भाजपा का कोई एहसान नहीं है। आप लोगों को ये नहीं सोचना कि हमने इनका नमक खाया। इनके बहकावे में आप लोगों को कतई नहीं आना। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि जब सपा सरकार थी, तब एससी-एसटी के लिए प्रमोशन में आरक्षण को खत्म कर दिया था। हमारी पार्टी ने संसद में मुद्दा उठाया तो सपा ने विरोध किया। कांग्रेस और भाजपा ने संसद में बिल फाड़ दिया। ये बिल पास नहीं होने दिया। आरक्षण को लेकर जो बातें कर रहे हैं, ये दोनों ही विरोधी हैं।

दोनों ही आरक्षण प्राइवेट सेक्टर में नहीं ला रहे, क्योंकि इनके पूंजीवादी दोस्त हैं। मायावती ने कहा कि हम अकेले चुनाव लड़ रहे हैं। आगरा से हमने जाटव समाज की महिला को उतारा है। हाथरस से अनुसूचित समाज के साथी को मैदान में उतारा है। फतेहपुर सीकरी से ब्राह्मण समाज को टिकट दिया है। हमने टिकट बंटवारे में सब समाज का ध्यान रखा है।

### मायावती की रणनीति से बिगड़ेगा भाजपा-सपा का खेल!

बसपा भले ही उत्तरप्रदेश में अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही हो। लेकिन चुनावी रणनीति बनाने के मामले में पार्टी सुप्रीमो मायावती का कोई सानी नहीं है। कहते हैं कि दिल्ली का रास्ता उत्तरप्रदेश से होकर जाता है,लेकिन यहां मायावती ने जो चुनावी बिसात बिछाई है,इससे एनडीए के साथ ही इंडिया गठबंधन के लिए बडी मुश्किल खड़ी हो गई है। पार्टी सुप्रीमों ने एक-एक सीट पर सियासी और जातीय समीकरण को साधते हुए जो उम्मीदवार उतारे हैं, उसके चलते कई सीटों पर लडाई त्रिकोणात्मक होकर बेहत दिलचस्प हो गई है। उनकी इस चाल से भाजपा और सपा दोनों के लिए चुनौती बडी हो गई है। बसपा प्रमुख ने उत्तरप्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से 78 पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। हालांकि यह अलग बात है कि बरेली में उनके उम्मीदवार का नामांकन तकनीकी कारणों से रद्द हो गया हैं। पार्टी प्रमुख ने एक बार फिर से अपने सोशल इंजीनियरिंग के पुराने फार्मूले ब्राह्मण-मुस्लिम कार्ड को आजमाते नजर आ रही हैं। पार्टी ने 77 सीटों में तकरीबन 50 फीसदी सीटों 23 पर मुस्लिम और 15 पर ब्राह्मण उम्मीदवार उतारा है। जिससे साफ नजर आ रहा है कि उनका भरोसा ब्राह्मण और मुस्लिम उम्मीदवारों पर ज्यादा है। हालांकि उन्होंने 8 क्षत्रिय और 4 यादव समाज से भी उम्मीदवार उतारा हैं। पार्टी ने इस बार 4 महिलाओं को टिकट दिया। बतादें कि 2007 से ही मायावती का ब्राह्मण-मुस्लिम कार्ड पर जोर रहा है। जिसके चलते उन्होंने सूबे में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी। एक बार फिर से वे इसी फार्मूले पर आगे बढ रही हैं। 2027 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उनकी यह रणनीति अहम मानी जा सकती है।

## राष्ट्रपति मुर्मू पांच दिवसीय दौरे पर पहुंचीं शिमला



**शिमला,** 4 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को पांच दिवसीय दौरे पर शिमला पहुंचीं। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति चाराबरा स्थित राष्ट्रपति निवास में रहेंगी। छह मई को वह धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू 7 मई को गेयटी हेरिटेज कल्चरल कॉम्प्लेक्स में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। बाद में, वह राजभवन में राज्यपाल द्वारा आयोजित रात्रिभोज में भी शामिल होंगी।

## 13 मई के लोकसभा चुनाव में गुजरात और तेलंगाना टीमों के बीच लड़ाई : रेवंत रेड्डी

**खम्मम (तेलंगाना),** 4 मई (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को दावा किया कि देश के लोग कांग्रेस नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं । उन्होंने 13 मई के लोकसभा चुनाव को गुजरात और तेलंगाना टीमों के बीच लड़ाई करार दिया। कोठागुडेम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र में भाजपा की सरकार के रहते इस बार के लोकसभा चुनाव को अंतिम चुनाव करार दिया। विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सेमीफाइनल में बीआरएस टीम को हराया और अब 13 मई को होने वाला लोकसभा चुनाव गुजरात और तेलंगाना टीमों के बीच लड़ाई है। खम्मम में हाल ही में एक जनसभा में बीआरएस नेता के.सी. राव की भविष्यवाणी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ‘हम फाइनल में मोदी को हरा देंगे।’ के.सी. राव ने कहा था कि केंद्र में गठबंधन सरकार बनेगी और खम्मम से बीआरएस उम्मीदवार नामा नागेश्वर राव मंत्री बनेंगे। सीएम रेवंत रेड्डी ने पूछा कि के.सी. राव किस गठबंधन में शामिल होंगे। कांग्रेस द्वारा केसीआर को इंडिया गठबंधन में स्वीकार किए जाने से इनकार करते हुए सीएम रेवंत रेड्डी ने दावा किया कि बीआरएस नेता भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि बीआरएस ने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के किसान विरोधी कानूनों का समर्थन किया और नागरिकता (संशोधन) अधिनियम और तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक का भी समर्थन किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि बीआरएस और भाजपा ने



**कांग्रेस ने सेमीफाइनल में बीआरएस टीम को हराया और अब 13 मई को होने वाला लोकसभा चुनाव गुजरात और तेलंगाना टीमों के बीच लड़ाई है : ए. रेवंत रेड्डी, मुख्यमंत्री**

कांग्रेस को हराने के लिए साजिश रची है और लोगों से खम्मम और महबूबाबाद निर्वाचन क्षेत्रों से सबसे पुरानी पार्टी के उम्मीदवारों को हराने का आह्वान किया है। उन्होंने भरोसा जताया कि कांग्रेस उम्मीदवार खम्मम सीट पर देश में सबसे अधिक बहुमत से जीतेंगे। सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा कि खम्मम जिला जन आंदोलनों की भूमि है, चाहे वह किसानों के अधिकारों के लिए हो या श्रमिकों के लिए। उन्होंने याद दिलाया कि 1969 में तेलंगाना आंदोलन खम्मम जिले के पलवंचा से शुरू हुआ था। उन्होंने खम्मम के लोगों की राजनीतिक बुद्धिमत्ता की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने 2014, 2019 और 2023 में लगातार तीन चुनावों में बीआरएस को दूर रखा। सीएम रेवंत रेड्डी ने याद किया कि खम्मम जिले के लोगों ने 2014 और 2019 के चुनावों में बीआरएस को सिर्फ एक विधानसभा सीट दी थी।

## सार संक्षेप

### बिहार में 12.90 लाख रुपए के नकली नोट बरामद, 2 तस्कर गिरफ्तार

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के कोटवा थाना क्षेत्र से पुलिस ने वाहन तलाशी अभियान के दौरान 12.90 लाख रुपए के नकली (जाली) नोट जब्त किए हैं। इस मामले में पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार भी किया है, जो यूपी के रहने वाले बताये जा रहे हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कोटवा थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान राजापुर मठिया के समीप से दो मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों को 12 लाख 90 हजार भारतीय जाली नोट के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस संदर्भ में कोटवा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार लोगों की पहचान यूपी के कुशीनगर निवासी मुकेश राजभर और संतकबीर थाना क्षेत्र के जीमल अख्तर के रूप में की गयी है।

### योगानंद शास्त्री ने फिर थामा कांग्रेस का दामन, 3 बार रह चुके हैं विधायक

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और तीन बार विधायक रहे योगानंद शास्त्री ने एक बार फिर कांग्रेस का दामन थाम लिया है। उन्होंने लंबे समय तक कांग्रेस में रहने के बाद 2020 में इस्तीफा दे दिया था और 2021 में उन्होंने शरद पवार की मौजूदगी में दिल्ली में ही एनसीपी का दामन थाम लिया था। योगानंद शास्त्री दिल्ली की महरौली विधानसभा क्षेत्र से एक बार और मालवीय नगर विधानसभा से दो बार विधायक और 2008 से 2013 तक दिल्ली विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष रहे। योगानंद शास्त्री को 1993 में कांग्रेस के टिकट पर पहली बार हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद उन्हें पिछले दोनों विधानसभा चुनाव -- 2013 और 2015 में भी हार का सामना करना पड़ा। 2015 विधानसभा चुनावों में शास्त्री को आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती से हार मिली थी।

### तेलंगाना में 46 करोड़ रुपए के रिफंड धोखाधड़ी के आरोप में पांच जीएसटी अधिकारी गिरफ्तार

**हैदराबाद।** हैदराबाद पुलिस ने लगभग 46 करोड़ रुपये के जीएसटी रिफंड धोखाधड़ी के सात मामलों में पांच जीएसटी अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। खुफिया विभाग के हैदराबाद सेंट्रल क्राइम स्टेशन ने शनिवार को कहा कि उसने राज्य के अलग-अलग सर्किलों से अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। सात फर्जी इलेक्ट्रिक बाइक निर्माता कंपनियों के खिलाफ सीसीएस द्वारा दर्ज सात मामलों के संबंध में ये गिरफ्तारियां की गई हैं।

## जनता से झूठ बोलने वाले प्रधानमंत्री को इस चुनाव में बदल देना है: मुकेश सहनी

**पटना,** 4 मई (देशबन्धु)। विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी शनिवार को चुनावी दौरे के क्रम में गोपालगंज, मोतिहारी, मधेपुरा, अररिया और सुपौल पहुंचे, जहां उन्होंने आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए महागठबन्धन के प्रत्याशियों को वोट देने की अपील की। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जनता से झूठ बोलने वाले प्रधानमंत्री को इस चुनाव में बदल देना है। मुकेश सहनी ने कहा कि पिछले चुनाव में बिहार से 39 सांसद जीतकर संसद गए थे लेकिन बिहार आज भी उसी स्थिति में है जहां कल था। पांच साल में चुनाव आता है और नेताओं को हिसाब देना पड़ता है। आज स्थिति यह है कि नरेंद्र मोदी जी ने जो भी वादे किए थे, उसमे से एक भी पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आज संविधान बदलने की साजिश कर गरीबों, दलितों, एससी, एसटी के अधिकारों पर डाका डालने की कोशिश की जा रही है। मंदिर-मस्जिद, हिन्दू-मुस्लिम की बात की जा रही है। आखिर इन बातों से जनता को क्या लाभ होने वाला है। जनता द्वारा चुनी गयी सरकार को



**जनता से झूठ बोलने वाले प्रधानमंत्री को इस चुनाव में बदल देना है। पिछले चुनाव में बिहार से 39 सांसद जीतकर संसद गए थे लेकिन बिहार आज भी उसी स्थिति में है जहां कल था: मुकेश सहनी**



गिरा दिया जाता है। एमएलए, एमपी को खरीद लिया जाता है। यह जनता का अपमान नहीं तो और क्या है? उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता मालिक है, लेकिन आज वे खुद मालिक समझ रहे हैं। सहनी ने कहा कि बिहार में निषादों के आरक्षण की मांग को लेकर वर्षों से हमलोग सड़कों पर हैं, लेकिन हम निषादों की सुनने वाला कोई नहीं। जरूरत है अपने संकल्पों को वोट के जरिये बताने का।

## पूर्णिया में राजद ने जदयू को वोट ट्रांसफर करवाया, पप्पू यादव का बड़ा आरोप

पटना, 4 मई (एजेंसियां)। बिहार में दूसरे चरण के चुनाव में भले ही पूर्णिया में मतदान हो गया हो, लेकिन वहां से निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव की राजद के प्रति नाराजगी कम नहीं हो रही है। उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्णिया में राजद ने जदयू को वोट ट्रांसफर करवाया। पूर्णिया में राजद के लोगों ने इंडिया गठबंधन को मजबूत करने की कोशिश नहीं की। राजद नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने आगे कहा कि कटिहार में भी आप औपचारिकता निभाने गए। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि जब आप पांच-छह बार अन्य जगहों पर जा सकते हैं तो कटिहार में कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर के लिए तीन बार क्यों नहीं आए? उन्होंने आगे कहा कि अभी भी समय है। यदि कांग्रेस को सामने रखकर चुनाव लड़ा जाता है तो निश्चित तौर पर हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## क्या रद्द होगा रोहिणी आचार्य का नामांकन

**पटना,** 4 मई (देशबन्धु)। बिहार में चुनाव चाहे लोकसभा का हो या फिर विधानसभा का, सारण हमेशा से सुर्खियों में रहा है। इस बार भी सारण संसदीय सीट बिहार की सबसे हॉट सीट में से एक बन गई है। इस सीट से महागठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य इस बार चुनाव मैदान में उतरीं हैं हालांकि उनके नामांकन पर अब संकट के बादल घिर आए हैं। बीजेपी ने रोहिणी पर शपथ पत्र में गलत जानकारी देने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत की है और रोहिणी की नागरिकता पर भी सवाल उठाए हैं।

भारतीय जनता पार्टी के लीगल सेल के संयोजक एसडी संजय ने सारण लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचित पदाधिकारी शंभू शरण पांडेय को आवेदन देकर रोहिणी आचार्य के नामांकन में दिए गए शपथ पत्र में कई बिंदुओं पर आपत्ति जताई है। शिकायतकर्ता एसडी संजय ने कहा है

■ **बीजेपी ने शपथ पत्र में गलत जानकारी देने का आरोप लगाया, नागरिकता पर भी उठाए सवाल**

कि रोहिणी आचार्य ने अपने नामांकन पत्र में दिए गए शपथ पत्र में कई तथ्यों को छिपाया है। उन्होंने शपथ पत्र में आय का सही ब्योरा नहीं दिया है। रोहिणी के नामांकन पत्र और शपथ पत्र में कई खामियां हैं, जिसको लेकर विरोध दर्ज कराया है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि सारण संसदीय सीट से महागठबंधन की प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने जो अपनी आय विवरण दिया है, अपने शपथ पत्र में उन्होंने लिखा है कि एक साल में उनकी आय किसी साल में 4 हजार है तो किसी साल में 3 लाख रुपये हैं। किसी साल में ढाई लाख रुपये हैं। 150 लाख रुपया है जबकि कैश हाथ में 20 लाख रुपये दिखाया गया है और उनके पति के पास 10 लाख रुपए हैं। उन्होंने शपथ पत्र में दो करोड़ पचपन लाख 925 रुपए, अपने पति समरेश सिंह का 6 करोड़ 92 लाख 40 हजार दर्ज कराया है जबकि आय का कोई सोर्स नहीं बताया है कि उनके पास तीन करोड़ रुपए कहां से आए? इसका कोई विवरण शपथ पत्र में नहीं दिया गया है। उन्होंने मुंबई में अपने पति के साथ 25 करोड़ का फ्लैट खरीदा है, इसके बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी गई है। रोहिणी सिंगापुर में रहती हैं लेकिन पता कौटिल्य नगर पटना लिखा गया है। उन्होंने यह दर्ज नहीं किया है कि वे भारत की नागरिक हैं या सिंगापुर की नागरिक हैं।

नीतीश ने परिवारवाद पर राजद और कांग्रेस को घेरा, कहा

## इनके लिए खुद का परिवार ही सब कुछ

**मुंगेर,** 4 मई (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को परिवारवाद पर एक बार फिर कांग्रेस और राजद को घेरा। उन्होंने कहा कि इनके लिए खुद का परिवार ही सब कुछ है, लेकिन हमारे लिए पूरा बिहार परिवार है। मुंगेर में जदयू प्रत्याशी ललन सिंह के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद पर परिवारवाद को लेकर जोरदार कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि जब अपने हटे तो बीबी को बनवा दिए, देखिए नौ बच्चे पैदा कर दिए। अब पत्नी के बाद बेटा और फिर बेटी को बना रहे हैं। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि हम लोग कोई बेटा बेटी को बढ़ाए हैं क्या? हमलोग तो पूरे बिहार को पूरा परिवार मानते हैं। उन्होंने कांग्रेस को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस में क्या हुआ। आजादी की लड़ाई लड़ी, शुरू में जो रहे,



**इनके लिए खुद का परिवार ही सब कुछ है, लालू प्रसाद जब अपने हटे तो बीबी को बनवा दिए, फिर बेटे को: नीतीश कुमार**

बाद में एक एक कर के परिवार के ही लोग आ रहे हैं। नीतीश कुमार ने राजद के 15 सालों के शासनकाल की याद दिलाते हुए कहा कि 2005 के पहले बिहार का क्या हाल था, यह तो आप सब को याद होगा। पहले महिला, बेटियां शाम के बाद घर से निकलती थी क्या? जब हम लोगों को काम करने का मौका मिला तो बिहार के विकास के लिए काम करना शुरू कर दिया। अब स्थितियां बदली हैं। उन्होंने कई विकास कार्यक्रमों का भी उल्लेख किया।

### लालटेन बुझ चुका: उमेश कुशवाहा

पटना। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने आरजेडी पर निशाना साधते हुए एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि लालटेन बुझ चुका है और बिजली आ चुकी है, इन लोगों का सफाया हो चुका है। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को निशाने पर लेते हुए कुशवाहा ने कहा कि वह हिंदू और मुस्लिम की बात करते हैं। उनको बताना चाहिए कि नीतीश कुमार ने क्या नहीं किया, नीतीश कुमार ने विकास किया। हम लोग विकास और सुशासन की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव रोजगार देने का क्रेडिट लेना बंद करें। वह नीतीश कुमार का क्रेडिट है। तेजस्वी को बताना चाहिए कि उनके माता-पिता के शासनकाल में क्या हुआ था, लोग अब भ्रमित होने वाले नहीं हैं।

## जेएमएम ने खूंटी लोकसभा सीट पर बागी होकर चुनाव लड़ रहे बसंत लोंगा को पार्टी से निकाला

**रांची,** 4 मई (एजेंसियां)। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने खूंटी संसदीय सीट पर बागी प्रत्याशी पार्टी के पूर्व विधायक बसंत लोंगा को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इस संबंध में पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय के हस्ताक्षर से शनिवार को पत्र जारी किया गया है। पार्टी की ओर से जारी पत्र में बताया गया है कि बसंत लोंगा को पार्टी में सभी पदों से मुक्त करते हुए प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित किया गया है। बसंत लोंगा वर्ष 1995 से 2000 तक सिमडेगा जिले की कोलेबिरा विधानसभा सीट से झामुमो के विधायक रहे हैं। उस वक्त वह सबसे कम उम्र के विधायक चुने जाने के कारण चर्चा में आए थे। वह वर्ष 2002 से लेकर 2014 तक पार्टी के सिमडेगा जिला अध्यक्ष रहे। फिलहाल वह पार्टी की केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्य थे। इंडिया गठबंधन के तहत खूंटी सीट पर कांग्रेस का प्रत्याशी उतारा गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पार्टी और गठबंधन के फैसले के विपरीत लोंगा के चुनाव मैदान में उतरने को अनुशासनहीनता मानते हुए उनके खिलाफ यह कार्रवाई की है। उधर, लोहरदगा संसदीय सीट पर झामुमो के विधायक चमरा लिंडा भी बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरे हैं।

## पीएम मोदी पर हिंदुओं में डर पैदा कर रहे : फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर,** 4 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में बने रहने के लिए हिंदुओं में डर पैदा कर रहे हैं। अपनी पार्टी के उम्मीदवार सैयद रूहुल्ला मेहदी के समर्थन में श्रीनगर के पुराने शहर खानियार इलाके में एक रैली में अब्दुल्ला ने लोगों से ‘फूट डालो और राज करो’ की राजनीति से दूर रहने को कहा। उन्होंने कहा, ‘मोदी हिंदुओं से कह रहे हैं कि आपका मंगलसूत्र छीन लिया जाएगा और मुसलमानों को पैसा देने के लिए बेच दिया जाएगा। क्या हम इतने बुरे लोग हैं कि अपनी मां-बहनों से मंगलसूत्र छीन लेंगे’ अब्दुल्ला ने कहा, ‘पीएम मोदी ने उनसे कहा कि यदि चुनाव के बाद इंडिया ब्लॉक सत्ता में आता है, तो उनकी बचत पर कर लगाया जाएगा और यदि उनके पास दो घर हैं तो एक छीन लिया जाएगा और मुसलमानों को दे दिया जाएगा। वह आम लोगों के मुद्दों के बारे में बात नहीं करते, जिन्होंने उन्हें 2014 में प्रधानमंत्री बनाया।’



नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष ने सरकार पर सत्ता में रहने और आम मतदाता के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मोदी के 10 साल के शासन के दौरान रसोई गैस, डीजल, खाद्य तेल और सब्जियों की कीमतें आसमान छू रही हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में पुलिस, नागरिक प्रशासन और नौकरशाही के सभी वरिष्ठ अधिकारी बाहर से हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता को वोट के माध्यम से यह साबित करना होगा कि वह 5 अगस्त 2019 को लिए गए फैसले को स्वीकार नहीं करता है।

**चुनाव** *नारों से हारती बाजी को जीत और जीतती हुई बाजी को हार में बदलकर सरकारें बनती और बिगड़ती रही*

## चुनावी नारों की सरकार बनाने और बिगाड़ने में अहम भूमिका रही

**प्रयागराज, 4 मई (एजेंसियां) दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हिन्दुस्तान में चुनाव के दौरान संवेदनशील ‘चुनावी नारों’ की बदौलत मतदाताओं को अपने पक्ष में कर हारती बाजी को जीत और जीतती हुई बाजी को हार में बदलकर सरकारें बनती और बिगड़ती देखी गयी है। भारतीय राजनीति में चुनावी नारों की अहम भूमिका रही है। नारे, मतदाताओं को आकर्षित कर अपने पक्ष में मतदान करने की संवेदनशील अपील है, जो अनवरत कायम है।**

देश में नारों की सहायता से कई बार सरकारें बनती और बिगड़ती देखी गयी है। नारे एक व्यवस्था या व्यक्ति के बारे में कुछ भी बताने की क्षमता रखते हैं।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता के के श्रीवास्तव ने बताया कि तमाम चुनाव ऐसे रहे हैं जो नारों पर ही टिके थे। उन्होंने बताया कि एक दोहा है, देखन में छोटन लगे, घाव करें गंभीर।, चुनावी नारे इतने असरदार होते हैं कि हवा के रूख को बदलने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने बताया कि ‘जब तक



■ **चुनावी नारे इतने असरदार होते हैं कि हवा के रूख को बदलने की क्षमता रखते हैं: श्रीवास्तव**

सूरज चांद रहेगा, इंदिरा तेरा नाम रहेगा, राजा नहीं फकीर है, देश की तकदीर है, ‘नसबंदी के तीन दलाल ‘इंदिरा, संजय, बंसीलाल’’, द्वार खड़ी औरत चिल्लाए, मेरा मरद गया नसबंदी में, ‘मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है का काउंटर था ‘छोरा गंगा किनारे वाला’ जैसे नारों में दिग्गजों को धूल चटाया तो सिर पर ताज भी पहनाया। उन्होंने बताया कि 1952, 1957 और 1962 में कांग्रेस का ही वर्चस्व था। उस समय तक जो भी चुनाव हुए उसमें कांग्रेस के पास ‘दो बैलों की जोड़ी’ जबकि जनसंघ का चुनाव निशान ‘दीपक’ और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी का चुनाव निशान झोपडी थी। इसी को लेकर तमाम नारे बने जो बहुत कारगर नहीं थे क्योंकि उस समय मे पंडित जवाहर लाल नेहरू का वजूद कायम था।

नारों के लिहाज से इंदिरा गांधी का समय बहुत दिलचस्प था। उनके सक्रिय होने के दौरान कई नारे खूब चर्चित हुए। शुरुआत में ये नारा बहुत गूंजता था- ‘जनसंघ को वोट दो, बीड़ी पीना छोड़ दो, बीड़ी में तम्बाकू है, कांग्रेस पार्टी डाकू है’. ये नारा अलग-अलग शब्दों के प्रयोग के साथ लगाया जाता था। इसके अलावा ‘इंडिया इज इंदिरा एंड इंदिरा इज इंडिया’ नारा भी खूब चला था। इमरजेंसी के दौरान कई नारे गूंजे थे। कांग्रेस का सबसे चर्चित नारा रहा- ‘कांग्रेस लाओ, गरीबी हटाओ’. ये नारा हर चुनाव में लगता रहा और फिर विपक्ष ने इसकी काट में ‘इंदिरा हटाओ, देश बचाओ’, नारा दिया। नसबंदी को लेकर भी कांग्रेस के खिलाफ खूब नारे चमके जिससे कांग्रेस मुंह की खायी। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 1969 में कांग्रेस अध्यक्ष सिद्दवनहल्ली निजलिंगप्पा को श्रीमती गांधी ने पार्टी से निष्कासित कर दिया।

उल्टा पुल्टा

पत्रकार : 80 साल की उम्र में भी आप बीवी को डार्लिंग कहते हैं, इस प्यार का राज क्या है?
बूढ़ा व्यक्ति : बेटे 20 साल पहले इनका नाम भूल गया था, पूछने की हिम्मत नहीं हुई, इसलिए डार्लिंग कहता हूं।

# महाबल मिश्रा, जयप्रकाश अग्रवाल, कुलदीप कुमार व सोमनाथ भारती ने किए नामांकन पत्र दाखिल

- नामांकन से पहले सभी उम्मीदवारों ने रोड शो कर किया शक्ति प्रदर्शन
- दिल्ली की सभी सीटों पर छठे चरण में 25 मई को होगा मतदान





**नई दिल्ली,** 4 मई (देशबन्धु)। दिल्ली में लोकसभा की चार सीटों के लिए शनिवार को आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन के आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इनमें पूर्वी दिल्ली से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार, नई दिल्ली से सोमनाथ भारती, पश्चिमी दिल्ली से कांग्रेस के महाबल मिश्रा और चांदनी चौक संसदीय सीट से जय प्रकाश अग्रवाल ने पर्चा भरा।

नामांकन से पहले सभी उम्मीदवारों ने अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में समर्थकों के साथ रोड शो कर शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत और कांग्रेस के दिल्ली प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद पश्चिमी दिल्ली से आम आदमी पार्टी और आई.एन.डी.आई.ए. के उम्मीदवार महाबल मिश्रा ने पत्रकारों से कहा कि दिल्ली का एक-एक नागरिक अरविंद केजरीवाल है। इस बार लोगों ने आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन के उम्मीदवारों को विजयी बनाने का संकल्प



लिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता में अरविंद केजरीवाल की साजिशन गिरफ्तारी के खिलाफ रोष है, क्योंकि केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को तमाम सुविधाएं दीं। केंद्र सरकार ने उन्हें जेल में बंद कर दिया।

कुलदीप कुमार ने कहा कि दिल्ली की जनता शहीद-ए-आजम की पगड़ी बांधकर तानाशाही के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने निकली है। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहे कितनी भी ताकत लगा ले लेकिन पूर्वी दिल्ली की जनता मनीष सिसोदिया और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ है और उनकी साजिशन गिरफ्तारी का जवाब अपने वोट से देगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली की सात लोकसभा सीटों के लिए आई.एन.डी.आई.ए. समझौते के तहत आम आदमी पार्टी ने चार सीटों पर जबकि कांग्रेस ने तीन सीटों पर अपने संयुक्त उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है।

लोस चुनाव के लिए दिल्ली में 29 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो 6 मई तक चलेगी। दिल्ली की सभी सात सीटों पर छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा।

# इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर अग्निवीर योजना रद्द की जाएगी : राहुल गांधी

■ इकरार खान

**नई दिल्ली,** 4 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर अग्निवीर योजना रद्द की जाएगी।

दिल्ली में न्याय मंच कार्यक्रम में अग्निवीर योजना को लेकर युवाओं से बातचीत करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अग्निवीर योजना ने युवाओं का सेना में जाने का सपना तोड़ा है। इस योजना ने सेना का मनोबल गिराया है और यह सेना को कमजोर कर रही है। अग्निवीर योजना सेना में ठेकेदारी प्रथा है। कांग्रेस नहीं चाहती कि सेना में ठेकेदारी प्रथा हो। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया है कि केंद्र में सरकार बनने पर यह योजना रद्द की जाएगी। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना सेना के लोगों ने नहीं बनाई है। अग्निवीर योजना का फैसला प्रधानमंत्री कार्यालय में लिया गया है। इस योजना को लेकर सेना और युवाओं से नहीं पूछा गया। अग्निवीरों का मतलब है कि उन्हें पेंशन, शहीद का दर्जा और कैंटीन की सुविधा नहीं मिलेगी। सेना में चयनित हुए डेढ़ लाख युवाओं की नियुक्ति ना होने का मुद्दा उठाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि युवाओं ने सेना में जाने का एक सपना देखा था, वो सपना अभी पूरा नहीं हुआ है। इसलिए जिन डेढ़ लाख युवाओं ने सेना की भर्ती प्रक्रिया पूरी की थी, उन्हें न्याय मिलना ही चाहिए। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर इन युवाओं के लिए रास्ता निकाला जाएगा।



अग्निवीर योजना सेना में ठेकेदारी प्रथा है, यह देश की सेना को कर रही कमजोर : राहुल गांधी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि आज संविधान पर आक्रमण हो रहा है। हिंदुस्तान में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और सामान्य वर्ग के गरीबों की कहीं भागीदारी नहीं है। आम जनता और अरबपति एक समान जीएसटी देते हैं। मगर 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपयों का कर्ज माफ हुआ। अगर अरबपतियों का कर्ज माफ हो सकता है तो देश के किसान, मजदूर, युवा का कर्ज क्यों नहीं माफ हो रहा है। बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने नोटबंदी और जीएसटी लागू कर छोटे व्यवसायों को खत्म कर दिया, इससे रोजगार मिलने बंद हो गए।

## सार संक्षेप

### दिल्ली पुलिस व एनएसजी की स्कूलों में मॉक ड्रिल जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में स्कूलों के अंदर बम की धमकी मिलने के बाद से पुलिस और एनएसजी की टीम का लगातार मॉक ड्रिल और सर्च अभियान जारी है। दिल्ली पुलिस, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) टीम के साथ मिलकर अलग-अलग स्कूलों में मॉक ड्रिल की जा रही है, जो शनिवार को भी जारी रही। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरके पुरम स्थित डीपीएस स्कूल में मॉक ड्रिल की गई और यह आगे भी जारी रहेगी। टीम ने कश्मीरी गेट और नई संसद भवन सहित राष्ट्रीय राजधानी में कई स्थानों पर शुक्रवार को भी इसे जारी रखा था। ज्ञात हो कि 1 मई (बुधवार) को सुबह 5:47 बजे से दोपहर 2:13 बजे तक आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 पर विभिन्न स्कूलों से कुल 125 बम धमकी कॉल पुलिस को मिली थीं। जिसके बाद से पुलिस अलर्ट मोड पर है। मेट्रो स्टेशनों, स्कूलों, मंदिरों और सरकारी भवनों जैसे विभिन्न स्थलों पर मॉक ड्रिल का अभ्यास किया जा रहा है। बीते गुरुवार को यह मामला दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट को सौंप दिया गया था। गौरतलब है कि कई अभिभावकों ने गुरुवार और शुक्रवार को अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजा था। कई स्कूलों में अभिभावक अपने बच्चों को छोड़ने के लिए खुद पहुंचे। झूठी अफवाह के कारण कोई भी स्कूल बंद नहीं किया गया था।

### भारतीय सम्पूर्ण क्रांतिकारी पार्टी ने दिल्ली की चार सीटों पर उतारे प्रत्याशी

**नई दिल्ली।** भारतीय सम्पूर्ण क्रांतिकारी पार्टी ने दिल्ली की चार लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं और पार्टी ने इस केन्द्र शासित क्षेत्र की सभी सातों सीटों पर उम्मीदवार उतारने की तैयारी की है। पार्टी के अध्यक्ष ठाकुर जोगिन्दर सिंह भदौरिया ने शनिवार को यहां बताया कि पार्टी की ओर से दिल्ली की उत्तर-पश्चिम सीट से अभिलाष सिंह, चांदनी चौक सीट से शिवनन्दन सिंह, नयी दिल्ली सीट से पृथ्वीनाथ सिंह और दक्षिण दिल्ली सीट से रिकी (रिंकू) सन्याल ने अपने नामांकनपत्र दाखिल कर दिए गए हैं। भदौरिया ने बताया कि दिल्ली की तीन अन्य सीटों के लिये पार्टी के उम्मीदवार जल्द ही अपने नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी ने देश भर में 60 सीटों के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। अन्य प्रत्याशियों के नामों का ऐलान जल्द कर दिया जाएगा।

### नागलोई में उदित राज ने जनसभाओं को किया संबोधित



नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से डॉ. उदित राज ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल कर दिया है। राजधानी दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर 25 मई को मतदान होगा। फिलहाल दिल्ली की इन सातों सीटों पर बीजेपी का कब्जा है, लेकिन ये चुनाव बेहद रोमांचक होने वाला है। इस बार कांग्रेस और आम आदमी पार्टी मिलकर बीजेपी का मुकाबला करेंगे। इस लोकसभा चुनाव में करीब 25 लाख वोटर्स वाली उत्तर पश्चिम सीट काफी चर्चा में है। पिछले दो बार से यह सीट बीजेपी के खाते में ही गई है। इस बार इस सीट पर उदित राज को उतारा गया है जिनका मुकाबला बीजेपी के योगेंद्र चंदोलिया से है। जहां अभी तक डॉ. उदित राज का पलड़ा भारी नज़र आ रहा है। वह न केवल लोगों के बीच जाकर सभी से मिल रहे हैं, बल्कि सामाजिक कार्यों के जरिए भी क्षेत्र के लोगों में दबदबा बना रहे हैं। शनिवार को उन्होंने जहां नांगलोई की अमर कॉलोनी में जनसभा को संबोधित किया तो वहीं प्रचार के दौरान उनकी नज़र सर छोटू राम की प्रतिमा पर पड़ी तो वह सीधा उन्हें नमन करने पहुंच गए। और उपस्थित जाट भाईयों से वहां की समस्याओं पर बात की। इस दौरान पूर्व पार्षद अनिल लाकड़ा, डॉ. नरेश कुमार, सुरेश कौशिक, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सत्यव्रत पुनिया आदि गणमान्य लोग उनके साथ रहे। वहीं शुक्रवार को इंडिया गठबंधन की एकजुटता देखने को मिली।

# दिल्ली कांग्रेस के नेता अरविंदर सिंह लवली सहित कई नेता भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली,** 4 मई (देशबन्धु)। पूर्व दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष सरदार अरविंदर सिंह लवली, पूर्व मंत्री राज कुमार चौहान, पूर्व विधायक नसीब सिंह एवं नीरज बसोया और पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित मलिक ने आज भाजपा की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकासवादी राजनीतिक कार्य में विश्वास जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

केन्द्रीय मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, भाजपा के मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी और सह प्रमुख संजय मयूख की उपस्थिति में पांचों दिल्ली कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हुए।

सरदार हरदीप सिंह पुरी, विनोद तावड़े और वीरेंद्र सचदेवा ने कांग्रेस नेताओं का स्वागत भाजपा के रंगीन पटके पहना कर, फूलों के गुच्छे प्रस्तुत किए और उन्हें भाजपा की सदस्यता की पर्ची जारी की। हरदीप सिंह पुरी ने सभी को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने की बधाई देते हुए कहा कि आज भाजपा में शामिल होने वाले गणमान्यों की लोकप्रियता किसी से छिपी नहीं है और उनके आने से भाजपा को दिल्ली में और मजबूती मिलेगी, इसमें कोई दो राय नहीं है। उन्होंने कहा कि आज जिस मजबूती के साथ इन्होने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है, हमें उम्मीद है कि आने वाले चुनाव में हमें भी आपसे काफी मजबूती मिलेगी।




राहुल गांधी की जुबान सिर्फ वोटों के लिए चलती है, लोग उनकी बातों पर विश्वास नहीं कर सकते हैं : विनोद तावड़े

पीएम मोदी ने हमें उस वक्त मौका दिया है, जब हम सभी राजनीतिक रूप से खोए हुए थे : अरविंदर सिंह लवली

हरदीप सिंह पूरी ने कहा कि भाजपा और बाकी पार्टियों में काफी अंतर है। एक पार्टी जो रामलीला मैदान से शुरु हुई और गाड़ी बंगला लेने से मना करती रही उसके नेता रामलीला मैदान से शीशमहल में पहुंच गए। उन्होंने कहा कि आज हमारे सामने दिल्ली में कई समस्याएं हैं और आम आदमी पार्टी ने अपने कार्यकाल में कोई विकास कार्य नहीं किया जिससे दिल्ली की हालात और बदतर हो गई है।

विनोद तावड़े ने सभी का पार्टी में स्वागत किया और कहा कि भाजपा का नारा है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जबकि कांग्रेस का नारा है बेटा बचाओ बेटा बढ़ाओ और इसका उदाहरण हमने रायबरेली में देखा। जब रायबरेली से प्रियंका गांधी के बारे में कल तक नमांकन करने की बात थी, उनके पोस्टर भी लगाए गए लेकिन अचानक राहुल गांधी ने आकर आज अपना नामांकन किया है। वायनाड को अपना घर बताने वाले राहुल गांधी अपनी ही बातों से मुकर गए। मतलब साफ है कि उनकी जुबान सिर्फ वोटों के लिए चलती है। देशवासी उनकी बातों पर विश्वास नहीं कर सकते हैं। यह उन्होंने खुद ही बता दिया।

सचदेवा ने कहा कि मैंने शुरु से कहा है कि जो व्यक्ति दिल्ली से प्यार करता है वह कभी उन लोगों के साथ खड़ा नहीं हो सकता जिन्होंने दिल्ली को लूटने का काम किया है। जिस दिन यह तय हुआ था कि शराब घोटाला की परते अब खुलने लगी है तो उस दिन नसीब सिंह और नीरज बसोया ने ट्वीट कर जांच का स्वागत किया था।

सरदार अरविन्दर सिंह लवली ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें उस वक्त मौका दिया है जब हम सभी राजनीतिक रूप से खोए हुए थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में और दिल्ली के भ्रष्टाचार सरकार के खिलाफ लड़ाई में हम लगातार अपना योगदान देंगे।

# एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर में शिकायत निवारण सुविधा शिविर आयोजित

**नई दिल्ली,** 4 मई (देशबन्धु)। नगरपालिका परिषद ने अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं को सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, जयसिंह रोड, नई दिल्ली में एक सुविधा शिविर का आयोजन किया। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के संबंधित अधिकारियों ने शिविर में जनता से 98 शिकायतें प्राप्त की। निवासियों की अधिकांश शिकायतें कार्मिक, सिविल इंजीनियरिंग, बागवानी, सार्वजनिक स्वास्थ्य, प्रवर्तन, वाणिज्यिक, कर और संपदा विभागों से संबंधित हैं। इसके अलावा सैकड़ों स्थानीय निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं ने नागरिक सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए सुविधा शिविर का दौरा किया।

शिविर में जनता से 98 शिकायतें प्राप्त की

पालिका परिषद द्वारा शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए विभिन्न विभागों से संबंधित अधिकारियों ने जनता से उनकी जन शिकायतों पर आमने-सामने चर्चा की और उनका समाधान किया गया । नीति स्तर के निर्णयों की आवश्यकता वाली शिकायतों को उनके निवारण की संभावित समय-सीमा के साथ समझाया गया। पालिका परिषद के 30 विभागों के सौ से अधिक अधिकारी, कर्मचारी शिकायतों के मौके पर निवारण के लिए शिविर में मौजूद रहे।

# जयप्रकाश अग्रवाल ने चुनाव पूर्व ही हार स्वीकार कर ली : भाजपा

## नामांकन के दौरान रैली नहीं निकालने पर भाजपा ने साधा कांग्रेस प्रत्याशी पर निशाना



**नई दिल्ली,** 4 मई (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने शनिवार को कहा कि ऐसा प्रतित हो रहा है की चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी जयप्रकाश अग्रवाल ने चुनाव पूर्व ही अपनी हार स्वीकार कर ली है। इसीलिए उन्होंने अपना नामांकन भरने के दिन संसदीय क्षेत्र से नामांकन के लिए स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ जुलूस में जाना तो दूर आज नामांकन पूर्व संसदीय क्षेत्र में आना भी जरूरी नही समझा। परामरागत रूप से देश ही नही दुनिया भर में चुनाव प्रत्याशी अपने नामांकन के दिन चुनाव क्षेत्र में एकत्र हो कर अपने समर्थकों की ताकत दिखा कर नामांकन करने जाते हैं पर आज अपना दसवां चुनाव लड़ रहे जयप्रकाश अग्रवाल ने चुनाव में निश्चित हार को भांपते हुऐ नामांकन यात्रा निकालना तो दूर नामांकन की सुबह अपने चुनाव क्षेत्र के किस मंदिर मस्जिद में आना भी जरूरी नही समझा। भाजपा प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल की तरह जयप्रकाश अग्रवाल की भी पुरानी खानदानी हवेली पुरानी दिल्ली में है पर आज अग्रवाल ने वहां से चुनाव यात्रा शुरू करना भी जरूरी नही समझा। क्योंकि कांग्रेस के पास कार्यकर्ता नही हैं और क्षेत्र के दस के दस आम आदमी पार्टी विधायक केवल दिखावे के लिए साथ हैं। ना आप विधायक जयप्रकाश अग्रवाल को जन समर्थन देने को तैयार हैं ना ही आर्थिक सहयोग। इसी के चलते जयप्रकाश अग्रवाल आज दिल्ली के 1952 से 2024 चुनाव इतिहास के पहले ऐसे प्रत्याशी बन गए जिनकी नामांकन यात्रा नई दिल्ली से शुरू हुई।

# हाईकोर्ट ने दी विजय दर्डा को पासपोर्ट रिन्यू कराने की इजाजत

**नई दिल्ली,** 4 मई (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ कोयला ब्लॉक आवंटन से जुड़े मामले में दोषी ठहराए गए पूर्व राज्यसभा सांसद विजय दर्डा के पासपोर्ट को तीन साल के लिए रिन्यू कराने की अनुमति दी है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की बेंच ने यह आदेश दिया है। यह आदेश अदालत की मंजूरी के बिना देश नहीं छोड़ेंगे की शर्त पर दिया गया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने सितंबर 2023 में दर्डा की चार साल की सजा को निलंबित कर दिया था। उन्हें 26 जुलाई 2023 को मामले में अन्य लोगों के साथ चार साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।

दर्डा ने अपनी लगातार अंतरराष्ट्रीय व्यस्तताओं का हवाला देते हुए दस साल के रिन्यूअल की मांग की थी। इससे पहले एक विशेष अदालत ने उनके बेटे देवेंद्र को पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात और स्वीडन की यात्रा करने की इजाजत दी थी।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री को नैतिक आधार पर माफी मांगनी चाहिए : सरना



**नई दिल्ली,** 4 मई (देशबन्धु)। हरियाणा के नारायणगढ़ स्थित गुरुद्वारा श्री रातगढ़ साहिब में 29 अप्रैल को चल रहे गुरमति समारोह के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी के आगमन से पूर्व जिस प्रकार श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की तलाशी ली गई उसने दुनिया भर के सिखों के दिलों को गहरी ठेस पहुंचाई है यह कहना है शिरोमणि अकाली दल की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना का।

सरना ने कहा कि यह हम सभी के लिए सोचने और विचार करने का समय है कि जो अब तक कभी नहीं हुआ वह भारत में भी होने लगा है। प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और अन्य महत्वपूर्ण पदों पर बैठे लोग भी गुरुद्वारों में नतमस्तक होने के लिए आते रहे हैं। मगर सुरक्षा के नाम पर ऐसा घिनौना कृत्य आज तक कभी नहीं हुआ। श्री अकाल तख्त साहिब को इस मामले का संज्ञान लेते हुए कार्यक्रम के प्रबंधकों को अकाल तख्त साहिब तलब कर कड़ी से कड़ी सज़ा दी जानी चाहिए जिन्होंने ऐसा होने दिया क्योंकि हमारे लिए गुरु ग्रंथ साहिब का आदर सर्वोपरि है ना कि कोई मंत्री या नेता।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को इस घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए सिख समुदाय से माफी मांगनी चाहिए, अगर वह माफी नहीं मांगते हैं तो सिख समुदाय को उनका सामाजिक बहिष्कार करना चाहिए।

सरना ने सवाल करते हुए पूछा कि हरियाणा कमेटी के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह असंध और बलजीत सिंह दादूवाल कहां है? कुछ दिन पूर्व बलजीत दादूवाल गुरुद्वारा बंगला साहिब जैसे पवित्र स्थल पर बैठकर भाजपा का समर्थन कर रहे थे, आज इस बेअदबी की घटना के बावजूद अपनी जुबान पर ताला लगाकर क्यों बैठे हैं। दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी जो भाजपा के चरणों में नतमस्तक है क्या वह अपना मुंह खोलेगी या सिर्फ बीजेपी की नौकरी तक ही सीमित है।

# रामायण कालीन स्थलों के दर्शन करने श्रीलंका जाएगा 108 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली,** 4 मई (देशबन्धु)। पिछले आठ वर्षों की भांति इस वर्ष भी रामायण कालीन स्थलों के दर्शन करने के लिए भारत से 108 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल श्रीलंका जाएगा। अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन के अध्यक्ष और दिल्ली भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. वेद टंडन ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रेस कॉफ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि अजय भाई के सानिध्य में 26 मई से 1 जून 2024 के बीच श्रीलंका यात्रा का आयोजन किया गया है। इस यात्रा में प्रतिनिधिमंडल रामायण कालिन स्थलों के दर्शन करने के साथ-साथ अशोक वाटिका और अन्य स्थलों का अवलोकन करेगा।



26 मई से 01 जून 2024 के बीच किया जाएगा आयोजन

इस अवसर पर भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, राष्ट्र मंदिर, विश्व रामायण आश्रम के संस्थापक अजय भाई प्रदेश अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन के कार्यकारी चेयरमैन शक्ति बक्शी आदि सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर अजय भाई ने बताया कि आज भी श्रीलंका में रामायण कालीन ऐतिहासिक स्थान हैं जिनमें प्रमुख है विभीषण टेंपल, कलानिया जहां विभीषण का राज्याभिषेक हुआ था, सीता जी द्वारा स्थापित विश्व का एकमात्र मुनेश्वर शिवलिंगम, राम वोडा मंदिर जहां पर हनुमान जी का श्रीलंका में अवतरण हुआ था। यह यात्रा का प्रमुख केंद्रीय दर्शनीय स्थान है। वहीं भाजपा दिल्ली अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि वास्तव में श्रीलंका यात्रा का यह कार्य भारत की संस्कृति को विश्व भर में जागृत करने का कार्य है और इस यात्रा के लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी।

यात्रा प्रमुख संजय राणा ने बताया किसी यात्रा में भारत के अनेक शोधार्थी तथा गणमान्य व्यक्ति भाग ले रहे हैं यात्रा 26 मई 2024 से प्रारंभ होकर 1 जून 2024 को विश्राम होगी जिसके अंदर श्रीलंका में विभिन्न स्थानों पर विभिन्न मंदिरों का दर्शन किया ।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
आज़ादी का अमृत महोत्सव
पत्र सं. 6-SEFile-195874RTTender दिनांक 04.05.2024
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना | 6-SEFile-195874RTTender |
| 2 | कार्य का नाम और कार्य स्थान | "कार्य के दायरे के अनुसार आरसीएनके/एसएनपी की दुकानों में रोशनी में सुधार का प्रावधान" |
| 3 | अनुमानित लागत | रुपये 3428575.30/- जीएसटी @ 18% सहित |
| 4 | बयाना राशि | रु. 68600.00/- |
| 5 | निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| 6 | कार्य अवधि | अवधि कार्य आरंभ होने से चार महीने |
| 7 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 27.05.2024 खुलने का समय 11:00 बजे |
| 8 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |
| 9 | यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1357/24

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

जिस स्थान पर सड़क धंसी है। ऐसा लग रहा है कि कई दिनों से यहां पाइप लीकेज था। जिससे पानी का रिसाव हो रहा था। जमीन कटान होने की वजह से सड़क धंस गई। और मिट्टी पाइप लाइन पर गिरी। जिससे दबाव बढ़ा और पाइप लाइन फट गई। यहां गड्ढ़े में पानी भर गया है। लाइन को बंद करा दिया गया है। देर रात तक मरम्मत का काम पूरा कर लिया जाएगा। वहीं सिविल विभाग सड़क बनाने का काम पूरा करेगा।

**आरपी सिंह, प्राधिकरण महाप्रबंधक, जल खंड**

## सॉफ्ट की सफाई करने उतरे जीजा-साले की मौत

### जहरीली गैसे की चपेट में आने से दम घुटा, दीवार तोड़कर निकाला गया बाहर

**नोएडा,** 4 मई (देशबन्धु)। कोतवाली सेक्टर 20 क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-26 में देर रात सफाई करते वक्त दो युवकों की मौत हो गई। ये दोनों युवक एक मकान सॉफ्ट में सफाई करने के लिए उतरे थे। बेहोशी की हालत में दोनों को कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घेषित कर दिया। पीड़ित की ओर से शिकायत की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।







इनकी पहचान नूनी मंडल पुत्र झब्बू मंडल निवासी सेक्टर-9 की झुग्गी और खोखन मंडल पुत्र नानी मंडल निवासी सेक्टर-9 थाना फेस 1 की झुग्गी हुई है। खोखन नूनी का जीजा है। ये दोनों जीजा और साले है। पुलिस ने बताया कि ये दोनों शुक्रवार को सेक्टर-26 में सुमित चावला पुत्र प्रदीप कुमार चावला निवासी ए-94 में में बने सॉफ्ट की सफाई करने गए थे। दोनों शाम करीब सात बजे सॉफ्ट में उतरे।

लेकिन कई घंटों तक जब वो बाहर नहीं आए। सुमित ने दोनों को खिड़की से आवाज देनी शुरू लेकिन कोई आवाज नहीं आई। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि सॉफ्ट के अंदर जाने का खिड़की के अलावा कोई और रास्ता नहीं है, लेकिन खिड़की के जरिये जाना खतरे से खाली नहीं था। उसके बाद पुलिसकर्मियों ने दीवार तोड़नी शुरू की। दीवार तोड़कर ही दोनों को बाहर निकाला गया। दोनों साफ्ट के अंदर बनी जहरीली गैस की चपेट में आ गए।

बेहोशी की हालत में उन्हें कैलाश अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि आमतौर पर दोनों सफाई करने के लिए इस मकान में जाते रहते थे। जिस वक्त दोनों सफाई के लिए गए तो दोनों साफ्ट में ही दम घुटने के कारण मर गए। मृतकों के परिजनों ने मकान मालिक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि मकान मालिक ने लापरवाही बरती और कोई सेफ्टी मेजर नहीं लिए। जिस कारण दोनों लोगों की मौत हो गई।

आरोप लगाया कि समय से परिवार वालों को सूचना भी नहीं दी गई। सूचना मिलते ही एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्रा भी मौके पर पहुंचे थे। थाना सेक्टर 20 प्रभारी धर्म प्रकाश शुक्ला का कहना है कि सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। जब देखा की अंदर से निकालने की कोई व्यवस्था नहीं है तो दीवार तोड़ी गई।

दीवार तोड़ते ही जैसे ही दोनों को बाहर निकाल तुरंत अस्पताल लाया गया। लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया उसके बाद दोनों के परिजनों को तत्काल सूचना दे दी।

## सेवानिवृत आईजी के बेटे ने नाबालिक के साथ की छेड़खानी

**नोएडा,** 4 मई (देशबन्धु)। सेक्टर-78 स्थित एक नामी सोसाइटी में रहने वाली 12वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा से अश्लील हरकत करने वाले वकील को सेक्टर-113 पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी वर्तमान में एक निजी जिम कंपनी में लीगल एडवाइजर के पद पर कार्यरत है। उसके पिता सशस्त्र पुलिस बल से आईजी के पद से 2014 में रिटायर्ड हो चुके हैं। इस मामले में छात्रा के पिता ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। सेक्टर-113 थाना प्रभारी ने बताया कि सोसाइटी निवासी एक व्यक्ति ने बीते दिनों पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी 12वीं कक्षा में पढ़ती है। शिकायतकर्ता की बेटी जब सोसाइटी की लिफ्ट में जा रही थी तो उन्हीं के टावर में रहने वाले सौरव पुरी ने उससे उसका मोबाइल नंबर ले लिया। सौरव ने कहा कि उसकी पत्नी एक विश्वविद्यालय में निदेशक है,ऐसे में वह उसका दाखिला वहां पर करवा देगा। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बाद में सौरव पुरी ने उसकी बेटी के साथ पार्क में अश्लील हरकत की और उसे व्हाट्सएप पर अश्लील मैसेज भेजे। कई बार मना करने के बावजूद भी जब आरोपी नहीं माना तो छात्रा ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। वहीं आरोपी का कहना है कि उसे इस मामले में फंसाया गया है।

## रैनीवेल पाइप लीक होने से धंसी सड़क

**नोएडा,** 4 मई (देशबन्धु)। नोएडा में सेक्टर-126 चौकी के सामने रैनीवेल की पाइप लाइन लीकेज होने से सड़क का एक बड़ा हिस्सा करीब 7 फीट लंबा और 3 फीट गहरा धंस गया। सड़क धसंते ही पानी भी बाहर आने लगा। ये सड़क नोएडा के सेक्टर-125 और 126 की तमाम आईटी कंपनियों को जोड़ती है। ऐसे में एक तरफ के यातायात को पूरी तरह बंद कर दिया गया। चौकी के आगे ट्रैफिक यातायात ने बोर्ड लगा दिया है। ताकि कोई हादसा न हो जाए। प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुंचकर मुआयना कर रही है।



■ करीब 7 फीट लंबा और 3 फीट गहरा हुआ गड्ढ़ा, जल्द शुरू होगी रिपेयरिंग

प्राधिकरण के महाप्रबंधक जल खंड आरपी सिंह ने बताया कि जिस स्थान पर सड़क धंसी है। ऐसा लग रहा है कि कई दिनों से यहां पाइप लीकेज था। जिससे पानी का रिसाव हो रहा था। जमीन कटान होने की वजह से सड़क धंस गई। और मिट्टी पाइप लाइन पर गिरी। जिससे दबाव बढ़ा और पाइप लाइन फट गई। यहां गड्ढ़े में पानी भर गया है। लाइन को बंद करा दिया गया है। देर रात तक मरम्मत का काम पूरा कर लिया जाएगा। वहीं सिविल विभाग सड़क बनाने का काम पूरा करेगा। बहरहाल सड़क धंसने से यहां का यातायात प्रभावित रहा। काफी देर तक स्थानीय लोगों ने ही सड़क धंसने के कारण वाहनों को दूसरे रास्ते से जाने के लिए कहा। इसके बाद यहां बोर्ड लगाकर सड़क को बंद किया गया। दरअसल ये एक तिराहा है जिस पर पीक आवर में हैवी यातायात रहता है। ऐसे में रात भर में ही सड़क और पाइप लाइन दोनों का काम किया जाएगा। जिससे सोमवार तक सड़क को क्लियर करते हुए यातायात के लिए खोला जा सके।

## सार संक्षेप

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** अट्टा गांव से किशोरी को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को सेक्टर-20 पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। सेक्टर-20 थाना प्रभारी ने बताया कि अट्टा गांव में रहने वाली एक नाबालिक युवती को प्रशांत नामक युवक बहला- फुसलाकर कर 24 मार्च को घर से अगवा कर ले गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने किशोरी को बरामद कर उसका चिकित्सकीय परीक्षण करवाया। परीक्षण में यह बात संज्ञान में आई कि आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया है। इसके बाद आरोपी प्रशांत के खिलाफ पॉक्सो समेत अन्य धाराओं को बढ़ाया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित की गई। शनिवार को जब आरोपी किसी काम से नोएडा आया तो मुखबिर से मिली सूचना पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को शनिवार को ही कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने उसको 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### खाली भूखंडों पर धड़ल्ले से हो रहा नशे का कारोबार

**खोड़ा।** यहां खाली पड़े भूखंड नशे के कारोबार से गुलजार हो रहे है। नशेड़ी दोपहर या रात्रि में खाली पड़े भूखंडों में बैठकर आराम से नशीला इंजेक्शन सुलेशन और गांजे का इस्तेमाल कर रहे है। शाम होते ही नशेड़ी भूखंडों में एकत्रित होना शुरू हो जाते है। और देर रात्रि तक बैठकर मदहोश होने के बाद भूखंडों से निकलकर राहगीरों पर फब्तियां कसते है। दोपहर और शाम को महिलाओं और युवाओं द्वारा निर्धारित समय पर इन्हें मनपसंद नशे की सप्लाई भी की जा रही है। नशे के कारोबार से जुड़े लोग अचानक नशीला पदार्थ सप्लाई करके गायब हो जाते है। लोगो का आरोप है कि शिकायत करने बावजूद पुलिस द्वारा कोई कारवाई नहीं की जाती। लोगो ने बताया कि आदर्श नगर लोधी चौक मयूर विहार फेज 3 साइड थापर गेट मुर्गा मंडी के पास दीपक विहार अनिल विहार स्थित खेत में धड़ल्ले से नशीले पदार्थो की बिक्री जारी है।

### विश्व हाथ स्वच्छता दिवस : हाथों की स्वच्छता का खास ख्याल रखें

**नोएडा।** हाथों की स्वच्छता का खास ख्याल रखकर संक्रमण को फैलने से रोकने के साथ ही तमाम तरह की संक्रामक बीमारियों की चपेट में आने से भी बचा जा सकता है। कोविड के समय हाथों की स्वच्छ्ता की अहमियत सभी को भलीभांति पता चल चुकी है। कई तरह के वायरस और बैक्टीरिया हमारे हाथों से होते हुए मुंह के रास्ते पेट में पहुंचकर बीमारियों को जन्म देते हैं। इसके अलावा दूषित हाथों से आंख व नाक को छूने से भी संक्रामक बीमारियों की जद में आ सकते हैं। हाथों की स्वच्छता की अहमियत को समझाने के लिए ही हर साल पांच मई को विश्व हाथ स्वच्छ्ता दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का मूल उद्देश्य वैसे तो सभी स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों को हाथों को सही समय पर और सही तरीके से स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक करना है लेकिन सही मायने में हाथों की स्वच्छता हर उम्र और हर वर्ग के लोगों के लिए बहुत ही जरूरी है। इस दिवस पर आओ प्रण करें कि हाथों को रखेंगे साफ़ और बीमारियों को देंगे मात।

## अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान

**खोड़ा,** 4 मई (देशबन्धु)। खोड़ा में अघोषित बिजली कटौती जारी है। भीषण गर्मी में बिजली कटौती के होने पर परेशानी का सामना करना पड़ता है। बिजली कटौती होने पर केवल प्रचंड गर्मी का सामना ही नहीं करना पड़ता। बल्कि आमजन जीवन और दिनचर्या भी प्रभावित होती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कल देर रात्रि में दो तीन विहारो में बिजली गुल हो गई। जिससे लोगों की नीद में खलल पड़ गई। दिन में ग्यारह बजे के आस पास आजाद विहार अनिल विहार आदि क्षेत्रों में बिजली गुल रही। लोगो को निजी बोर से पानी निकालते के लिए बिजली आने का इंतजार करना पड़ा। खोड़ा में अभी जलापूर्ति की कोई व्यवस्था नहीं है। लगभग तीन दर्जन ट्रैक्टरों की सहायता से नगर पालिका परिषद द्वारा पीने के लिए गंगाजल की आपूर्ति की जाती है। दस लाख की आबादी पेयजल की समस्या से पिछले बीस पच्चीस वर्षों से जूझ रही है। टैंकरों से कब्जा रही जलापूर्ति अपर्याप्त है। निजी बोर से निकलने वाले पानी पर लोगों का जीवन आश्रित है। विशाल आबादी वाली कालोनी में किरायेदारों की संख्या अधिक है।जिसकी वजह से मनमानी तरीके से पानी खर्च करते है।

## जीडीए सचिव का निर्देश, मधुबन-बापूधाम योजना में व्यवसायिक भूखंडों की रजिस्ट्री शुरू

**गाजियाबाद,** 4 मई (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव द्वारा दिनांक 01.05.2024 को मधुबन-बापूधाम योजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरान्त सचिव द्वारा मधुबन-बापूधाम में आवंटित डिस्ट्रिक्ट सेण्टर के छोटे-छोटे कुल 127 व्यवसायिक भूखंडों की रजिस्ट्री का कार्य दिनांक 04.05.2024 से शुरू किये जाने हेतु निर्देश दिए गए। उक्त निर्देशों के क्रम में अवगत कराना है कि मधुबन-बापूधाम के व्यवसायिक भूखंड संख्या C/SP-132 C/SP-13 के आवंटी कौशल कुमार शर्मा द्वारा दोनों भूखंडों की रजिस्ट्री हेतु पूर्व में ही दिनांक 22.02.2024 को आवेदन किया गया था। आज दिनांक 04.05.2024 को सचिव कार्यालय में उपस्थित हुए एवं अपने प्रार्थना पत्र के साथ जमा धनराशि की रसीदे, आई.डी. प्रूफ, आधार कार्ड व अन्य अभिलेख प्रस्तुत किए हैं। जमा धनराशि की रसीदों का कैश काउण्टर से सत्यापन कराकर लेखा गणना की जांच कर ली गई है। मधुबन-बापूधाम योजना के व्यवसायिक भूखंडों के आवंटियों को सूचित करना है कि अपने भूखंड की रजिस्ट्री कराने के लिए दिये जाने वाले आवेदन पत्र के साथ जमा धनराशि के रसीदों की छायाप्रति, अपना आई.डी. प्रूफ (आधार व अन्य प्रमाण पत्र) एवं रु0 50.00 लाख से अधिक मूल्य की सम्पत्तियों की रजिस्ट्री कराने हेतु फार्म 26-QB संलग्न करना आवश्यक होगा।



## एक्सयूवी कार में लगी आग

**नोएडा,** 4 मई (देशबन्धु)। नोएडा के थाना एक्सप्रेस वे क्षेत्र में एक एक्सयूवी कार में आग लग गई। कार चालक ने कार से कूदकर अपनी जान बचाई। आग लगने की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। ये आग कार के इंजन में लगी। गनीमत रही कि आग से कार सेंट्रल लॉक नहीं हुई। चालक कूद गया। इसके बाद कार में तेजी से आग फैली। मौके पर मौजूद लोगों ने दमकल विभाग का इसकी जानकारी दी। एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया। इस दौरान कुछ देर के लिए यातायात को रोका गया। और सर्विस लेन से निकाला गया। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि महिंद्रा एक्सयूपी 300 कार परी चौक से नोएडा की ओर आ रही थी। एडवांट टावर के पास अचानक कार में लग गई। आग तेजी से फैली। किसी तरह चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। कार तेजी से जलने लगी। ऐसे में पुलिस ने यातायात को रोकर सर्विस लेन पर डायवर्ट किया। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इसके बाद क्रेन की मदद से कार को सड़क के साइड में किया गया। यातायात सामान्य किया गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई।



**दमकल ने 20 मिनट की मशक्कत के बाद पाया काबू, चालक ने कूदकर बचाई जान**

## हाजी मूसा हत्याकांड : सगा भाई ही निकला हत्यारा, गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 4 मई (देशबन्धु)। नन्दग्राम पुलिस ने 55 वर्षीय हाजी मूसा हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस के मुताबिक मूसा की हत्या सम्पत्ति विवाद के चलते उनके सगे भाई ने ही की थी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि शाहरुख खान निवासी 100 फुटा रोड, हिन्डन विहार ने थाना नन्दग्राम गाजियाबाद ने तहरीर दी कि मेरे चाचाओ ने छुरे से एक राय होकर मेरे पिता हाजी मूसावर्ष की हत्या कर दी। जाते समय जान से मारने की धमकी देकर भाग गए है। घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए, थाना स्तर पर टीमो का गठन किया गया। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर मेरठ तिराहे के पास से अहसान नामक युवक को गिरफ्तार किया है। जो मूसा का सगा भाई है। पूछताछ में अहसान ने बताया कि मृतक हाजी मूसा मेरा सगा भाई था, हमारी पुस्तैनी जमीन मकान व घेर, गांव सैदपुर थाना भोजपुर गाजियाबाद में स्थित है, जिसमें मेरे तीन भाई इदरीश, बिल्लू व शेरु रहते है। गांव के मकान व घेरा का बंटवारा नहीं हुआ है, मैं व मेरा भाई गुलजार उर्फ सुन्दर गांव के मकान व घेर के हिस्से को बेचना चाहते थे। जिसके लिए अपने बड़े भाई हाजी मूसा से बार बार हिस्सा बंटवारे की बात कही लेकिन हाजी मूसा हिस्सा बांटने को मना कर देता था। मेरे मन में तभी से हाजी मूसा को सबक सिखाने की बात आ गयी थी, मैंने अपने भाई गुलजाल उर्फ सुन्दर को भी इस बारे में कई बार कहा था, हाजी मूसा के पास अच्छी खासी प्रोपर्टी है, मैं व गुलजार उर्फ सुन्दर हाजी मूसा के पास दिनांक 02 मई की शाम को आये व हिस्सा बंटवारा करने के लिए कहने लगे तो हाजी मूसा ने बंटवारा करने से मना कर दिया। तब मेरे भाई गुलजार उर्फ सुन्दर ने गुस्से से हाथ में लिए चाकू से हाजी मूसा पर कई वार किये, और हम दोनो भाई वहां से भाग गया।



## टाटा स्टील के सेल्स हेड की चाकुओं से गोदकर हत्या

**गाजियाबाद,** 4 मई (देशबन्धु)। शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर में टाटा स्टील के सेल्स हेड विनय त्यागी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। त्यागी का शव लहूलुहान हालत में घर से कुछ दूर सड़क किनारे पड़ा मिला। शव मिलने के बाद पूरे इलाके में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि विनय कुमार त्यागी टाटा स्टील के सेल्स के गुड़गांव स्थित हां कार्यालय में सिर के रूप में कार्यरत थे। शुक्रवार की रात में उन्होंने अपनी पत्नी रुचि त्यागी को राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन के पास की लोकेशन भेजी थी। जब वह पति को लेने मेट्रो स्टेशन पहुंची तो उन्हें वहां विनय नहीं मिले। इसके बाद उन्होंने तलाश किया। लेकिन कुछ पता नहीं चला। आज गौरव का शव लहूलुहान स्थिति में मिला। उधर रिश्तेदार गौरव ने जीजा का लैपटॉप नगदी और पर्स के अलावा अन्य सामान गायब होने का आरोप लगाया है।

एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस टीम घटनास्थल के पास लगे कैमरे की फुटेज को चेक करने के साथ हर बिंदु पर जांच कर रही है।

## सड़क किनारे सोने वालों को मिल रही नगर निगम के शेल्टर होम में शरण

**गाजियाबाद,** 4 मई (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सड़क के किनारे सोने वालों को शेल्टर होम पहुंचने के लिए निगम अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव को नोडल नामित किया गया है। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश क्रम में रात्रि के समय गाजियाबाद नगर निगम के जोनल प्रभारी अपनी टीम के साथ अपने क्षेत्र में ऐसे व्यक्तियों को जो सड़क के किनारे, सेंट्रल वर्ज पर सोते हुए मिलते हैं उनको प्रवर्तन दल गाड़ी से पास के रैन बसेरे में पहुंचने का कार्य किया जा रहा है। जहां आवश्यकता अनुसार उनके सोने की सुविधा कराई जा रही है। रात्रि 7:00 से लेकर लगभग 11:00 तक गाजियाबाद नगर निगम की टीम सड़कों पर दुर्बल वर्ग के आश्रयहीन व्यक्तियों को सड़क किनारे से रेन बसीरों तक पहुंचाने के कार्य में जुटी रहती है। कौशांबी मेट्रो स्टेशन, आनंद विहार रोड, मोहन नगर बस स्टैंड, शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन, शास्त्री नगर चौराहा, नया में पुराना बस स्टैंड, कवि नगर फ्लाईओवर, घंटाघर जीटी रोड, नया रेलवे स्टेशन गाजियाबाद व अन्य क्षेत्र में जहां भी निराश्रित सड़कों पर सोते हुए मिलते हैं उनको पास के रैन बसेरे में जोंन की टीम द्वारा छोड़ा जाता है, वसुंधरा जोन अंतर्गत ईडीएम मॉल कौशांबी रैन बसेरे, सिटी जोन अंतर्गत ग्रीनहाउस नसीरपुर फटक के पास रेन बसेरा, मोहन नगर जोन अंतर्गत लाजपत नगर का रैन बसेरा, कवि नगर जोन अंतर्गत आरडीसी स्थित रैन बसेरा तथा विजयनगर जोन अंतर्गत कुटी मंदिर सेक्टर 11 प्रताप विहार रैन बसेरा जिसमें निराश्रितों को रात्रि सोने के लिए भेजा जाता है, नगर आयुक्त द्वारा शहर के जागरूक निवासियों से, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी से तथा सामाजिक संस्थाओं से भी अपील की गई है कि खुले में सड़क पर यदि कोई निराश्रित होता है तो उसको पास के शेल्टर होम में भेजा जाए जिसके लिए गाजियाबाद नगर निगम के जोनल प्रभारी से भी संपर्क कर सकते हैं अपील की गई है।



■ सड़क किनारे सोने वालों को पहुंचाएं शेल्टर होम

## गंदा पानी पीने से बीमार होने की शिकायत

### सहायक अभियंता पीयूष सिंह ने किया स्थल का निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 4 मई (देशबन्धु)। साया गोल्ड वैभव खण्ड में 200 लोगो को गंदा पानी पीने से बीमार होने की शिकायत मिली। तत्पश्चात् अभियंत्रण जोन 6 की अनुबंधित फर्म एवं सहायक अभियंता पीयूष सिंह द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया। सुबह और शाम के पानी की जांच की गई वहां की मेंटेनेंस टीम को भी पानी की जांच करायी गई एवं पिलाया गया। जीडीए द्वारा सीवर के लाइन की भी जांच की गई जो की कही भी छतिग्रस्त या ओवरफ्लो नहीं पायी गई।



## एल्विश यादव को ईडी जारी कर सकती है समन, जल्द होगी पूछताछ

**नोएडा,** 4 मई (देशबन्धु)। यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ इडी ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत लखनऊ में केस दर्ज किया है। ईडी को एल्विश के पास कई लग्जरी कारों का काफिला होने की जानकारी मिली है। उसे शक है कि ये गाड़ियों का काफिला लग्जरी लाइफ और महंगे शौक सांपों के जहर से जुड़े मामलों में बड़ी लेन देन से ही संभव है। इसलिए जल्द ही ईडी एल्विश को समन भजकर पूछताछ के लिए बुला सकती है। इस मामले में ईडी ने नोएडा में दर्ज हुई एफआईआर को आधार बनाकर केस दर्ज किया। हालांकि डीसीपी ने बताया कि ईडी ने अब तक कोई संपर्क नहीं किया। यदि वे संपर्क करेंगे तो केस में सहयोग किया जाएगा।

बिग बॉस ओटीटी-2 विनर एल्विश को सांप के जहर से जुड़े मामले में नोएडा पुलिस ने इसी साल 17 मार्च को गिरफ्तार किया था। 5 दिन जेल में रहने के बाद वह अभी जमानत पर बाहर है। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली में ईडी मुख्यालय के निर्देश पर लखनऊ स्थित जोनल कार्यालय ने केस दर्ज करके जांच शुरू की है। दरअसल भाजपा सांसद मेनका गांधी की संस्था पीपल्स फॉर एनिमल्स के अधिकारी गौरव गुप्ता ने एल्विश समेत 6 लोगों के खिलाफ नोएडा सेक्टर-49 थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। 2 नवम्बर 2023 को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धाराओं में यह केस दर्ज हुआ। पुलिस ने 4 सपेरों समेत 5 लोगों को उसी दिन गिरफ्तार किया था।इनके पास पुलिस को सांप का जहर (वेनम) भी मिला था। इसे जांच के लिए लैब भेजा गया। जांच के बाद करीब 5 महीने बाद नोएडा पुलिस ने एल्विश को गिरफ्तार किया था।

### पुलिस ने 1200 पेज की चार्जशीट दाखिल की

नोएडा पुलिस ने इस मामले में 1200 पेज की चार्जशीट दाखिल की। इसमें 24 गवाहों के बयान शामिल किए गए। पुलिस ने दावा किया कि एल्विश का सपेरों से संपर्क था। मुंबई स्थित डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेसिंक मेडिसिन टॉक्सिकोलॉजी के विशेषज्ञ की सलाह भी शामिल की गई।

■ महंगे शौक और गाड़ियों का काफिला बिना हेर फेर के संभव नहीं
■ रेव पार्टी जहां हुई उनके संचालकों से होगी पूछताछ

डीसीपी विद्या सागर मिश्रा ने बताया एल्विश के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के आधार पर साक्ष्य दिए गए। चार्जशीट में एल्विश के सोशल मीडिया अकाउंट की कॉल डिटेल के बारे में विस्तार से बताया गया। कोबरा समेत 9 सांप और 20 एमएल जहर की रिपोर्ट को भी चार्जशीट में शामिल किया गया। एफआईआर कराने वाली संस्था के स्टिंग आडियो को भी शामिल किया गया। बताया गया कि इस मामले में ईडी पहले दिन से ही साक्ष्य संकलन में लगी थी। इसलिए अब उसने नोएडा पुलिस की एफआईआर को आधार बनाया और केस दर्ज किया।

### लग्जरी गाड़ियों का काफिला रखता है एल्विश

ईडी सूत्रों के मुताबिक, पुलिस जांच के आधार पर यह पता चला कि सांपों का जहर नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम के होटल और फार्म हाउस में होने वाली रेव पार्टियों में उपलब्ध कराया जाता था। इसमें बड़ी रकम के लेनदेन का शक है। ईडी अफसर इन फार्म हाउस संचालकों को तलब करके पूछताछ कर सकते हैं। दरअसल एल्विश के यू ट्यूब और इंस्टाग्राम पर कई ऐसे वीडियो है जिसमें वो एक से एक महंगी गाड़ियों में जाता दिखता है। उसके पास एक नहीं बल्कि कई गाड़ियां है। जिनकी कीमत लाखों में है।

उवाच

बिहारी लाल इंटर कॉलेज में 2 हजार से अधिक बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। आरोप है कि डोनेशन के नाम पर कॉलेज प्रशासन प्रत्येक बच्चे से 1500 रुपए की अवैध उगाही कर रहा है। जो कि उचित नहीं है, उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आने पर संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा कॉलेज प्रशासन से ऐसा नहीं करने की बात कही गई लेकिन वह नहीं माने :

**प्रमोद शर्मा, किसान एकता संघ संगठन**

# यीडा में लोकसभा चुनाव के बाद आवासीय सेक्टरों के अधूरी सड़कों के निर्माण में आएगी तेजी

■ **यमुना प्राधिकरण औद्योगिक सेक्टर के साथ आवासीय सेक्टर के अधूरी सड़कों को ठीक करने में जुटा**

**ग्रेटर नोएडा,** 4 मई (देशबन्धु)। औद्योगिक सेक्टर के बाद अब यमुना प्राधिकरण आवासीय सेक्टर की अधूरी सड़कों को लोकसभा चुनाव के बाद दुरुस्त करेगा। इसमें आ रही बाधाओं को दूर करने का खाका पहले खींचा जा चुका है। साथ ही पहले से बनी हुईं सड़कों की मरम्मत करवाई जाएगी। इसके लिए यमुना प्राधिकरण ने कार्य योजना बनाकर काम शुरू कर दिया है।

यमुना प्राधिकरण ने 2009 में सबसे पहली आवासीय भूखंड योजना निकाली थी। इसमें 21 हजार भूखंडों का आवंटन किया गया थ। जिस समय आवंटन हुआ था, उस समय प्राधिकरण के कब्जे में जमीन नहीं थी। चार साल बाद 2013 में भूखंडों पर कब्जा देने की बारी आई तो यमुना प्राधिकरण के हाथ पैर फूल गए। अभी तक सभी आवंटियों को कब्जा नहीं मिला है। यमुना प्राधिकरण के आवासीय सेक्टर-18 एवं 20 की अधिकतर आंतरिक सड़कें अधूरी हैं। सड़कें बीच में रुकी हुई हैं। दरअसल जमीन पर कब्जा नहीं मिलने और अदालतों में मामले लंबित होने के चलते यह दिक्कत आई है। हालात यह है कि आवंटियों को घर बनाना तो दूर भूखंड तक पहुंचना भी बड़ा काम है। सड़कें अधूरी होने के चलते प्राधिकरण आवंटियों को निर्माण कार्य के लिए लगातार समय विस्तार दे रहा है। अब यमुना प्राधिकरण ने आवासीय सेक्टर की अधूरी सड़कों को बनवाने की योजना बनाई है।

सीईओ ने इसकी जिम्मेदारी ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह को सौंपी है। वह किसानों से वार्ता करके अवरोधों को दूर कर रहे हैं। आबादी के मामलों को निपटा रहे हैं। किसानों से सहमति के बाद सड़कों का निर्माण शुरू हो जाएगा। इसकी कार्ययोजना बना ली गई है।

# बाराही मेले के अंतिम दिन पहलवानों ने ठोंकी ताल

■ **स्व. जयपाल भगत की स्मृति में कुश्ती दंगल का हुआ आयोजन**







**ग्रेटर नोएडा,** 4 मई (देशबन्धु)। सूरजपुर में चल रहे ऐतिहासिक बाराही मेला के अंतिम दिन स्व. जयपाल भगत की स्मृति में कई इनामी कुश्तियों में पहलवानों ने जोर आजमाईश की। 101 रूपए लेकर 31000 रूपए तक की कई इनामी कुश्तियां हुईं। महिला पहलवानों ने भी दंगल में अपना दमखम दिखाया। इनमें 101 रूपए की कुश्ती कार्तिक जेवर ने गोविंद से और फाईटर सिकंद्राबाद ने सागर असौला से जीती। 501 रूपए की कुश्तियां बल्लू जमालपुर गुरू हनुमान अखाड़ा ने तुषार श्यामलाल अखाडा से, साहिल ने मूले और अयान ने प्रिंस को चित करके जीत ली। जब कि 1100 रूपए की कुश्ती में हर्ष नलगढ़ा ने अवधेश असौला को पराजित कर दिया। महिला पहलवानों में अनुष्का पंडित सिकंद्राबाद ने 1100 रूपए की कुश्ती प्राची गाजियाबाद को चित कर ली। वहीं 3100 रूपए की कुश्ती महक दिल्ली और खुशी सूरजपुर के बीच बराबरी पर छूटी। दंगल कार्यक्रम में 101 रूपए, 251 रूपए, 501 रूपए, 1100 रूपए, 2100 रूपए और 5100 रूपए की भी कई कुश्तियां हुईं। पूर्व की भांति इस बार भी दंगल कार्यक्रम में मुगदड़ भी साधी गईं। खोदना गांव से आए शिवम शर्मा ने 75 किग्रा की मुगदड़ उठाई। धर्मी शर्मा ने 80 किग्रा, पवन दादूपुर ने 90 किग्रा और अंकित बागपुर ने 90 किग्रा की मुगदड़ उठाई। संदीप भड़ाना ने 70 किग्रा की मुगदड़ उठाई। शिव मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष धर्मपाल भाटी, महामंत्री ओमवीर बैंसला, स्व. जयपाल भगतजी के पुत्रों में सतवीर भाटी, राजवीर भगतजी, भोपाल ठेकेदार, मूलचंद शर्मा, धर्मवीर भाटी, योगेश अग्रवाल, विनोद खलीफा, लक्ष्मण सिंघल, अनिल भाटी आदि पदाधिकारियों ने जीतने वाले पहलवानों को पुरस्कृत किया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने फूलमंडी में स्ट्रांग रुम का किया निरीक्षण

**ग्रेटर नोएडा,** 4 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के बाद सभी पोल्ड ईवीएम मशीनों को फूल मंडी फेस-2



नोएडा में बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखा गया है, जिसका जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने निरीक्षण किया।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया कि सीसीटीवी कंट्रोल रूम से भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप विशेष निगरानी रखी जा रही है और सीसीटीवी नियमित संचालित रहे इसके लिए पर्याप्त मात्रा में विद्युत आपूर्ति की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान फूल मंडी फेस-2 नोएडा में तैनात सुरक्षा बलों से सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करते हुए पाया की सुरक्षा बलों के द्वारा पूरी मुस्तैदी के साथ स्ट्रांग रूम एवं फूल मंडी परिसर पर निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गण एवं समस्त प्रत्याशी या उनके प्रतिनिधि भी फूल मंडी फेस-2 नोएडा पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा ले सकते हैं। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मानव संसाधन सम्मेलन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उभरते परिदृश्य पर चर्चा

**ग्रेटर नोएडा,** 4 मई (देशबन्धु)। लॉयड बिजनेस स्कूल में मानव संसाधन 6.0 पर सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसका मुख्य विषय 'पुन: कौशल क्रांति: मानव स्पर्श और ए.आई. का सामंजस्य' था। जिसमें विभिन्न उद्योगों के लगभग 50 से अधिक विभिन्न औद्योगिक डोमेन के कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों ने मानव संसाधन (एचआर) के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उभरते परिदृश्य पर चर्चा की। सम्मेलन में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और शिक्षाविदों को आज उद्योग में प्रौद्योगिकी और ए.आई. के एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्षेत्र पर एकीकरण



करने के उद्देश्य से एक साथ एक मंच पर लाया गया। ए.आई. और इसके अवसर, चुनौतियों और आगे क्या होने वाला है, इस पर दो पैनल चर्चाएं हुईं। स्वागत भाषण लॉयड बिजनेस स्कूल के डीन डॉ. रिपुदमन गौर ने किया। थीम का उद्घाटन लॉयड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की चीफस्ट्रैटेजी ऑफिसर और ग्रोथ हेड डॉ. वंदना अरोड़ा सेठी ने किया। उद्योग कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों में डॉ. कविता बुरिटी जेपी हॉस्पिटल, दीपक भरारा पीपल एटूजेड, डॉ. राजेश कुमार राय एम.आर.एल. टायर्स, तेज हंस राज सिंह क्वेस कॉर्प, रिकल कोंथौजम इनर्जाइजर आई.टी. सर्विसेज, महेश्वर डंगवाल क्वेस कॉर्प, आकांक्षा श्रीवास्तव नटराज कॉर्प, मयंक आहूजा निकलफॉक्स टेक्नोलॉजीज, रोहन कुमार सूडान डब्ल्यूएनएस, राकेश सेठ आई.सी.पी.आई., देवाशीष मुखर्जी टाटा 1एमजी, प्रवेश आर. भारद्वाज नियोलाइट एक्स के डब्ल्यू शामिल हुए। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. फेहमिना खलीक, प्रोफेसर, फैकल्टी लॉयड बिजनेस स्कूल द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सत्र का समापन हुआ। मानव संसाधन में ए.आई. को अपनाने से जुड़ी नैतिक दुविधाओं में गोपनीयता की चिंता, एल्गोरिथम पूर्वाग्रह और कर्मचारी डेटा का नैतिक उपयोग चर्चा के क्षेत्र थे।

# शादी में फोटोग्राफर से की मारपीट, 10 दिन बाद चार के खिलाफ रिपोर्ट

**जेवर,** 4 मई (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के गांव छातंगा कला में दस दिन पूर्व शादी समारोह में फोटोग्राफर के साथ मारपीट के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मथुरा जिला के नौहझील थाना क्षेत्र के गांव मुसमना के रहने वाले पीड़ित ललितवीर ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि 25 अप्रैल 2024 को वह दूल्हा पक्ष की तरफ से नौहझील से छातंगा कला में फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी करने आया था। रात को काम करते वक्त दूल्हे के भाई जसवीर, मथुरा शेरगढ़ थाना के गांव ओवे के रहने वाले दूल्हा के जीजा संजू व गांव लहरपुर थाना हसनपुर जिला पलवल के रहने वाले मनोज व नेत्रपाल ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए लोहे की रोड से मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि शुक्रवार को पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# छात्रा ने सीनियर व उनके साथियों पर मारपीट व लूट का लगाया आरोप

**ग्रेटर नोएडा,** 4 मई (देशबन्धु)। शहर के सोसाइटी में रहने वाली छात्रा ने अपनी सीनियर उसके दोस्तों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है छात्र का आरोप है कि उसने अपनी सीनियर को गलत गतिविधियों में शामिल होने पर फ्लैट से निकाल दिया था, इसके चलते उसने अपने साथियों के साथ मारपीट करवाई। पुलिस के मुताबिक प्रोव्यू टेक्नोसिटी अपार्टमेंट में नेहा खान और दिव्या रहती है। दोनों नॉलेज पार्क स्थित एक कॉलेज से पढ़ाई कर रही है। पीड़िता नेहा खान ने पुलिस को बताया कि कुछ दिनों पहले उसकी सीनियर अपनी मां और भाई के साथ फ्लैट पर पास आए थे। परीक्षा होने की वजह से सीनियर ने उनके पास रहने की इच्छा जताई। नेहा ने बताया कि उनकी सीनियर शराब की आदी है। होली से एक दिन उसने एक लड़के को फ्लैट पर बुलाया था। जहां उन्होंने लड़के के साथ मिलकर शराब पी। इसके बाद कुछ लड़के उनके फ्लैट पर आने लगे। जिसकी वजह से वह ठीक से पढ़ाई नहीं कर पा रही थी। इसके चलते उन्होंने अपनी सीनियर छात्रा को फ्लैट से निकाल दिया। इसी बात को लेकर सीनियर छात्रा ने अपनी मां और दो युवकों के साथ मिलकर नेहा और दिव्या के साथ मारपीट की। उनके गले से सोने की चौन छीन ली। फोन को भी तोड़ दिया। इसकी शिकायत पुलिस से की गई। पीड़िता की तहरीर पर बीटा दो पुलिस ने कुणाल, हिमांशु और एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# नुक्कड़ नाटक व रैली निकालकर स्कूल चलो अभियान के प्रति किया जागरूक

**ग्रेटर नोएडा,** 4 मई (देशबन्धु)। उच्च प्राथमिक विद्यालय पाली के छात्र-छात्राओं ने स्कूल चलो अभियान के तहत पाली गांव में रैली निकाली। इस दौरान लोगों को जागरूक करने व शिक्षा के महत्व को बढ़ाने के लिए एक नुक्कड़ नाटक 'सब पढ़े, सब बढ़े' किया गया। नुक्कड़ नाटक का नेतृत्व आशीष कुमार उपाध्याय ने किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को बताया गया कि हमारे जीवन मे शिक्षा का महत्व कितना जरूरी है। साथ ही साथ उच्च प्राथमिक विद्यालय पाली में मिलने वाली सभी सुविधाओं से अवगत कराया गया। नुक्कड़ नाटक व रैली में मानवी, इशिका, राधिका, समायरा, दीपिका, निर्मित, परी, पंखुड़ी, कशिश, काजल, मीरा,



गौरी, शिवम, शिवम कुमार व अन्य छात्र छात्राये उपस्थित रहे। विद्यालय स्टाफ से संजीव कुमार शर्मा, मवासीराम, रोहताश कुमार, आशीष कुमार उपाध्याय, मनीष कुमार, गुंजन शर्मा, सांत्वना गुप्ता, रेणु भाटी उपस्थित रहे।

# छात्रों से अवैध उगाही का आरोप, जिला विद्यालय निरीक्षक से की शिकायत

■ **किसान एकता संघ ने छात्रों से डोनेशन लेने के विरोध में प्रदर्शन करने की दी धमकी**

**दनकौर,** 4 मई (देशबन्धु)। दनकौर कस्बे में स्थित बिहारी लाल इंटर कॉलेज प्रशासन पर किसान एकता संघ ने छात्रों से अवैध उगाही का आरोप लगाया है। जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र लिखकर कॉलेज प्रशासन का मुंह काला करने की धमकी भी दी गई है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। प्रमोद शर्मा किसान एकता संघ संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हैं। उनका कहना है कि बिहारी लाल इंटर कॉलेज में 2 हजार से अधिक बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। आरोप है कि डोनेशन के नाम पर कॉलेज प्रशासन प्रत्येक बच्चे से 1500 रुपए की अवैध उगाही कर रहा है। जो कि उचित नहीं है, उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आने पर संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा कॉलेज प्रशासन से ऐसा नहीं करने की बात कही गई लेकिन वह नहीं माने। इसके बाद मामले की शिकायत जिला विद्यालय निरीक्षक से की गई है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इसी तरह से अवैध उगाही चलती रही तो कॉलेज प्रशासन का मुंह काला किया जाएगा।

साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। कॉलेज के प्रधानाचार्य महकार सिंह का कहना है कि कॉलेज में छात्र व छात्राओं की संख्या अधिक है। जिनकी उच्च शिक्षा के लिए कुछ निजी अध्यापकों को नियुक्त करना पड़ता है। यही कारण है कि छात्र छात्राओं के अभिभावकों की सहयोग राशि ली जा रही है।

# वेस्टर्न यूपी ताइक्वांडो चैंपियनशिप में रेयान बना ओवरऑल चैम्पियन



■ **रेयान ग्रेनो की टीम ने 18 स्वर्ण, 12 रजत और 15 कांस्य पदक किए हासिल**

**ग्रेटर नोएडा,** 4 मई (देशबन्धु)। रेयान ग्रेटर नोएडा ने डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन के सहयोग से स्कूल परिसर में वेस्टर्न यूपी ताइक्वांडो चैंपियनशिप की मेजबानी की। नोएडा और ग्रेटर नोएडा के 14 स्कूल जिसमें खेतान स्कूल, मयूर स्कूल, नोएडा, डीपीएस, ग्रेटर नोएडा, जेपी स्कूल, ग्रेटर नोएडा, नेहरू पब्लिक स्कूल, नोएडा, रयान ग्रेटर नोएडा, बिजनोर स्कूल, बिजनोर, मिलेनियम स्कूल, नोएडा, ग्रेटर नोएडा चैंपियनशिप में वर्ल्ड स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, जीडी गोयनका स्कूल के कुल 365 छात्रों ने भाग लिया। ओवरऑल चैंपियनशिप रेयान ग्रेटर नोएडा ने 18 स्वर्ण, 12 रजत और 15 कांस्य पदक के साथ जीती। जूनियर वर्ग में खेतान स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि सब जूनियर वर्ग में म्योर स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

स्कूल की प्रिंसिपल सुधा सिंह ने सभी छात्रों के प्रयास की सराहना की और उपलब्धि हासिल करने वालों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

# बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी व जूलरी की साफ

**ग्रेटर नोएडा,** 4 मई (देशबन्धु)। कुलेसरा स्थित विमला विहार कॉलोनी में एक मकान का ताला तोड़कर नगदी और जेवरात चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के समय पीड़ित परिवार बाहर गया हुआ था। इस बीच चोरों ने मौका पाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। ईकोटेक तीन कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी का मुताबिक विमला विहार कॉलोनी में उमेश कुमार सिंह परिवार के साथ रहते हैं। उमेश कुमार ने पुलिस को बताया कि वह चार दिन पहले किसी काम से बाहर गए थे। इस बीच उनके मकान का ताला तोड़कर चोर हजारों रुपए की नगदी और लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। शुक्रवार को पीड़ित वापस लौटे तो चोरी की घटना के बारे में पता चला इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की, लेकिन चोरों का कोई पता नहीं चला सका। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी के माध्यम से चोरों का पता लगाकर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# ग्रेजुएशन सेरेमनी में बच्चों को किया गया प्रोत्साहित

**ग्रेटर नोएडा,** 4 मई (देशबन्धु)। दिल्ली वर्ड पब्लिक स्कूल नॉलेज पार्क-3 में सम्मान और भविष्य की ओर प्रेरित करते हुए प्रेप से ग्रेड तक के छात्रों के प्रगति का समारोह ग्रेजुएशन सेरेमनी शान और धूमधाम के साथ मनाया, जिससे उनके विकास और आगे के शैक्षिक चरण के लिए तैयार होने के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्कूल की निदेशक कंचन कुमारी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए उत्साह, रचनात्मकता, और सहनशीलता पर जोर दिया। प्रधानाचार्य डॉ. हीमा शर्मा ने स्नातकों को बधाई दी और उन्हें सफलता की दिशा में प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रेप और ग्रेड दो के छात्रों द्वारा



मनोहारी प्रस्तुतियां और हेडमिस्ट्रेस मिसेज सोनाली सेथिया और कक्षा की शिक्षिका हरजीत और अनामिका ने विकास परक शब्दों से प्रेरित किया। समारोह को प्राथमिक विंग समन्वयक प्रसन्ना के धन्यवाद के साथ समाप्त किया जिसमें उन्होंने निदेशक और प्रधानाचार्य का धन्यवाद किया और विशेष रूप से माता-पिता का धन्यवाद दिया जिन्होंने अपनी व्यस्त समय के बावजूद समारोह के लिए अपना समय निकाला। इस आयोजन ने स्कूल के छात्रों के समग्र विकास के प्रति उनकी समर्पण को प्रदर्शित किया।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009


देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# अलंकरण समारोह में विद्यार्थियों को दी गई जिम्मेदारी

■ **मुख्य अतिथि ने निष्पक्षता एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए किया प्रेरित**





**ग्रेटर नोएडा,** 4 मई (देशबन्धु)। जेपी इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा ने शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए अपने छात्र परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को जिम्मेदारियां प्रदान करने के लिए शनिवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्पर्श ग्लोबल ग्रुप के सीईओ डॉ. अमित सक्सेना, प्रिंसिपल रूबी चंदेल के साथ-साथ समन्वयक और माता-पिता की उपस्थिति रही। समारोह की शुरुआत दीप जलाने की रस्म के साथ हुई और उसके बाद गणेश वंदना हुई। तत्पश्चात् अतिथियों का अभिनंदन किया गया। समारोह प्रेरक गीत और नृत्य प्रदर्शन के साथ हुआ। इसके बाद नवनिर्वाचित स्कूल काउंसिल को सैशे और बैज से सम्मानित किया गया। इस दौरान गायक मंडली की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियों ने समारोह में उत्साह से लोगों को भर दिया। जब नवनिर्वाचित छात्र परिषद को बैज और सैशे प्रदान किए गए तो गौरवान्वित माता-पिता की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। समारोह का संचालन कर रही स्कूल की प्रधानाचार्या रूबी चंदेल ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। अपने औपचारिक संबोधन में, उन्होंने नवनियुक्त स्कूल परिषद सदस्यों और उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों को लेने के लिए उनकी तैयारियों को बधाई दी और उन परिषद सदस्यों को शपथ दिलाई जिन्होंने अपने स्कूल के प्रति निष्ठा की प्रतिज्ञा की। डॉ. अमित सक्सेना ने अपने उद्बोधन से विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को बधाई दी तथा उन्हें निष्पक्षता एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करने की सलाह भी दी। फिर हेड बॉय और हेड गर्ल को भाषण देने और स्कूल प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए बुलाया गया। समारोह का समापन धन्यवाद प्रस्ताव व राष्ट्रगान का समवेत गायन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास जगाना, नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।

# कार चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा,** 4 मई (देशबन्धु)। बिसरख थाने की पुलिस ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में कार चोरी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है, पकड़े गए चोरों के पास से 2 ब्रेजा कार बिना नम्बर व तमंचा बरामद हुए हैं। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। बिसरख थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुकीम उर्फमुक्की निवासी थानाभवन शामली और मुजम्मिल निवासी थानाभवन शामली के रूप में हुई है। दोनों आरोपी को एटीएस गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी मार्केट और माल के पास खड़ी कारों को चोरी करते थे। दोनों आरोपियों के खिलाफ 8 से अधिक अपराधी मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

# साहित्य

# हिसाब-किताब

■ विश्वंभरनाथ शर्मा 'कौशिक'



पं. रामशरण मध्यश्रेणी के आदमी थे। अनाज की आढ़त का काम करते थे। इनका एक विवाह योग्य लड़का था। यद्यपि उसके कई सम्बन्ध आये, पर पण्डित जी को वे पसन्द न हुए। पण्डित जी लोभी आदमी थे, वह किसी धनाढ्य की कन्या से लड़के का विवाह करना चाहते थे।

जब कोई सम्बन्ध करने आता था तो पहले आप उसकी हैसियत इत्यादि पूछते थे तत्पश्चात् प्रश्न करते थे कि लड़की के कितने भाई-बहिन हैं। भाई-बहिनों की संख्या सुनकर यह अनुमान लगाते थे कि उनकी भावी पुत्रवधु के हिस्से में कितना द्रव्य आयगा। जब हिसाब लगाते तो वह हिसाब कुछ अधिक उत्साह-प्रद न होता था। इस कारण वह सम्बन्ध करना अस्वीकार कर देते थे। अन्ततोगत्वा एक दिन एक महाशय आये। उनके ठाठ-बाट देखकर पण्डित जी ने अनुमान लगाया कि यह धनाढ्य व्यक्ति मालूम होता है। वार्तालाप आरम्भ हुआ! पंडित जी ने पूछा 'आपकी आमदनी क्या है?'

'मेरी आमदनी पाँच-छ: सौ रुपये मासिक की है।'

'आमदनी का द्वार क्या है?' पण्डित जी ने प्रश्न किया।

'रियासत! मकानात और ज़मींदारी।'

'खूब! लड़की के कितने भाई-बहिन हैं।'

'भाई बहिन कोई नहीं, लड़की अकेली है।'

यह सुन कर पण्डित जी के मुँह में पानी भर आया,आँखे चमकने लगीं। अपनी प्रसन्नता को बलात् दाब कर पण्डित जी ने मुँह बनाया और बोले---'इतनी ही बात जरा घाटे की है।'

'यह तो देवी बात है। इसको क्या किया जाय।'

'आपकी बयस तो पचास के लगभग होगी।'

'जी हाँ छियालिस वर्ष की है?'

'लड़की की वयस?'

'चौदह साल की।'

पण्डित जी ने हिसाब लगाया 'चौदह साल से अब कोई दूसरा बच्चा नहीं हुआ तब अब क्या होगा। इस लड़की के पहिले कोई संतान हुई थी?'

'जी हाँ! एक लड़का और लड़की हुए थे, परन्तु वे नहीं रहे।'

पण्डित जी ने मुँह बना कर कहा---'बड़े शोक की बात है।'

'परमात्मा की इच्छा है, और क्या कहा जाय।'

'हाँ जी! उसकी इच्छा के विरुद्ध कुछ नहीं होता।'

'यही बात है। हाँ तो लड़के की जन्मकुण्डली दे दें तो बड़ी कृपा हो।'

'जन्मकुण्डली आज तो न दे सकूँगा---आप कल किसी समय पधारने का कष्ट करें तो दे सकूँगा।'

'बहुत अच्छा कल सही। इसो समय?'

'सन्ध्या को पाँच-छ: बजे पधारियेगा।'

'बहुत अच्छा।'

उनके चले जाने पर आप झट पत्नी के पास पहुँचे और बोले--- 'इतने दिन बाद आज एक सम्बन्ध आया है।'

पत्नी उत्सुक होकर बोली---'अच्छा! कहाँ से?'

'--के रहने वाले हैं। पाँच-छ: सौ रुपये महीने की रियासत है।'

'खैर उनसे हमें क्या मतलब। हाँ घर अच्छा है।'

'मतलब क्यों नहीं, लड़की अकेली है और कोई बच्चा नहीं है। हमारा लड़का ही रियासत का मालिक होगा।'

पत्नी प्रसन्न होकर बोली---'यह तो बड़ी अच्छी बात है। तो बस पक्का कर लो।'

'कुण्डली मिला कर ब्याह करेंगे। जो कुण्डली न मिली तो?'

'तो फिर भगवान की मरजी। उसमें हम---तुम क्या कर सकते हैं।'

परन्तु पण्डित जी का ऐसा विश्वास नहीं था। उन्होंने सोचा--- 'कुण्डली मिलाना तो अपने हाथ की बात है, इसमें भगवान क्या कर सकता है।'

यह सोच कर आप बोले--'अच्छा! कुण्डली ईश्वर चाहेगा तो मिल ही जायगी।'

दूसरे दिन जब लड़की वाले कुण्डली मांगने आये तो आप उनसे बोले 'कुण्डली तो नाना के घर में है। बात यह है कि लड़का अधिकतर वहीं रहा है, इस कारण वहीं है। मैंने आज चिट्ठी डाल दी है---एक सप्ताह में आ जायगी---तब तक आप लड़की को कुण्डली भेज दें।

'लड़की की कुण्डली तो हम साथ ही लाये हैं---यदि आप चाहें तो ले लें।'

पण्डित जी बोले---'हाँ, हाँ, लाइये!'

'बात यह है कि मैं स्पष्ट आदमी हूँ। सब काम साफ और शुद्ध करता हूं।'

'क्या सुन्दर बात कही है आपने! यही मेरा भी स्वभाव है। सफाई से बढ़ कर और कोई चीज नहीं। तो कुण्डली दे जाइये। लड़के की कुण्डली में आते ही भेज दूँगा। पता दे जाइये अपना।'

उन्होंने लड़की की कुण्डली और लड़के वाले का पता ले लिया।

अब पण्डित जी बड़े प्रसन्न थे। सोचते थे हमने किस युक्ति से लड़की की कुण्डली ले ली। दूसरे ही दिन आपने अपने ज्योतिषी जी को बुलवाया और उन्हें लड़की की कुण्डली दिखाई। ज्योतिषी जो कुण्डली देख कर बोले--- 'लड़की के ग्रह तो बड़े सुन्दर पड़े हैं---राजयोग पड़ा हुआ है।'

'सो तो पड़ेना ही चाहिए। अच्छा हमारे लड़के की भी कुण्डली ऐसी बना दीजिए कि लड़की की कुण्डली से कमजोर न रहे और मिल भी जाय।'

ज्योतिषी जी ने स्वीकार कर लिया।

चार दिन पश्चात् ज्योतिषी जी कुण्डली बना कर ले आये। कुण्डली देकर बोले---'बड़ी कठिनता से बनी है, परन्तु महीना, तिथि तथा समय बदल गया---सम्वत् वही रहा।'

'कोई चिन्ता नहीं। मिला कर बनाई है।'

'और क्या इसीलिए तो कठिनता पड़ी।'

'मैंने लड़के की कुण्डली में भी राजयोग कर दिया है और लड़का मंगली था सो वह योग भी हटा दिया।'

'बड़ा अच्छा किया। इसी की आवश्यकता थी।'

आपने झट दूसरे दिन जन्म-कुण्डली डाक द्वारा भेज दी। एक सप्ताह पश्चात लड़की वाले पुन: आए। पण्डित जी ने पूछा---'कुण्डली मिल गई?'

'हाँ बहुत अच्छी मिल गई है।'

'हाँ मैंने भी मिलवा ली---ठीक मिलती है।'

इसके पश्चात विवाह पक्का हुआ। लेन-देन का प्रश्न आने पर पण्डित जी बोले---'मैं ठहरा कर विवाह करने के विरुद्ध हूँ। आप हमारी और पनी हैसियत देखकर काम करें, चार आदमी हँसे नहीं, बस इतना चाहता हूं।'

'सो तो ईश्वर चाहे कदापि न होगा। इससे आप निश्चित रहें। मेरे भी चार नाते-रिश्तेदार हैं। मुझे उनका भी तो ख्याल है।'

'बेशक! होना ही चाहिए।'

विवाह की तिथि निश्चित हो गई। समय समय पर सब रस्में भी पूरी हुई। परन्तु रस्मों में जो देन-लेन किया गया वह विशेष उत्साहप्रद नहीं था। पत्नी ने इस बात की शिकायत पण्डित जी से की तो वह बोले---'सब ठीक है, बोलो नहीं। न दें इस समय---कंजूस स्वभाव वाले ऐसे ही होते हैं--परन्तु अन्त को तो देना ही पड़ेगा।'

यह सुन कर पत्नी को भी सन्तोष हो गया।

विवाह होकर जब लड़की घर आई तो पत्नी को बड़ी निराशा हुई। लड़की रूपवान तो जरा भी न थी साथ ही उसका स्वास्थ्य भी अच्छा न था। पत्नी ने यह समाचार पति को दिया।

पण्डित जी बोले--'खैर रूपवान नहीं है तो न सही! परन्तु स्वास्थ्य ठीक होना चाहिए।'

'ऐसा कोई बहुत गड़बड़ भी नहीं है परन्तु बहुत तन्दुरुस्त नहीं है।'

'बस काफी है। हाँ एक काम करना होगा।'

'वह क्या?'

'लड़के को सुसराल में ही रखना होगा।'

'यह क्यों?'

'वहाँ रहेगा तो कोई रोजगार-व्यापार कर लेगा---रुपया वही देंगे?'

'बड़े भाग्य से यह सम्बन्ध मिला है। मैंने थोड़ी बुद्धिमानी से काम लिया न कहोगी। इतने सम्बन्ध आये, पर मैंने सब अस्वीकार कर दिए। स्वीकार कर लेता तो यह बढ़िया सम्बन्ध कहां मिलता।'

'ठीक बात है। इसीलिए तो कहा है कि धीरज से काम करना अच्छा होता है।'

'लड़की बिदा हो जाय तो एक महीने बाद मैं लड़के को वहीं भेज दूँगा। अपना वहीं रहेगा और वहीं कोई रोजगार कर लेगा। तुम देखती तो जाओ मैं दो चार बरस में ही लड़के को वहाँ का मालिक बना दूँगा।'

कुछ दिन पश्चात् पण्डित रामशरण ने लड़के को ससुराल भेज दिया और अपने सम्बन्धी को पत्र लिखा। 'प्रिय भाई साहब, चिरंजीव कृष्ण शरण को आपके पास भेजता हूँ। यह मेरे वश का नहीं है। दुकान का काम नहीं देखता, इधर उधर घूमने-फिरने में समय बर्बाद करता रहता है। इन सब बातों को ध्यान में रख कर मैं इसे आप के पास भेजता हूँ। आप इसे किसी काम में लगाइये। वहाँ रह कर यह सुधर जायगा। योग्य सेवा लिखते रहें।'

भवदीय:---रामशरण

कृष्ण शरण ससुराल पहुँच गया। उसके श्वसुर ने पण्डित राम शरण को लिखा---

'प्रिय भाई जी, चिरंजीव कृष्णशरण आगया है। आप ने बड़ा अच्छा किया जो चिरंजीव को यहाँ भेज दिया। यहाँ कुछ दिन रहकर ठीक हो जायगा। प्रकट में तो उसका व्यवहार ऐसा नहीं है। खैर, जो भी हो! यहाँ महीना-दो महीना रहने से सब ठीक हो जायगा।

योग्य सेवा लिखते रहें।'

भवदीय---शंकर प्रसाद

यह पत्र पाकर पण्डित रामशरण बहुत हँसे। पत्नी से बोले--- 'लिखते हैं महीना दो महीना रहने से, यह नहीं कहते कि अब वह वहीं रहेगा।'

पांच महीने और व्यतीत हो गये। पण्डित रामशरण समय समय पर लड़के को यही परामर्श देते रहे कि अभी वहीं रहो और किसी कार्य में लगने का प्रयत्न करो।

पाँच मास व्यतीत हो जाने पर एक दिन उन्हें शंकर का पत्र मिला। उसमें लिखा था—प्रिय भाई जी, आपको यह जान कर अत्यन्त प्रसन्नता होगी कि चिरंजीवी सौभाग्यवती चम्पादेवी को परसों सन्ध्या के समय शुभ मुहूर्त तथा लग्न में भाई की प्राप्ति हुई है। सूचनार्थ निवेदन है। योग्य सेवा लिखते रहें।

भवदीय

शंकर प्रसाद

चम्पा देवी कृष्णशरण को पत्नी का नाम था। यह पत्र पढ़कर पण्डितजी की आँखों के नीचे अँधेरा छा गया।

कुछ देर बाद जब सावधान हुए तो पत्नी के पास पहुंचकर बोले—'किस्तू की माँ, तुम्हारे समधी के लड़का हुआ है।'

किस्नू की माँ घबराकर बोली—'क्या?' 'कब?'

'परसों' तुम्हारी बहू' व्याह को छ: महीने हुए। इस से तो मालूम होता है कि व्याह के समय किस्नू की सास गर्भवती थी।'

'हाँ'

'यह बात उन्होंने नहीं बताई—छिपा गये।'

'अब किस्नू को बुला लो। अब गुजर नहीं होगा। भाग में यही बदा था न लड़की ढंग की मिली न और कुछ मिला।'

'मैं खुद जाऊँगा। जरा उनसे दो-दो बातें तो कर आऊँ।'

रामशरण दो चार दिन बाद समधियाने पहुँचे। समधी से आप बोले—'आपने लड़के को किसी काम में नहीं लगाया।'

समधी ने उत्तर दिया—'किस काम में लगाऊँ, समझ में नहीं आता। अब तो बिलकुल ठीक है, यहाँ तो कोई ऐसी बात नहीं की जिससे हमें कुछ शिकायत होती। आप इसे ले जाइये—वहीं अपनी दुकान पर बिठाइये। वह काम इसका समझा हुआ है। किसी दूसरे काम का अनुभव इसे नहीं है।'

रामशरण चुप हो गए। कोई उत्तर ही समझ में नहीं आया।

कृष्ण शरण ने उनसे अकेले में कहा—'अब यहाँ मेरा रहना उचित नहीं है। जब से लड़का हुआ है तबसे मेरे साथ इनका व्ययहार भो रूखा हो गया।'

'सो तो हो ही जायगा। जो मुझे यह पता होता कि बच्चा होने वाला है तो कदापि विवाह न करता और करता तो पहले काफी रकम धरा लेता। हम तो धोखे में ही मारे गये।'

पण्डित रामशरण लड़के को लेकर लौटे। चलते समय उनको क्रोध शान्त करने का उन्हें कोई अवसर नहीं मिला था। उन्हें और कुछ तो सूझा नहीं। दांत किटाकिटा कर बोले—तुमने समझा होगा कि जन्मपत्र मिलाया है, परन्तु वह जन्मपत्र असली नहीं था।'

शंकर दयाल हाथ जोड़ कर बोला—'तो क्या चिन्ता है, मैंने भी तो लड़की की नकली जन्मपत्री आपको दी थी! हिसाब किताब बराबर न आपको शिकायत न मुझे।'

रामशरण का मुँह धुआं हो गया। यह बार भी उलटा उन्हीं पर पड़ा। रोते-पीटते घर वापिस आये।

## ग़ज़ल

■ शकेब जलाली

ग़म-ए-दिल हीता-ए-तहरीर में आता ही नहीं
जो किनारों में सिमट जाए वो दरिया ही नहीं

ओस की बूंदों में बिखरा हुआ मंज़र जैसे
सब का इस दौर में ये हाल है मेरा ही नहीं

बर्क़ क्यूँ उन को जलाने पे कमर-बस्ता है
मैं तो छाँव में किसी पेड़ की बैठा ही नहीं

इक किरन थाम के मैं धूप-नगर तक पहुँचा
कौन सा अर्श है जिस का कोई ज़ीना ही नहीं

कोई भूला हुआ चेहरा नज़र आए शायद
आइना ग़ौर से तू ने कभी देखा ही नहीं

बोझ लम्हों का हर इक सर पे उठाए गुज़रा
कोई इस शहर में सुस्ताने को ठहरा ही नहीं

साया क्यूँ जल के हुआ ख़ाक तुझे क्या मालूम
तू कभी आग के दरियाओं में उतरा ही नहीं

मोती क्या क्या न परे हैं तह-ए-दरिया लेकिन
बर्फ़ लहरों की कोई तोड़ने वाला ही नहीं

इस के पर्दों पे मुनक़्क़श तिरी आवाज़ भी है
ख़ाना-ए-दिल में फ़क़त तेरा सरापा ही नहीं

हाइल-ए-राह थे कितने ही हवा के पर्बत
तो वो बादल कि मिरे शहर से गुज़रा ही नहीं

याद के दाएरे क्यूँ फैलते जाते हैं 'शकेब'
उस ने तालाब में कंकर अभी फेंका ही नहीं

## मजदूर का जन्म

■ केदारनाथ अग्रवाल

एक हथौड़ेवाला घर में और हुआ !
हाथी सा बलवान,
जहाजी हाथों वाला और हुआ !
सूरज-सा इन्सान,
तरेरी आँखोंवाला और हुआ !!
एक हथौड़ेवाला घर में और हुआ!
माता रही विचार,
अँधेरा हरनेवाला और हुआ !
दादा रहे निहार,
सबेरा करनेवाला और हुआ !!
एक हथौड़ेवाला घर में और हुआ !
जनता रही पुकार,
सलामत लानेवाला और हुआ !
सुन ले री सरकार!
कयामत ढानेवाला और हुआ !!
एक हथौड़ेवाला घर में और हुआ !

# 'मंजिल तक पहुंचने के जुनून की कहानी है'-'ट्वेल्थ फेल'

समीक्षा

■ डॉ. रीना सिंह

हमारे देश में होने वाली कई परीक्षाओं को सिर्फ देश ही नहीं बल्कि दुनिया की सबसे कठिन श्रेणी में रखा जाता है। उनमें से एक है यू पी एस सी परीक्षा अर्थात संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा। आंकड़ों के अनुसार प्रतिवर्ष लगभग बारह से तेरह लाख उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए आवेदन करते हैं, जिसमें लगभग तेरह से चौदह हजार उम्मीदवार पूर्व परीक्षा में सफल होते हैं और सिर्फ तीन से चार हजार विद्यार्थी ही इंटरव्यू राउंड तक पहुंच पाते हैं। आखिरी पड़ाव पार कर मंजिल तक पहुंचाने वालों की संख्या सिमट कर आठ से नौ सौ भाग्यशाली उम्मीदवारों तक रह जाती है।

छोटे शहरों के ग्रामीण इलाकों से कई युवा आंखों में सपना और दिल में बड़े अरमान लेकर दिल्ली और इलाहाबाद जैसे शहरों में सिविल सर्विस परीक्षा की तैयारी करने के लिए आते हैं। हर साल लाखों युवा यू पी एस सी की परीक्षा देते हैं, लेकिन इनमें से कुछ ही अपना ख्वाब पूरा कर पाते हैं । इन्हीं भाग्यशाली लोगों में से एक हैं- मनोज कुमार शर्मा। मनोज कुमार शर्मा वर्तमान में मुंबई पुलिस में एडिशनल कमिश्नर हैं। मनोज शर्मा के संघर्ष को काफी करीब से देखने वाले उनके पीसीएस मित्र अनुराग पाठक ने मनोज के 12 वीं फेल से लेकर आई पी एस बनने तक की संघर्ष गाथा को अपने पुस्तक 'ट्वेल्थ फेल' में बखूबी बयां किया है। 'ट्वेल्थ फेल' हारा वही जो लड़ा नहीं, पुस्तक नियोलिट पब्लिकेशन द्वारा सन 2019 में प्रकाशित की गई। यह किताब अमेजॉन पर बेस्ट सेलिंग किताब के रूप में दर्ज है। इसी किताब की कथावस्तु पर निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा ने 'ट्वेल्थ फेल' फिल्म बनाई। फिल्म में मुख्य भूमिका अभिनेता विक्रांत मेसी और अभिनेत्री मेधा शंकर ने निभाई है। इस फिल्म का जनमानस पर गहरा प्रभाव पड़ा है।

'ट्वेल्थ फेल' की कहानी एक आईपीएस अफसर की प्रेरणादायी कहानी है। मनोज मध्य प्रदेश चंबल गांव का लड़का है। वह 12वीं की परीक्षा में फेल हो जाता है क्योंकि नए डीएसपी दुष्यंत सिंह छात्रों को बोर्ड की परीक्षा में नकल करने से रोकते हैं। मनोज अगले साल थर्ड डिवीजन से बोर्ड परीक्षा पास करता है। उसके सभी दोस्त फर्स्ट डिवीजन से पास होते हैं लेकिन सबसे ज्यादा खुश मनोज था क्योंकि उसने बिना चीटिंग के परीक्षा पास की थी। दुष्यंत सिंह से प्रभावित मनोज उनकी ही तरह बनना चाहता था। घर की आर्थिक हालत अच्छी नहीं थी। पिता भी ईमानदारी के चलते सस्पेंड हो चुके थे । ऐसे में स्नातक पूरा होने के बाद मनोज की दादी उसे अपनी पूरी जमा पूंजी सौंपती है ताकि वह शहर जाए और एक दिन खाकी वर्दी पहन कर घर लौटे। ग्वालियर पहुंचकर उसका सारा सामान और पैसा चोरी हो जाता है। वहीं पर उसे मालूम पड़ता है कि पीसीएस की परीक्षा सरकार ने 3 साल के लिए रोक दी है। पांडे जो आगे चलकर मनोज का बहुत बड़ा मददगार बनता है, उसे यूपीएससी के बारे में बताता है। वही उसे दिल्ली तक लेकर आता है। दिल्ली पहुंचकर मनोज यूपीएससी की परीक्षा के लिए लाइब्रेरी से लेकर आटा चक्की में काम करता है। 14 घंटे काम, 6 घंटे पढ़ाई और चार घंटे नींद के साथ ही मनोज को गांव में मां और परिवार की चिंता भी थी। यहीं पर उसकी मुलाकात श्रद्धा से होती है, जो उत्तराखंड पीसीएस की तैयारी कर रही थी। श्रद्धा का प्रेम मनोज के लिए प्रेरणा के रूप में काम करता है और अंततः अपनी विपरीत परिस्थितियों से संघर्ष करता हुआ मनोज अपने चौथे और आखिरी प्रयास में 121 वीं रैंक के साथ आईपीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करता है।

फिल्म में मनोज की दादी का किरदार बड़ा ही दिलेरी वाला है। वही दिलेरी उसके पिता में और फिर मनोज में दिखाई देती है। ईमानदारी के साथ निडरता से खड़ा रहना यह उसने अपने पिता और दादी से ही सीखा था परंतु पुस्तक में दादी का किरदार कहीं नहीं दिखाई देता।

कथावस्तु की बात करें तो फिल्म में दिखाई गई कहानी और उपन्यास की कहानी में थोड़ा बहुत ही अंतर है। फिल्म में जहां कहानी मनोज के पिता के सस्पेंशन से शुरू होती है, वहीं उपन्यास में उनका सस्पेंशन काफी बाद में बताया गया है, जब मनोज थर्ड ईयर में पढ़ रहा था। फिल्म में मनोज को यूपीएससी की परीक्षा की कोई जानकारी नहीं थी। पुस्तक में भी यही बताया गया है। लेकिन पुस्तक में यह भी बताया गया है कि मनोज को जब यूपीएससी परीक्षा की जानकारी हुई उससे पहले ही वह मध्य प्रदेश पीसीएस की परीक्षा दो बार दे चुका था, जिसमें वह असफल हो गया था। मनोज के जीवन को बदलने वाले एसडीएम दुष्यंत कुमार सिंह से मनोज की मुलाकात गांव में हो रहे क्रिकेट के दौरान होती है जहां दुष्यंत कुमार मनोज की कमेंट्री के तरीके से प्रभावित होते हैं और उसकी तारीफ करते हैं। या दृश्य फिल्म में नहीं है। मनोज की एक और प्रेरणा स्रोत, उसकी प्रेमिका श्रद्धा जोशी से उसकी मुलाकात लाइब्रेरी में नौकरी के दौरान होती है। फिल्म में उनकी मुलाकात क्लासेस में प्रवेश लेते समय बताई गई है। फिल्म में श्रद्धा मनोज को एरोनॉटिकल इंजीनियर समझने लगती है और सच्चाई जानकर वह मनोज से नाराज भी हो जाती है, लेकिन पुस्तक में ऐसी किसी घटना का जिक्र नहीं है। मनोज के जीवन का एक और अंश फिल्म में नहीं दिखाया गया है जहां वह स्वामी विवेकानंद से बहुत प्रभावित रहता है। विवेकानंद के तीन दिन के युवा प्रेरणा शिविर ने मनोज के जीवन की दिशा बदल दी थी। मनोज ने वहां पर तीन दिन रहकर मन लगाकर काम किया और श्रेष्ठ कार्यकर्ता का पुरस्कार भी प्राप्त किया। उसने अब यूपीएससी को छोड़कर अपना सारा जीवन देशभक्ति और समाज सेवा में लगाने का प्रण कर लिया था। गांव जाने पर अपने मित्र राकेश को जब उसने यह बात बताई तो राकेश ने अपनी बातों से उसकी आंखें खोल दी, 'मनोज तुझे क्या लगता है, घर छोड़-छाड़ के संत महात्मा बनकर ही देश सेवा होत है? मास्टर, दुकानदार, पुलिस, को सिपाही, किसान, मजदूर, के देश की सेवा नहीं कर रहे? जो आदमी अपनों काम ठीक ढंग ते कर रहो वो देश की सेवा कर रहो, जो अपनों काम ईमानदारी ते नहीं कर रहो वो देश की सेवा नहीं कर रहो, चाहे वो फिर कलक्टर हो, एसपी हो चाहे किसी मठ का महंत। देश की सेवा करबे के लिए पीएससी में पास होना जरूरी है। तुझे एसडीएम बनके ही देश की सेवा करनी चाहिए। नहीं तो ऐसे मठ आश्रम में अपनी जिंदगी से भागने वाले तमाम लोग टाईम काट रहे हैं। काशी, वृंदावन, प्रयाग में कई अपराधी पुलिस से बचने के लिए साधु बने बैठे हैं।' मनोज को राकेश की बात सही लगती है। अब वह दृढ़ संकल्प होकर परीक्षा की तैयारी में लग जाता है। मनोज अपने इंटरव्यू में भी स्वामी विवेकानंद के कथन 'उठो, जागो और तब तक आगे बढ़ो जब तक मंजिल की प्राप्ति ना हो जाए।' से साक्षात्कारकर्ताओं को प्रभावित करता है, जो फिल्म में नहीं दिखाया गया है। मनोज का आखिरी परिणाम दिखाकर पुस्तक की कहानी का अंत होता है, जबकि फिल्म में उसका और श्रद्धा का विवाह और दुष्यंत कुमार से मिलना भी बताया गया है।

फिल्म में मनोज की दादी का किरदार बड़ा ही दिलेरी वाला है। वही दिलेरी उसके पिता में और फिर मनोज में दिखाई देती है। ईमानदारी के साथ निडरता से खड़ा रहना यह उसने अपने पिता और दादी से ही सीखा था परंतु पुस्तक में दादी का किरदार कहीं नहीं दिखाई देता। मनोज की मां भले ही अपने पति की ईमानदारी से चिढ़ती हुई दिखाई देती है, लेकिन अपने बच्चों को वह बेईमानी करना नहीं सिखाती। वह भी चाहती है कि उसका बेटा एक बड़ा पुलिस ऑफिसर बने। मनोज को जब भी रूपयों की आवश्यकता पड़ती, उसकी मां ही जमा की हुई पूंजी या उधार लेकर उसकी मदद करती। मनोज के व्यक्तित्व को गढ़ने में उसकी मां का भी अहम भूमिका थी। श्रद्धा जोशी के चरित्र के विकास को फिल्म में उतनी जगह नहीं दी गई है जितना उपन्यास में अनुराग पाठक ने दिया है। विषम परिस्थितियों में भी श्रद्धा का साथ मनोज के लिए प्रेरणा का काम करता है। यह श्रद्धा का ही प्रेम था जिसके चलते मनोज ने आईपीएस बनाकर 'सारी दुनिया उलट-पुलट दी थी'। मनोज के मित्र रविकांत पांडे के चरित्र के कई पहलुओं पर भी फिल्में कैंची चलाई गई है। कुल मिलाकर फिल्म और किताब की कथावस्तु और चरित्रांकन में उन्नीस-बीस का ही अंतर है। चूंकि फिल्म को ढाई घंटे के अंतराल में समेटना होता है, अत: कई बार मूल पुस्तक से यह कांट-छांट आवश्यक हो जाती है।

अगर बात करें उपन्यास की भाषा की तो ग्रामीण पृष्ठभूमि से होने की वजह से कहीं-कहीं बुंदेलखंडी भाषा का प्रयोग किया गया है। उपन्यास के पात्रों द्वारा बोली जाने वाली बोली भाषा को ज्यों का त्यों फिल्म में दिखाया गया है। एक महिला मनोज की तारीफ करती हुई कहती है, 'हमारो मोड़ा बिल्कुल ना पढ़त। एक मनोज है, रात भर छत पे लालटेन से पढ़त रहतो।' 4 क्रिकेट खेलने के लिए जब मनोज अपनी मां से 10 रुपये मांगता है तो मां कहती , 'मुझ पे नहीं है पैसा। तेरे बाप ने तो सात महीना से मुंह ना दिखाओ, मैं उधर मांग-मांग के घर चलाये रही हों। कहां से लाऊं पैसा?' 5 मनोज के 12 वीं फेल होने पर चाचा श्यामनाथ उसके पिताजी का कान भरते हुए कहते हैं, 'गणित,फिजिक्स केमिस्ट्री में दस नंबर भी ना छू पायो। अंग्रेजी में पचास में से बारह नंबर आए हैं। मैंने तो पहले ही कही थी कि मनोज को अपने साथ ले जाओ। साथ रहेगो तो कछु पढ़ लेगो। गांव में तो आवारागर्दी ही करैगो। है गयो फेल।'

एक ट्वेल्थ फेल यूपीएससी एस्पीरेंट की कहानी के साथ यह फिल्म कई सामाजिक मुद्दों पर भी सवाल उठाती है। यह फिल्म हमारी शिक्षा प्रणाली की खामियों पर प्रहार करती है। जिस देश में शिक्षक ही विद्यार्थियों को नकल करवा रहे हों उसे देश का भविष्य निश्चित ही खतरे में होगा। सदियों से यह व्यवस्था यूं ही चली आ रही है क्योंकि भ्रष्ट राजनेता चाहते हैं कि समाज के युवा मूर्ख बने रहें, ताकि उन्हें दबाया जा सके और उन पर शासन किया जा सके। लेकिन कुछ दुष्यंत कुमार जैसे अधिकारी भी होते हैं जिन्हें 'जमी जमाई व्यवस्था उजाड़ने में मजा आता है' और जिससे प्रेरित होकर मनोज कुमार शर्मा जैसे युवा आईपीएस बनकर इस व्यवस्था को सुधारने का प्रण लेते हैं। इस फिल्म में कोचिंग के रूप में जो लूट मची हुई है उस पर भी प्रकाश डाला गया है। पुस्तक और फिल्म दोनों में ही बताया गया है कि किस प्रकार कोचिंग सेंटर वाले विद्यार्थियों को बड़े-बड़े सपने दिखाकर पैसे लूटने में लगे पड़े हैं। कई कोचिंग सेंटर लड़के-लड़कियों के प्रेम का अड्डा बने हुए हैं तो कई कोचिंग सेंटर झूठ का सहारा लेकर टॉपर्स को पैसे खिलाकर उनके नाम से अपना कोचिंग इंस्टिट्यूट चलते हैं। लेकिन कुछ विकास दिव्यकीर्ति जैसे शिक्षक भी है. जो सही मायने में सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को अपनी कोचिंग के माध्यम से उन्हें मंजिल तक पहुंचाने का स्तुत्य प्रयास करते हैं। यह फिल्म सिखाती है कि कैसे असंभव को भी अपने परिश्रम और दृढ़ संकल्प से संभव किया जा सकता है।

इस फिल्म ने हिंदी फिल्म जगत में कई कीर्तिमान रचे हैं। इस फिल्म के अभिनेता विक्रांत मैसी को इस वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (आलोचक) का पुरस्कार मिला है। पुरस्कार मिलने पर विक्रांत मैसी ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि यह सिर्फ हम हैं, 12वीं फेल जिसने जीत हासिल की है बल्कि हर आदमी और हर आम महिला ने आज हमारे साथ जीत हासिल की है।'

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## फिलीपींस में महसूस किए गए भूकंप के तेज झटके

**मनीला,** 4 मई (एजेंसियां)। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनो लॉजी एंड सीस्मोलॉजी ने बताया कि मध्य फिलीपींस के लेयटे प्रांत में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.0 मापी गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप स्थानीय समयानुसार शाम 6:16 बजे आया। भूकंप तटीय शहर डुलाग से लगभग 32 किमी दक्षिणपूर्व में 8 किमी की गहराई पर आया। संस्थान ने कहा कि टेक्टोनिक भूकंप के बाद झटके आएंगे और नुकसान होगा। भूकंप के झटके प्रांत के कुछ हिस्सों में भी महसूस किया गए हैं। प्रशांत 'रिंग ऑफ फायर' के साथ स्थित होने के कारण द्वीपसमूह फिलीपींस में अक्सर भूकंपीय गतिविधियां होती रहती हैं।

# संरा में गूंजीं भारत की महिला नेताओं की आवाजें

- एसडीजी के स्थानीयकरण को आगे बढ़ाने में अपने अनुभव व नवाचार किए साझा
- महिलाओं ने जमीनी स्तर के नेतृत्व की परिवर्तनकारी शक्ति का दिया उदाहरण
- केंद्र की 'ड्रोन दीदी' और 'लखपति दीदी' पहल जैसे उदाहरणों का दिया हवाला



**न्यूयॉर्क,** 4 मई (एजेंसियां)। भारत की पंचायती राज संस्थाओं की निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की प्रेरणादायक कहानियां संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के सभागार में गूंजती रहीं, जब तीन प्रतिष्ठित जमीनी स्तर के नेता शुक्रवार को 'एसडीजी का स्थानीयकरण : भारत में स्थानीय शासन में महिलाएं कर रही हैं नेतृत्व' शीर्षक वाले साइड इवेंट में मुख्य मंच पर आए।

त्रिपुरा से सुप्रिया दास दत्ता, आंध्र प्रदेश से कुनुकु हेमा कुमारी और राजस्थान से नीरू यादव ने स्थानीय शासन और कई विषयगत क्षेत्रों में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के स्थानीयकरण को आगे बढ़ाने में अपने अनुभव और नवाचार साझा किए। इनमें बाल विवाह से निपटने से लेकर स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका के अवसर और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना शामिल था। तीनों ने जमीनी स्तर के नेतृत्व की परिवर्तनकारी शक्ति का उदाहरण दिया, क्योंकि उन्होंने नेतृत्व की अपनी यात्रा में चुनौतियों और संघर्षों का सामना किया और उन पर काबू पाया।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन और पंचायती राज मंत्रालय ने संयुक्त रूप से संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के सहयोग से न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय सचिवालय भवन में साइड इवेंट का आयोजन किया।

राजदूत रुचिरा कंबोज ने विकेंद्रीकृत शक्ति और प्रत्यक्ष लोकतंत्र के प्रतीक के रूप में भारत की अनूठी पंचायती राज प्रणाली पर प्रकाश डालते हुए इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की, जो सक्रिय लोगों की भागीदारी की सुविधा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज प्रणाली के 14 लाख से अधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के साथ भारत की यात्रा सशक्तीकरण, समावेशन और प्रगति की कहानी है, विशेष रूप से महिला नेतृत्व में हुई प्रगति को उजागर करती है।

राजदूत कंबोज ने महिलाओं के मुद्दों को संबोधित करने पर विशेष ध्यान देने के साथ एसडीजी के साथ स्थानीय नियोजन प्रक्रियाओं के सावधानीपूर्वक संरेखण पर भी जोर दिया।

पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज ने कहा कि जमीनी स्तर पर महिलाओं को सशक्त बनाना भारत की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार की 'ड्रोन दीदी' और 'लखपति दीदी' पहल जैसे उदाहरणों का हवाला देते हुए आर्थिक सशक्तीकरण सुनिश्चित करने के लिए विकास और नीतिगत हस्तक्षेप के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने में पंचायती राज संस्थानों द्वारा अपनाए गए अभिनव दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला।

## संरा का भारत को लेकर बाइडेन के बयान पर प्रतिकिया देने से इनकार

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने राष्ट्रपति जो बाइडेन के उस दावे पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया है जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत की अर्थव्यवस्था धीमी है क्योंकि यह 'जेनोफोबिया' देश है यानी यह विदेशी लोगों को पसंद नहीं करता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने जो कहा, उस पर मैं टिप्पणी नहीं करूंगा।



संयुक्त राष्ट्र की जेनोफोबिया की परिभाषा के बारे में संवाददाता द्वारा पूछे जाने पर, हक ने कहा कि यह केवल शब्दकोश परिभाषा है। बाइडेन ने बुधवार को कहा था कि आप जानते हैं, हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ने का एक कारण क्या है आप और अन्य लोग। क्यों? क्योंकि हम अप्रवासियों का स्वागत करते हैं। क्यों चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह रुका हुआ है? जापान को परेशानी क्यों हो रही है? भारत को क्यों दिक्कत हो रही है? क्योंकि वे अपने देश में अप्रवासी नहीं चाहते। हालांकि , कई अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट बाइडेन के दावे से अलग कहानी बताती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार, अमेरिकी अर्थव्यवस्था पिछले साल 2.5 प्रतिशत बढ़ी और इस साल 2.7 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।

## सुडोकू 6545

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | 7 |
| 8 | 2 | | | | | 6 | 9 | |
| | | 4 | | 3 | | 5 | 2 | |
| | | 2 | | | 9 | 1 | 6 | |
| 3 | | | 1 | | 6 | | | 2 |
| | 1 | 8 | 2 | | | 7 | | |
| | 4 | 5 | | 2 | | 3 | | |
| | 8 | 6 | | | | | 1 | 5 |
| 7 | | | | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 5 मई, 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 12

### राशिफल

मेष - आप तन-मन से अस्वस्थ रहेंगे। बुखार, सर्दी या कफ जैसी समस्याएं उत्पन्न होंगी। किसी का भला करने के चक्कर में आप अपना नुकसान कर बैठेंगे। अधिक खर्च होने की संभावना है।

वृषभ - आपके व्यापार और आय में वृद्धि होगी। आप नए संपर्क बना सकेंगे। मित्रों के साथ मौज-मस्ती करने का समय है। प्रवास की भी संभावना है। महिलाओं से लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के साथ संबंध अधिक मधुर बनेंगे।

मिथुन - आज का दिन अच्छा होने के कारण आपके सभी काम अच्छी तरह संपन्न होंगे। घर और ऑफिस का वातावरण प्रफुल्लित और आनंदमयी बना रहेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

कर्क - तन-मन में आनंद की अनुभूति होगी। आपके भाग्य में निखार आ सकता है। विदेश से अच्छे समाचार मिलेंगे। धर्म संबंधी कामकाज या दर्शन के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

सिंह - आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। तबीयत खराब होने के कारण खर्च होने की संभावना है। स्वभाव उग्र बनेगा, ऐसे में वाणी पर संयम रखना आवश्यक है। आपको नकारात्मक विचार बहुत परेशान करेंगे।

कन्या - आप समाज में यश, प्रतिष्ठा और ख्याति प्राप्त कर सकेंगे। महिलाओं से लाभ हो सकता है। सामाजिक जीवन में आनंद की अनुभूति होगी। नए परिधान तथा अलंकार खरीद सकेंगे। नए मित्रों से मिलने की संभावना है।

तुला - आज नौकरी में लाभ तथा प्रगति का योग है। पारिवारिक वातावरण सुख-शांति से भरपूर रहेगा। विरोधियों को पराजित कर सकेंगे। सहकर्मी आपकी मदद करेंगे। ननिहाल से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृश्चिक - साहित्य तथा कला से संबंधित प्रवृत्तियों में विशेष रुचि बढ़ेगी। आप बौद्धिक चर्चा में भाग ले सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए भी समय अनुकूल है। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी करेंगे।

धनु - आपको तन-मन में थकान महसूस होगी। परिवार में तनावपूर्ण वातावरण रहेगा। इससे आपको मानसिक भय का अनुभव होगा। अनिद्रा की समस्या भी सताएगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता सताएगी।

मकर - आपका आज का दिन आनंद में व्यतीत होगा। परिस्थितियां अनुकूल होने के कारण सभी काम सरलतापूर्वक संपन्न होंगे। मानसिक खुशी का भी अनुभव होगा। व्यापार में आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

कुंभ - आपके मन में उलझन के कारण आप उचित निर्णय नहीं ले सकेंगे। स्वास्थ्य बिगड़ेगा। वाणी पर नियंत्रण न रहने के कारण व्यर्थ की चर्चा से मतभेद या संघर्ष के अवसर उत्पन्न होंगे। इच्छित सफलता नहीं मिल सकेगी।

मीन - आज आपको आनंद और उत्साह अनुभव होगा। नए काम की शुरुआत करने से लाभ हो सकता है। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मिलकर स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेने की संभावना है। आय का स्रोत जारी रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## संघर्ष विराम के लिए तुर्की ने इजरायल के साथ व्यापार रोका : एर्दोगन

**इस्तांबुल,** 4 मई (एजेंसियां)। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कहा है कि इजरायल के साथ व्यापार निलंबित करने के तुर्की के फैसले का एक ही मकसद था इजरायल सरकार को गाजा पट्टी में युद्धविराम के लिए मजबूर करना। उन्होंने शुक्रवार को इस्तांबुल में इंडिपेंडेंट इंडस्ट्रियलिस्ट्स एंड बिजनेसमैन एसोसिएशन के निदेशक मंडल के साथ बैठक के दौरान यह टिप्पणी की।



समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि सरकार इस बात पर व्यापारिक समुदाय के साथ विचार करेगी कि इजरायल के साथ व्यापार रोकने का अर्थव्यवस्था पर कितना असर पड़ेगा। तुर्की व्यापार मंत्रालय के अनुसार, गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के खिलाफ इजरायली हमले के कारण तुर्की ने गुरुवार को इजरायल के साथ सभी व्यापारिक गतिविधियां रोक दीं। एर्दोगन ने यह भी कहा कि यह निर्णय दूसरे देशों के लिए एक मिसाल कायम करेगा।

# हमास इजरायली बंधकों को रिहा करने पर सहमत

**तेल अवीव**, 4 मई (एजेंसियां)। हमास इजरायल द्वारा प्रस्तावित 33 के बजाय अपनी हिरासत में मौजूद 20 इजराइली बंधकों को रिहा करने पर सहमत हो गया है।

खलील अल-हायवा के नेतृत्व में हमास नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल इजरायल के साथ युद्धविराम के साथ-साथ इजरायली बंधकों की रिहाई के संबंध में अप्रत्यक्ष मध्यस्थता वार्ता के एक नए दौर के लिए मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंच गया है।

तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में हमास के अन्य नेताओं में जहीर जबरीन और गाजी हमद भी शामिल हैं। इजरायल रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, हमास ने कतर और मिस्र के मध्यस्थों को सूचित किया है कि वह महिलाओं, बुजुर्गों और बीमारों सहित 20 इजरायली बंधकों को रिहा कर सकता है। इजरायल ने पहले इजरायली जेलों में बंद लगभग 600 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में हमास की हिरासत में मौजूद अपने 33 बंधकों को रिहा करने का प्रस्ताव रखा था।

सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के निदेशक विलियम बर्न्स काहिरा पहुंच गए हैं और अप्रत्यक्ष मध्यस्थता वार्ता की निगरानी करेंगे।



मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया के नेतृत्व में इजरायली प्रतिनिधिमंडल पहले से ही काहिरा में है। सूत्रों के मुताबिक, हमास ने 40 दिनों के लिए युद्धविराम और बाद में गाजा पट्टी से इजरायली सेना की स्थायी वापसी की भी मांग की है। हालांकि, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मध्यस्थों को पहले ही सूचित कर दिया है कि यदि मध्यस्थता वार्ता आगे नहीं बढ़ रही है तो इजरायली सेना अगले शुक्रवार तक गाजा पट्टी के राफा क्षेत्र पर आक्रमण करेगी। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि नेतन्याहू ने अमेरिका से कहा था कि इजरायल के पास अपने बंधकों को छुड़ाने के साथ-साथ हमास को हराने के लिए राफा में सैन्य अभियान के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

# जेलेंस्की ने सैन्य सहायता को लेकर ब्रिटेन के विदेश मंत्री से की मुलाकात



**यूक्रेन को बख्तरबंद वाहन, गोला-बारूद व मिसाइलें आदि हथियारों की आवश्यकता है : जेलेंस्की**

**कीव,** 4 मई (एजेंसियां)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने सैन्य सहायता पर चर्चा करने के लिए ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन से मुलाकात की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को कीव में हुई बैठक में जेलेंस्की ने हाल ही में यूक्रेन के लिए 500 मिलियन पाउंड (630 मिलियन डॉलर) के सबसे बड़े सैन्य सहायता पैकेज को मंजूरी देने के लिए ब्रिटिश सरकार को धन्यवाद दिया। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि सहायता प्रदान करने के अमेरिका के फैसले के साथ-साथ यह पैकेज हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कैमरन को रूस-यूक्रेन युद्ध की स्थिति के बारे में जानकारी दी और ब्रिटेन से सहायता पैकेज के हिस्से के रूप में हथियार तुरंत वितरित करने का आग्रह किया। जेलेंस्की ने बताया कि यूक्रेन को खास तौर से बख्तरबंद वाहन, गोला-बारूद और विभिन्न मिसाइलें आदि हथियारों की आवश्यकता है।

ब्रिटिश संसद के अनुसार, फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से ब्रिटेन ने यूक्रेन को 12.5 बिलियन पाउंड का समर्थन देने का वादा किया है।

### यूक्रेन ने अमेरिकी मिसाइलों से क्रीमिया पर किया हमला : रूस

**कीव।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार सुबह दावा किया कि रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने यूक्रेनी बलों द्वारा क्रीमिया प्रायद्वीप पर दागी गई चार एटीएसीएमएस मिसाइलों को नष्ट कर दिया, जो उसे अमेरिका से मिले थे। क्रीमिया पर हमले का दायरे और प्रभाव का अभी पूरी तरह पता नहीं चल सका है। कीव ने अभी तक रूस के दावे पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। दो साल से ज्यादा समय से यूक्रेन के खिलाफ युद्ध लड़ रहा रूस अक्सर यूक्रेनी ड्रोन या मिसाइल हमलों के मामले में केवल अपने हवाई सुरक्षा तंत्र की कथित सफलता के बारे में जानकारी देता है।

## 35 दिनों बाद भी बाल्टीमोर बंदरगाह पर भारतीय नाविक

**वाशिंगटन,** 4 मई (एजेंसियां)। अमेरिका के बाल्टीमोर बंदरगाह के पास ब्रिज से मर्चेंट शिप के टकराने की घटना के 35 दिनों बाद भी बाद भारतीय नाविक जहाज में ही फंसे हैं।

बाल्टीमोर में 26 मार्च की सुबह एक कंटेनर जहाज ब्रिज से टकरा गया था। इस दुर्घटना में ब्रिज पर काम कर रहे छह लोगों की मौत हो गई थी।



तब से ही चालक दल के 20 भारतीय सदस्य 35 दिनों के बाद भी जहाज पर ही हैं। चालक दल का एक सदस्य जो घायल हो गया था, उसका तट पर ही उपचार किया गया और वह अगले दिन जहाज पर लौट आया। यदि उस रात सब कुछ सही रहा होता, तो वे सोमवार या मंगलवार तक कोलंबो में होते। फ्लूएंट कार्गो कंपनी का कहना है कि वह जमीन, हवा और समुद्र से ग्राहकों के लिए माल ढुलाई की योजना बना रही है। एक कंटेनर जहाज को बाल्टीमोर से कोलंबो पहुंचने में करीब 33 दिन और 21 घंटे लगेंगे। मार्च में जहाज ने स्कॉट ब्रिज के एक पिलर को टक्कर मार दी, जिससे वह गिर गया। यह 50 साल पुरानी संरचना थी।

## वर्ग पहेली 6545

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | █ | █ | ३ | | ४ | |
| | █ | | █ | ५ | | | █ | | █ |
| ६ | | | █ | | █ | ७ | | | ८ |
| | █ | | █ | ९ | | | █ | █ | |
| █ | १० | | ११ | | █ | █ | १२ | | |
| █ | | █ | | █ | १३ | | | █ | |
| १४ | | १५ | | █ | | █ | १६ | १७ | |
| | █ | | █ | १८ | | १९ | █ | | █ |
| २० | | | █ | | █ | २१ | | | २२ |
| | █ | २३ | | | | | █ | █ | |

**बायें से दायें:**

१. जिसके हाथ में चक्र हो, विष्णु
३. सर्वविदित (उर्दू)
४. आलिंगन, अंकपाश
६. माथा, ललाट
७. नुकसानदेह
९. निंदित, बेइज्जत (उर्दू)
१०. टालमटोल
१२. सूर्य
१३. घुंघरू
१४. अनमनस्यक
१६. ' टेंशन, िचंता
१८. श्रीराम के श्वसुर का नाम
२०. बंधक,रेहन (उर्दू)
२१. समान दरजे का
२३. संनापति

**ऊपर से नीचे:-**

१. आलोकित होना, चौंकना
२. उद्धार होना, मुक्ति पाना (मुहावरा(
३. प्रसन्नचित्त (उर्दू)
४. भय, दहशत
५. अग्निकांड (उर्दू)
८. नेंटनेंस, देखरेख,देखभाल
१०. उपन्यास, कहानी
११. हसरत
१२. हिंदुस्तान
१३ नया, नवीन
१४. पत्नी
१५. बजरंगबली
१७. अनीश्वरवाद
१८. सूचित करना
१९. टीस
२२. नुकसान

### वर्ग पहेली-6544

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ का | पा | २ लि | क | █ | █ | ४ ग | ड़ | ५ ब | ड़ी |
| य | █ | बा | █ | ६ सौ | गा | त | █ | ल | █ |
| ७ र | ई | स | जा | दा | █ | ८ का | रा | वा | ९ स |
| ता | █ | █ | █ | १० मि | सा | ल | █ | █ | मू |
| █ | ११ अ | ग | १२ वा | नी | █ | █ | १३ गि | र | ह |
| █ | नु | █ | प | █ | १४ इं | का | र | █ | गा |
| १५ ब्र | ज | १६ वा | सी | █ | गि | █ | १७ वी | १८ रा | न |
| म्ह | █ | स्तु | █ | १९ प | त | २० न | █ | जी | █ |
| २१ च | म | क | █ | रिं | █ | २२ य | म | व | २३ रा |
| र्य | █ | २४ ला | भ | दा | य | क | █ | █ | ष्ट्र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1818-प्रसिद्ध जर्मन दार्शनिक, अर्थशास्त्री और वैज्ञानिक कार्ल मार्क्स का जन्म।
1821-फ्राँसीसी सैन्य अधिकारी और राजनीतिक नेता नेपोलियन बोनापार्ट का निधन।
1883-सुरेन्द्र नाथ बनर्जी जेल जाने वाले पहले पत्रकार बने।
1916-भारत के पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जेल सिंह का जन्म।
1919-पेरिस में रेडक्रास सोसायटी की स्थापना।
1937-परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक मेजर होशियार सिंह का जन्म।
1944-महात्मा गांधी को जेल से रिहा किया गया।
1949-भारत में झारखंड पार्टी की स्थापना हुई ।
1954-भारतीय जनता पार्टी के नेता मनोहर लाल खट्टर का जन्म।
1961-कमांडर एलन शेफर्ड अंतरिक्ष में जाने वाले पहले अमेरिकी बने।
1970-भारत के प्रसिद्ध निशानेबाज़ समरेश जंग का जन्म।
1984-फु दोरजी बिना ऑक्सीजन के एवरेस्ट फतह करने वाले पहले भारतीय बने।
1988-एवरेस्ट की चोटी से पहला टेलीविजन प्रसारण किया गया।
1999-रोजाने प्रोदी यूरोपीय संघ के कार्यकारी अध्यक्ष बने।
2003-भारत-बंगलादेश संयुक्त नदी आयोग की बैठक सिलहट में शुरू।
2005-ब्रिटेन में मतदान, टोनी ब्लेयर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की ओर।
2006-प्रसिद्ध फ़िल्मी संगीतकार नौशाद अली का निधन।
2008-डिस्पोजल सीरिंज के आविष्कारक न्यूजीलैंड के कोलिन मार्डोक का निधन।
2010-राजस्थान सरकार द्वारा गुर्जरों को 01 प्रतिशत आरक्षण तत्काल और 4 प्रतिशत का बैकलॉग रखने के समझौते के बाद गुर्जरों ने आंदोलन समाप्त कर दिया।

**मामला** पाकिस्तान सरकार ने नई साइबर क्राइम एजेंसी बनाई

# सुरक्षा विशेषज्ञ पाकिस्तान सरकार के फैसले से सहमत नहीं

**इस्लामाबाद, 4 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान सरकार के एनसीसीआईए नामक एक राष्ट्रीय एजेंसी बनाने के फैसले ने देश में चिंता बढ़ा दी है और कई विशेषज्ञों ने कहा है कि इस कदम से न केवल नागरिकों के निजता के अधिकार पर गंभीर असर पड़ेगा। इसका उद्देश्य इमरान की पीटीआई पार्टी की व्यापक सोशल मीडिया उपस्थिति को निशाना बनाना भी था। सरकार के स्थापना प्रभाग ने सोशल मीडिया पर प्रचार और अफवाहों का मुकाबला करने और लोगों के डिजिटल अधिकारों की सुरक्षा पर ध्यान देने के साथ एनसीसीआईए के गठन की घोषणा की।**

संघीय सूचना और प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार ने गुरुवार को कहा कि ऑनलाइन सहित उत्पीड़न का अंत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन उत्पीड़न के मुद्दे को हल करने और उपभोक्ताओं के डिजिटल अधिकारों की रक्षा के लिए एनसीसीआईए जैसे प्राधिकरण की तत्काल और सख्त जरूरत थी। हालांकि, सुरक्षा विशेषज्ञ सरकार से सहमत नहीं हैं और उन्होंने नागरिकों के निजता के अधिकार पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर गंभीर चिंता जताई है।

ख्वाजा खालिद फारूक ने कहा कि यह उन चिंताओं को जन्म देता है, जो प्रयासों और संसाधनों के दोहराव से परे हैं, यह कदम नागरिकों की निजता के अधिकार को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है, जिसे साइबर सुरक्षा को मजबूत करने की जल्दबाजी में नजरअंदाज कर दिया गया है।



- निजता के अधिकार पर पड़ने वाले प्रभावों पर चिंता जताई
- इमरान खान समर्थकों को निशाना बनाने की आशंका बढ़ी

एक अन्य दृष्टिकोण में कहा गया है कि सैन्य प्रतिष्ठान सोशल मीडिया पर अपनी बड़ी उपस्थिति के माध्यम से पीटीआई द्वारा चलाए जा रहे सत्ता-विरोधी अभियानों से निपटने के लिए एक मजबूत रणनीति और अधिकार रखना चाहता है। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक जावेद सिद्दीकी ने कहा कि पीटीआई पाकिस्तान में एकमात्र राजनीतिक दल है, जिसकी सोशल मीडिया पर बहुत मजबूत माजूदगी है। इसके अभियान और सोशल मीडिया टीमों का सोशल मीडिया जुड़ाव के माध्यम से जनता पर सबसे मजबूत प्रभाव है। उन्होंने आगे कहा कि पीटीआई और इमरान खान के समर्थकों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सैन्य विरोधी भावनाएं प्रबल और व्यापक रूप से व्यक्त की गई हैं। एनसीसीआईए को नामित किया जा सकता है और सोशल मीडिया पर सत्ता विरोधी अभियानों के प्रसार से निपटने पर मुख्य ध्यान देने के लिए काम करने का निर्देश दिया जा सकता है।

## दुनिया को जानें

### बचपन में हाई बीपी से 4 गुना तक बढ़ सकता है स्ट्रोक व दिल के दौरे का खतरा

**नई दिल्ली,** 4 मई (एजेंसियां)। एक शोध से यह बात सामने आई है कि बचपन और किशोरावस्था में हाई ब्लड प्रेशर स्ट्रोक और दिल के दौरे जैसे गंभीर जोखिम को चार गुना तक बढ़ा सकता है।

हाई ब्लड प्रेशर दुनिया भर में हर 15 बच्चों में से एक को प्रभावित करता है। दुनिया भर में किशोरों के लिए यह एक बढ़ती हुई चिंता का कारण है। इसके दीर्घकालिक प्रभाव को समझने के लिए शोधकर्ताओं ने कनाडा के ओंटारियो में 1996 से 2021 के बीच उच्च रक्तचाप से पीड़ित 25,605 बच्चों और किशोरों की तुलना बिना किसी बीमारी वाले बच्चों से की। शोध में 13 वर्षों के फॉलो-अप के बाद पता चला कि हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित लोगों में दिल का दौरा, स्ट्रोक, या कार्डियक सर्जरी का जोखिम उन लोगों की तुलना में दो से चार गुना अधिक था, जो हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित नहीं थे। विशेषज्ञों ने वयस्क होने पर गंभीर हृदय रोग के खतरे को कम करने के लिए बचपन के दौरान ब्लड प्रेशर की जांच और उपचार को बढ़ावा देने पर जोर दिया। नेफ्रोलॉजी फेलो कैल एच. रॉबिन्सन ने कहा कि बाल चिकित्सा रक्तचाप जांच और नियंत्रण से हाई ब्लड प्रेशर वाले बच्चों में दीर्घकालिक हृदय स्थितियों के जोखिम को कम किया जा सकता है।

# प्रादेशिकी

## हर जिले में 10-10 छोटे नाले व धारे किए जाएंगे पुनर्जीवित : आनंद वर्धन

**देहरादून।** अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने बताया कि सभी जिलाधिकारियों को हर जिले में 10-10 छोटे नाले धारे चिन्हित कर इन्हें पुनर्जीवित करने का लक्ष्य दिया गया है। इसी तरह राज्य स्तर पर 10 छोटी नदियों को चिन्हित किया जा रहा है जिन्हें पुनर्जीवित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि 1 से 7 जून तक भारत सरकार जल संरक्षण अभियान शुरू करने जा रही है, जिसकी राज्य स्तर पर भी तैयारियां गतिमान हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण हमारे लिए चुनौती है। उन्होंने कहा कि समस्त सरकारी भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व सौर ऊर्जा के इंतजाम किये जायें। उन्होंने कहा कि पेयजल के लिहाज से अभी चुनौती आना शेष है, इसलिए अभी से तैयारियों को पुख्ता बनाएं। चारधाम यात्रा मार्गों पर सड़कें हों चकाचक'मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 मई को चारधाम यात्रा प्रारंभ होने से पहले समस्त सड़कें चकाचक हो जानी चाहिए। लोनिवि सचिव पंकज पांडेय ने अवगत कराया कि अपर सचिव व अन्य अधिकारियों के द्वारा नियमित रूप से फील्ड विजिट की जा रही है।

# आर्थिक तंगी के बावजूद कांग्रेस ने दी 1.36 लाख कर्मचारियों को पुरानी पेंशन : सुक्खू

**सोलन, 4 मई (देशबन्धु)।** जिला के नालागढ़ में आज मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने आर्थिक तंगी के बावजूद 1.36 लाख सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट बैठक में अपने चुनावी वादे को पूरा करते हुए पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल कर लाखों सरकारी कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित किया है। आज 4 हजार से ज्यादा कर्मचारी पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनपीएस के 9000 करोड़ रुपए अभी भी केंद्र सरकार के पास फंसे हैं, जिसे वापस पाने के लिए लड़ाई लड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने चार प्रतिशत मंहगाई भत्ता भी सरकारी कर्मचारियों को दे दिया है।



जनता के वोट से जब भाजपा सरकार बनाने में कामयाब नहीं हुई, तो उसे पैसों के दम पर हथियाने का प्रयास किया, लेकिन भाजपा के मंसूबे पूरे नहीं हो सके : सुखविंदर सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री

**जयराम ठाकुर देख रहे मुंगेरी लाल के सपने : सीएम**

भाजपा पर हमला बोलते हुए ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि जनता के वोट से जब भाजपा सरकार बनाने में कामयाब नहीं हुई, तो उसे पैसों के दम पर हथियाने का प्रयास किया, लेकिन भाजपा के मंसूबे पूरे नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पूरी तरह से स्थिर है और अपना पांच वर्ष का कार्यकाल अवश्य पूरा करेगी। जयराम ठाकुर मुख्यमंत्री बनने के लिए मुंगेर लाल के सपने देख रहे हैं, जो कभी पूरे नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक केएल ठाकुर पर जनता ने बहुत विश्वास किया, लेकिन उन्होंने लोगों के साथ विश्वासघात किया है।

पहले तो मुझे कहा कि आपने मेरे सारे काम कर दिए हैं, लेकिन राज्यसभा चुनाव के बाद हेलीकॉप्टर में बैठकर बाय-बाय कर चलते बने। एक महीने तक प्रदेश के बाहर महँगे होटलों में रहने के बाद वापिस आकर कह रहे हैं कि हमारा इस्तीफ़ा स्वीकार कर लो। उन्होंने कहा कि विधायक बनने के बाद कौन अपना इस्तीफ़ा हाथ में लेकर घूमता है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि नदियां व खड्डे खोदकर अपना घर भरने वाले कभी भी जनता के सेवक नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने क्षेत्र के विकास में कोई योगदान नहीं दिया। जब आपदा आई तो कश्यप ने हिमाचल प्रदेश को आर्थिक मदद देने के लिए किसी केंद्रीय मंत्री को एक चिट्ठी तक नहीं लिखी।

## पुरानी पेंशन पर भाजपा के नेता सफेद झूठ बोल रहे : नंद लाल

**शिमला, 4 मई (देशबन्धु)।** सातवें राज्य वित्तायोग के अध्यक्ष नंद लाल ने कहा कि पुरानी पेंशन पर भाजपा के नेता सफ़ेद झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि नई पेंशन स्कीम भाजपा की देन है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में अपने बयान में पुरानी पेंशन नहीं देन की बात की है। प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कह दिया है कि भाजपा पुरानी पेंशन का विरोध करती है। ऐसे में हिमाचल प्रदेश के भाजपा नेता बताएं कि क्या वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी बड़े बन गए हैं। क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल भाजपा के नेताओं को प्रदेश में पुरानी पेंशन लागू करने के लिए अधिकृत कर दिया है। अगर नहीं, तो फिर भाजपा नेता किस मुंह से पुरानी पेंशन देने की बात कर रहे हैं। नंद लाल ने कहा कि भाजपा अगर पुरानी पेंशन के पक्ष में है, तो राजस्थान में भाजपा सरकार बनते ही पुरानी पेंशन स्कीम को क्यों बंद कर दिया गया।

**पुरानी पेंशन लागू करने पर केंद्र ने हिमाचल पर प्रतिबंध लगाए**

उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को मान-सम्मान देते हुए पुरानी पेंशन लागू करने पर हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार को गर्व है। हालांकि पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने पर केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश पर कई प्रतिबंध लगा दिए हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लिए केंद्र सरकार ने लोन लेने की लिमिट 6600 करोड़ रुपए फ़िक्स कर दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश पर बाहरी सहायता प्राप्त एजेंसियों के माध्यम से आर्थिक सहायता के नए प्रस्तावों पर भी सीमा लगा दी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंत तक हिमाचल प्रदेश केवल 2,944 करोड़ रुपये तक के प्रस्तावों की मंजूरी के लिए पात्र होगा।

# झूठ बोलने के सारे रिकॉर्ड तोड़ रहे जयराम ठाकुर : जगत नेगी

**शिमला, 4 मई (देशबन्धु)।** बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने नेता विपक्ष जयराम ठाकुर पर पलटवार करते हुए कहा है कि वह बताएं किस सेब बागवान को भाजपा ने 50 रुपए का समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर झूठ बोलने के सारे रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जब भी चुनाव में हिमाचल आते हैं, तो सेब पर आयात शुल्क को दोगुना करने का जुमला बोल कर जाते हैं, लेकिन वास्तव में केंद्र सरकार ने आयात शुल्क को घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया है और हिमाचल प्रदेश के सेब बागबानों की कमर तोड़ दी है।

जगत सिंह नेगी ने कहा कि केंद्र सरकार ने एमआईएस के तहत मात्र एक लाख रुपए का टोकन बजट रखा है और जयराम ठाकुर सेब बाग़बानों को 50 रुपए न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेब बाग़बानों के साथ दग़ाबाज़ी करने के लिए भाजपा को सेब बाग़बानों को श्राप लगेगा। जयराम ठाकुर और भाजपा के गुनाहों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के आयात शुल्क घटाने से अफगानिस्तान, ईरान से सेब देश में आ रहे हैं और आज कोल्ड स्टोर में रखे सेब के उचित दाम भी बाग़बानों को नहीं मिल रहे। उन्होंने कहा कि आज कोल्ड स्टोर में रखी सेब की पेट्टी पर बाग़बानों को 800-1200 रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिसका श्रेय भाजपा की केंद्र सरकार को जाता है। आयात शुल्क घटने से हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश के सेब बाग़बान अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर पांच साल तक हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे लेकिन एक भी नया प्रोजेक्ट सेब बाग़बानों के लिए नहीं लाए। जयराम ठाकुर प्रदेश की जनता को बताएं कि वह कौन सा प्रोजेक्ट सेब बाग़बानों के लिए पांच साल में लेकर आए। बाग़वानी मंत्री ने कहा कि सेब बागबानों के हितों को देखते हुए वर्तमान प्रदेश सरकार ने अनेकों कदम उठाए हैं। किलो के हिसाब से सेब की बिक्री का काम जो पिछले कई वर्षों से नहीं हो पाया, वह काम मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने किया है।



केंद्र सरकार के आयात शुल्क घटाने से अफानिस्तान, ईरान से सेब देश में आ रहे हैं और आज कोल्ड स्टोर में रखे सेब के उचित दाम भी बागबानों को नहीं मिल रहे : जगत सिंह नेगी, बागवानी मंत्री

## सार संक्षेप

### देश में जाति, धर्म के नाम पर लोगों को बांटने की कोशिशः संजय

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस के घोषणा पत्र से पूरी तरह बौखलाई हुई है और लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा है कि देश मे हुए अब तक दो चरणों के चुनावों में भाजपा को अपनी पराजय साफ नजर आ रही है और अब वह देश मे जाति, धर्म के नाम पर लोगों को बांटने की कोशिश कर रही है। श्री अवस्थी ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल के उस वक्तव्य पर जिसमें उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र में बहुसंख्यक व अल्पसंख्यक के शव्दों को लेकर मुस्लिम तुष्टिकरण की बात कही है को पूरी तरह निराधार बताया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस देश में हमेशा समानता की पक्षधर रही है। उन्होंने कहा कि बिंदल प्रदेश में बहुसंख्यकों के बीच अपने राजनैतिक फायदे के लिये भय फैलाने की कोशिश कर रहें है।

### मतदान के दिन लगाई जाएगी एनसीसी कैडेटों की ड्यूटी : गर्ग

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने शनिवार को यहां पुलिस और नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) की राज्य स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि चुनाव आयोग ने आगामी लोकसभा आम चुनावों और छह विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उप-चुनावों के लिए एनसीसी कैडेट्स को एक जून, 2024 (मतदान दिवस) को चुनावी ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा। श्री गर्ग ने कहा कि आयोग का यह कदम युवाओं को लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में शामिल कर उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इससे युवा कैडेटों में निःस्वार्थ सेवा की भावना का संचार भी होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर उपलब्धता के आधार पर तीन कैडेट तैनात किए जाएंगे और यह तैनाती पूर्ण रूप से स्वैच्छिक आधार पर होगी।

### पंजाब में कुत्तों का आतंक, सरकार कुंभकरण की नींद सोई : प्रो. चावला

**अमृतसर।** पंजाब की पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो लक्ष्मीकांता चावला ने शनिवार को कहा कि पंजाब में आवारा कुत्तों ने आंतक फैला रखा है लेकिन देश और प्रदेश की सरकारें जनता को इस गंभीर समस्या से निजात दिलाने में असफल रही हैं। प्रो चावला ने कहा कि गत सप्ताह गुरदासपुर जिले में एक बीएसएफ जवान की पत्नी, जो दो बच्चों की मां है, को कुत्तों ने नोंच-नोंच कर मार डाला। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी त्रासदी के बाद भी पंजाब सरकार और केन्द्र सरकार खामोश है। अगर किसी को गुंडों ने गोली मार दी होती तो पुलिस महानिदेशक समेत सारा पुलिस प्रशासन हिल जाता, लेकिन पर जिस नगर निगम और स्थानीय स्वशासन का कुत्तों को नियंत्रित करना कर्तव्य है, वे सोये हुए हैं।

### सुडोकू 6545 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 9 | 1 | 6 | 8 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 1 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 3 | 9 |
| 1 | 4 | 5 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 | 1 | 5 |
| 7 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 |

## ईंट भट्टे में मजदूरों को बंधक बनाने के मामले में हाईकोर्ट ने गृह सचिव से मांगा जवाब

**नैनीताल, 4 मई (देशबन्धु)।** हाईकोर्ट ने हरिद्वार में ईट भट्टे में बंधक बना कर रखे जाने के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई के बाद गृह सचिव को जवाब दाखिल करने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 13 मई की तिथि नियत की है। कोर्ट ने सरकार से यह भी पूछा है कि जिन 37 मजदूरों को मुक्त किया गया है, उनको क्या सुविधा दी गई है। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार सहारनपुर यूपी निवासी अनिल कुमार ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि हिमालया ब्रिक फील्ड गुरूकुल नारसॉन रोड ग्राम टिकोला काला तहसील रूडकी जिला हरिद्वार के मालिक विजय पॉल व पान्टी के द्वारा 45 मजदूरों को ईट भटटे में बंधक बनाकर रखा है। याचिका में कहा कि इस प्रकरण पर याचिका दाखिल होने के बाद सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि 37 मजदूरों को मुक्त कर दिया गया है। जिस पर कोर्ट इस प्रकरण को बेहद गंभीर मानते हुए सचिव गृह को निर्देशित किया कि, दो सप्ताह में जवाब दे कि पूरे प्रदेश में पिछले पांच साल से कौन कौन सी विजिलेंस की कमेटी गठित की गई है।



# केदारनाथ धाम में यथावत चलते रहेंगे पुनर्निर्माण कार्य

**नैनीताल, 4 मई (देशबन्धु)।** चारधाम यात्रा को सुगम एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए तथा केदारनाथ धाम में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाओं को लेकर शासन-प्रशासन की ओर से केदारपुरी को दिव्य एवं भव्य बनाए जाने के लिए मास्टर प्लान के अनुसार विकास कार्य एवं पुनर्निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। इन पुनर्निर्माण कार्यों के विरोध में केदारनाथ के तीर्थ पुरोहितों ने उत्तराखंड हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। याचिका में तीर्थ पुरोहितों ने कार्य सही न होने व उनके भवनों को नुकसान होना बताया था। 16-17 जून 2013 की आपदा के बाद से केदारनाथ धाम में लगातार पुनर्निर्माण कार्य जारी हैं। केदारनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत कार्य किये जा रहे हैं। इन कार्यों की निगरानी केन्द्र सरकार की ओर से की जा रही है। कुछ दिनों पहले केदारनाथ तीर्थ पुरोहित समाज के कुछ लोगों ने प्रशासन व सरकार पर धाम में जबरन पुनर्निर्माण कार्य करने के आरोप लगाये थे और कहा था कि कार्य किये जाने से उनके भवनों को भी नुकसान हो रहा था। इस संबंध में तीर्थ पुरोहितों ने उच्च न्यायालय में भी याचिका दायर की थी।

**■ कार्यों की निगरानी केन्द्र सरकार की ओर से की जा रही**



वर्तमान समय में केदारनाथ धाम में मंदिर के सेंट्रल एक्सिस एवं एप्रोज मार्ग के दोनों ओर भवनों की सुरक्षात्मक प्रतिधारक दीवार एवं यूटिलिटी डक्ट का निर्माण कार्य, सरस्वती नदी एवं भैरों मंदिर को जोड़ने के लिए 36 मीटर लंबे ब्रिज का कार्य, एमआई-26 हेलीपैड से केदारनाथ सरस्वती नदी तक 50 फीट चौड़े मार्ग का निर्माण कार्य, केदारनाथ धाम पैदल मार्ग पर एमआई-26 हेलीपैड से संगम तक मार्ग के दायीं ओर भूमि पर व्यवस्थित हाट बाजार के रूप में 50 फैब्रिकेटेड दुकानों का निर्माण कार्य, केदारनाथ धाम में निर्मित हाट बाजार के विस्तारीकरण के कार्य चल रहे हैं। इसके साथ ही एमआई-26 हेलीपैड एवं केदारडोम-जीएमवीएन के सामने स्थल विकास सहित 40 फैब्रिकेटेड दुकान, 2 नंबर रेन शेल्टर का अतिरिक्त निर्माण कार्य, केदारनाथ धाम परिक्षेत्रांतर्गत सरस्वती नदी ओर मंदाकिनी नदी की ओर वाटर एटीएम लगाने का निर्माण कार्य, केदारनाथ धाम परिक्षेत्रांतर्गत संगम घाट के पुनर्विकास एवं पुनर्निर्माण कार्य भी चल रहे हैं। केदारनाथ धाम परिक्षेत्रांतर्गत प्रवचन हॉल के पीछे रेन शेल्टर निर्माण कार्य, सीआरएस मद के अंतर्गत केदारनाथ धाम परिक्षेत्रांर्गत क्यू-2जे भवन निर्माण कार्य तथा केदारनाथ परिक्षेत्रांर्गत क्यू-3एल भवन निर्माण कार्य जारी हैं। केदारनाथ धाम में मंदाकिनी आस्था पथ की ओर निर्माणाधीन एमई-2 भवन में द्वितीय एवं एमई-3 से एमई-5 तक भवनों के प्रथम एवं द्वितीय तल का निर्माण कार्य, केदारनाथ धाम में मंदाकिनी आस्थापथ की ओर निर्माणाधीन एमई-7 से एमई-13 तक भवनों में प्रथम एवं द्वितीय तल आदि में निर्माण कार्य किए जा रहे हैं।

## चकराता में शहीद केसरी चंद मेले में उमड़ा जन सैलाब



**देहरादून, 4 मई (देशबन्धु)।** आजादी की लड़ाई में शहीद हुए जौनसार बावर क्षेत्र के वीर शहीद केसरी चंद के बलिदान दिवस पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चकराता के पास रामतल गार्डन में भव्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में जौनसार बावर सहित हिमाचल गढ़वाल से सैकड़ों लोगों ने शिरकत की और वीर शहीद केसरी चंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कलाकारों ने लोक संस्कृति की छटा भी बिखेरी। शहीद केसरी चंद जौनसार बावर के वह वीर सपूत थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए बहुत छोटी उम्र में फांसी का फंदा चूम लिया था। वह सुभाष चंद्र बोस के तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा के नारे से प्रभावित थे। आजाद हिंद फौज में शामिल होने पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने उनके साहस और पराक्रम को देखकर जोखिम भरे कार्य सौंपे। इसी बीच ब्रिटिश फौज ने उन्हें पकड़ लिया और उन्हें बंदी बनाकर दिल्ली की जिला जेल भेज दिया।

# उत्तराखण्ड के 5 जिलों में जमकर बरसेंगे बादल

**देहरादून, 4 मई (देशबन्धु)।** बीते कुछ दिनों से प्रदेश के मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहने से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, लेकिन आज मैदानी इलाकों में भी गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है।



**■ मौसम विभाग ने जारी किया आंधी व बारिश का यलो अलर्ट**

उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्रों में मौसम सूखा और शुष्क हो गया है, जिससे तापमान में वृद्धि हो रही है। अधिकांश क्षेत्रों में तापमान सामान्य से एक-दो डिग्री सेल्सियस अधिक हो गया है, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक नीचे है। पहाड़ों में आंशिक बादल छाए हुए हैं और वर्षा के आसार बने हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आज प्रदेश में मौसम में बदलाव की संभावना है। पर्वतीय क्षेत्रों में बादलों की छाया और हल्की बौछारें देखने को मिलेगी। हालांकि निचले इलाकों में गरज-चमक के साथ बौछारें और कहीं-कहीं ओलावृष्टि की चेतावनी दी गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार शनिवार को चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी जैसे पर्वतीय जिलों में झोंकेदार हवाओं के चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं इन क्षेत्रों में बारिश के आसार भी हैं। इन जनपदों के कुछ क्षेत्र में 30 से 40 किलोमीटर की तेजी से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना बनी हुई है, प्रदेश के अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम की बेरुखी के कारण जंगलों में आग लगातार बढ़ रही है। शुक्रवार को वनाग्नि की 64 घटनाएं रिपोर्ट की गई हैं, इनमें गढ़वाल में 30, कुमाऊं में 29 और वन्य जीव क्षेत्र में पांच घटनाएं शामिल हैं। 24 घंटों में 74.67 हेक्टेयर जंगल आग की चपेट में आया है।

# खनन घोटाले में कार्रवाई संतोष जनक नहीं : उक्रांद

**■ अमरनाथ तिवारी**

**देहरादून, 4 मई (देशबन्धु)।** उत्तराखंड क्रान्ति दल के केंद्रीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश उपाध्याय ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल ने खनन घोटाले को उजागर करते हुए गत 17 अप्रैल 2024 को मुख्य निर्वाचन आयुक्त को मांग पत्र में खनन घोटाले में लिफ्त खनन निदेशक एवं अपर सचिव को निलंबित एवं बर्खास्त करने की मांग की गई थी। जिसमें सरकार ने केवल खनन निदेशक को निलंबित किया गया है जबकि प्रथम दृष्टि में ही अपर सचिव का नाम खनन निदेशक ने उजागर किया था तथा खनन निदेशक ने अपनी प्रथम सूचना रिपोर्ट में अपहरण करने और अपहरण कर जबरदस्ती शराब पिलाने, गाली गलौज, करने तथा 50 लाख रुपए की मांग और साथ में खनन पट्टा जारी करने के लिए अपहरण करने की सूचना पुलिस को दी गई थी।




**निदेशक खनन को निलंबित करने की उठाई मांग**

इसमें निदेशक ने कहा था कि मेरा अपहरण अपर सचिव के मित्र ने किया है, सरकार को चाहिए कि अपर सचिव के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्यवाही अमल में लानी चाहिए। यह प्रकरण केवल 50 लाख तक सीमित नहीं है यह मामला सैकड़ो करोड़ों के घोटाले की मिली भगत है, जिसमें अधिकारी और माफिया मिलकर सरकार को करोड़ों रुपए की क्षति पहुंचा रहे हैं। खनन निदेशक पैट्रिक विवादित व्यक्ति के तौर पर प्रदेश में काम करते रहे हैं इन्होंने पूर्व एवं वर्तमान में भी खनन कारोबारी से भी समय-समय पर राजस्व वसूली न करने का आरोप लगा है जो सरकार ने निलंबित आदेश में स्पष्ट किया है, खनन निदेशक ने पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त खनन पट्टों की समय पर नीलामी नहीं की गई है जिससे सरकार को आर्थिक क्षति हुई है। प्रदेश में अवैध खनन के लिए माहौल बनाना निदेशक के कार्य प्रणाली पर हमेशा प्रश्न चिन्ह लगता रहा है किंतु कोई भी सरकार ने खनन निदेशक पैट्रिक की जांच नहीं कर पाई है। उत्तराखंड क्रांति दल ने मामले को उठाने के पश्चात केवल खनन निदेशक पैट्रिक को निलंबित करने से काम चलने वाला नहीं है। एस एल पैट्रिक के साथ अपर सचिव को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए बर्खास्त किया जाना राज्यहित में है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल मांग करता है कि सरकार वर्तमान में चलित खनन नीति पर श्वेत पत्र जारी करें और जनता को बताएं कि सरकार द्वारा खनन कारोबारी से सरकार पारदर्शिता रखते हुए किस प्रकार राजस्व वसूली कर रही है। उत्तराखंड क्रांति दल मांग करता है की प्रथम दृष्टि पैट्रिक एवं अपर सचिव दोषी हैं जिनको तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए किसी उच्च न्यायालय से सेवा निवृत न्यायाधीश की अध्यक्षता में स्पेशल जांच कमेटी गठित कर उपरोक्त दोनों अधिकारियों के किए गए घोटालों एवं एकत्रित की गई अतिरिक्त संपत्ति की जांच की जानी चाहिए एवं दोनों से अपनी संपत्ति का विवरण शपथ पत्र के माध्यम से जांच अधिकारी को जमा कराए।

# चारधाम यात्रा के लिए ट्रैवल व्यापारियों ने मैनुअल रजिस्ट्रेशन की उठाई मांग

**■ हरिद्वार में बैंड बाजे के साथ किया प्रदर्शन**

**हरिद्वार, 4 मई (देशबन्धु)।** अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए जिले के ट्रैवल व्यापारियों ने अनोखा प्रदर्शन किया है। दरअसल आज जिले के सभी ट्रैवल व्यापारी संयुक्त मोर्चा पर्यटन उद्योग के बैनर तले बैंड बाजे के साथ पर्यटक अधिकारी के ऑफिस पहुंचे। जहां उन्होंने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के साथ-साथ मैनुअल रजिस्ट्रेशन कराने की मांग उठाई है।

ट्रैवल व्यापारियों ने कहा कि चारधाम यात्रा को लेकर सरकार द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है, जो कि सही भी है। लेकिन हरिद्वार में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मैनुअल रजिस्ट्रेशन की भी शुरुआत करनी चाहिए, जिससे उन्हें कोई परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि पिछली यात्रा के दौरान भी देखा गया था कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में काफी दिक्कतें आ रही थी। जिससे मैनुअल रजिस्ट्रेशन की शुरुआत पिछले साल की गई, लेकिन इस बार फिर मैनुअल रजिस्ट्रेशन को बंद किया गया। जिससे इसका असर चारधाम यात्रा पर देखने को मिलेगा, क्योंकि हर यात्री ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं कर सकता है। ट्रैवल व्यापारियों ने कहा कि सरकार से हमारी मांग है कि हरिद्वार से रोजाना 5000 मैनुअल रजिस्ट्रेशन किए जाएं। साथ ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन को भी रखा जाए। इसके अलावा सटल व्यवस्था की तैयारी को भी पहले से जांच लिया जाए। उसके बाद इसकी शुरुआत की जाए। उन्होंने कहा कि पूरे साल में सिर्फ 6 महीने तक चारधाम यात्रा चलती है, जिसकी तैयारी को पहले परखा जाना चाहिए। उसी के बाद किसी नई चीज की शुरुआत करनी चाहिए।



## चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से होगी पुष्प वर्षा



**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू हो जाएगी। इसी दिन केदारनाथ धाम के कपाट खुल रहे हैं। यात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की गई है। सभी विभागों ने इसको लेकर अपनी-अपनी भूमिका तैयार कर ली है। देवभूमि उत्तराखंड में देश-दुनिया से लोग आते हैं। इसके लिए सड़कें अच्छी हों, इसलिए तमाम बातों पर चर्चा हुई। हर साल की तरह इस साल भी, भक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले कांवड़ यात्रियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करनी शुरू की थी। उसके बाद ये पुष्प वर्षा कार्यक्रम इतना फेमस हुआ कि उत्तराखंड ने भी इसे अपना लिया। चारधाम यात्रा के दौरान उत्तराखंड सरकार भी यहां आने वाले तीर्थयात्रियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करती है। इससे चारधाम दर्शन के लिए आने वाले तीर्थयात्री खुद को उत्तराखंड का विशेष मेहमान समझते हैं, उनकी चारधाम में श्रद्धा बढ़ने के साथ वो उत्तराखंड से सुनहरी यादें लेकर लौटते हैं और अपने प्रदेश जाकर इस बात का प्रचार-प्रसार करते हैं।

## चारधामों में 24 घंटे उपलब्ध होगी बिजली : मिनाक्षी सुंदरम

**देहरादून।** विद्युत आपूर्ति के लिहाज से लघु व दीर्घकालिक योजनाओं पर करें काम सचिव ऊर्जा मिनाक्षी सुंदरम ने अवगत गया कि चारधामों में 24म7 बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए दो अधिकारियों की ड्यूटी चारधाम के लिए लगाई गई है। उन्होंने बताया कि केदारनाथ व बद्रीनाथ धाम में 23 केवी के सब स्टेशन का निर्माण प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में और भी ज्यादा विद्युत की आवश्यकता होगी, इसके लिए हमें लघु और दीर्घकालिक दोनों योजनाओं पर काम करना है।

# प्रादेशिकी

## सुभारती फाइन आर्ट एंड फैशन डिजाइन में हुआ फेयरवेल पार्टी का आयोजन

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के नंदलाल बोस सुभारती कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन में फेयरवेल पार्टी 2024 का आयोजन किया गया। शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के अंतिम वर्ष के छात्रों को फेयरवेल पार्टी 2024 के लिए सभी विषयों में प्री-फाइनल वर्ष के छात्रों द्वारा आमंत्रित और स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीन डॉ. पिंटू मिश्रा, एचओडी परफॉर्मिंग आर्ट्स डॉ. भावना ग्रोवर, एचओडी एनीमेशन, डॉ. विधि खंडेलवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में एनबीएससीएफएफ के सभी 4 विभागों के लगभग 84 अंतिम वर्ष के छात्र शामिल रहे। उन्होंने छात्रों के साथ पार्टी का आनंद लिया। पार्टी का ड्रेस कोड फॉर्मल था और कलर कोड ब्लैक और गोल्ड था।

# भाजपा समर्थक भी इंडिया गठबंधन को कर रहे वोट : प्रो रामगोपाल यादव

**इटावा,** 4 मई (एजेंसियां) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो.रामगोपाल यादव ने दावा किया है कि इस संसदीय चुनाव में भाजपा समर्थक भी इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने को आतुर है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों के कारण भाजपा समर्थक भी आजिज चुके हैं। प्रोफेसर रामगोपाल यादव सैफई स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वो इलाके इलाके में प्रचार करने में जुटे हुए हैं जहां उन्हें इस बात की पुष्ट और पुख्ता जानकारी मिल रही है कि भारतीय जनता पार्टी के समर्थक भी सत्ता दल की नीतियों से नाराज होकर के इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को भारी पैमाने पर मतदान करने जा रहे हैं । यह वह बातें हैं जो यह बता रही है कि भारतीय जनता पार्टी के प्रति किस कदर नाराजगी उनकी पार्टी के भीतर ही देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के आतंक के साए में आम जनमानस जी रहा है कोई भी मुंह खोलने की स्थिति में नहीं है इसलिए मतदान के जरिए भारतीय जनता पार्टी को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के जो समर्थन कल तक उनके उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान किया करते थे वह आज इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने के लिए तैयार हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने 400 पर का नारा दिया हुआ है लेकिन भारतीय जनता पार्टी 200 सीटे भी हासिल करने नहीं जा रही है। प्रोफेसर यादव ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हटाकर खुद मुख्यमंत्री बनने की कोशिशें में जुटे हुए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने के सवाल पर प्रोफेसर यादव ने कहा कि राहुल गांधी को रायबरेली से कोई हारने वाला नहीं है।



भारतीय जनता पार्टी के आतंक के साए में आम जनमानस जी रहा है, कोई भी मुंह खोलने की स्थिति में नहीं है इसलिए मतदान के जरिए भारतीय जनता पार्टी को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठा हुआ है : प्रो.रामगोपाल यादव

## डिंपल के लिए क्षेत्र में बेटी अदिति मांग रही है वोट

**इटावा,** 4 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की यादवबेल्ट के तहत आने वाले मैनपुरी संसदीय क्षेत्र में आजकल घर की बिटिया खूब चर्चा में है। मैनपुरी सीट से डिंपल यादव समाजवाटी पार्टी की उम्मीदवार हैं, जो पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी होने के साथ यहां की सांसद भी हैं। सपा प्रमुख अखिलेश और सांसद डिंपल की बेटी अदिति अपनी मां के लिए शहरी और ग्रामीण इलाकों में प्रचार कर रही हैं। अदिति वोटर्स से अपनी मां को वोट देने की अपील कर रही हैं। 21 साल की अदिति लंदन के यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में पढ़ती हैं। वह दो महीने की छुट्टियों में भारत आई हैं। अदिति की मैनपुरी संसदीय क्षेत्र में मौजूदगी इलाके के लोगों के बीच चर्चा का विषय है। लंदन में राजनीति और इंटरनेशनल रिलेशंस की उनकी पढ़ाई इस चुनाव प्रचार में उनके कितने काम आ रही है, यह फिलहाल बताना मुश्किल है लेकिन, उनकी अपील वोटर्स को खूब पसंद आ रही है। अदिति कहती है कि मैं आप लोगों के बीच आकर खुद को भाग्यशाली महसूस करती हूं। सपा ने हमेशा किसानों और गरीब वर्ग के लोगों की लड़ाई लड़ी है। इसलिए आप लोगों को 7 मई को सपा के पक्ष में मतदान करने के लिए अपील करती हूं। अखिलेश यादव की बेटी अदिति मां डिंपल के लिए सैफई ब्लॉक क्षेत्र मे पहली बार गांव गांव में घूम कर वोटो के लिए अपील कर रही है। उन्होंने ग्राम झिगूपुर,चौबेपुर,नगला सुभान मे गांव में नुक्कड़ सभाए कर लोगों से मिलकर सात मई को वोट करने की अपील की है। इस दौरान अदिति ने महिलाओं के बीच बैठकर के खूब



फोटो कराकर रिझाने का प्रयास किया। वही महिलाओं एवं बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया। नगला सुभान के प्रधान सुनील ठाकुर नें समर्थको के पगड़ी पहनकर स्वागत किया। झिगूपुर के प्रधान अभिषेक यादव, चौबेपुर के प्रधान पप्पू यादव,रनवीर सिंह यादव मास्टर, प्रधान संघ के अध्यक्ष राधा कृष्ण यादव,अमित शुक्ला पिडारी, अवधेश यादव, शिवचरन जाटव, विजय कठेरिया, विकास जाटव, अजय, मुकुट सिंह पूर्व प्रधान आदि मौजूद रहे।

# भारत में पटाखा फूटने पर भी सीमापार से उनका आका सफाई देने को होता है मजबूर : योगी



**लखनऊ/फर्रुखाबाद,** 4 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को फर्रुखाबाद व कन्नौज लोकसभा सीट से भाजपा सांसद व उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार किया। सीएम योगी ने शनिवार को चुनावी यात्रा का आगाज केंद्रीय मंत्री व मध्य प्रदेश की गुना सीट से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए जनसभा से की। इसके बाद उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद से मुकेश राजपूत व कन्नौज से सुब्रत पाठक को फिर दिल्ली भेजने की अपील की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर में रोड शो किया। यूपी की दोनों रैलियों में सीएम कांग्रेस-सपा के इंडी गठबंधन व बसपा पर खूब बरसे। यही नहीं रामभक्तों पर गोली चलवाने वाले सपा के शीर्ष नेतृत्व से कहा कि देखो, अब अयोध्या में फिर से त्रेतायुग लौट आया है।

फर्रुखाबाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जेहाद की बात करने वालों को शर्म आनी चाहिए। इनके आकाओं ने पहले देश का बंटवारा किया था और आज यह लोग जेहाद की बात करके लोकतंत्र को कलंकित कर रहे हैं। सीएम ने चेतावनी दी कि जेहाद से प्यार है तो भूखे मरने वाले भीखमंगे पाकिस्तान के पास जाइए, जो दो जून रोटी के लिए तरस रहा है। सपा, कांग्रेस व बसपा पर हमलावर सीएम ने कहा कि जिन लोगों ने गरीबों के हकों पर डकैती डाली और दिव्यांगों को भी नहीं छेड़ा। ऐसे लोगों को जेहाद की बात याद आने लगी है। वे जान लें कि भारत की धरती राम-कृष्ण की है, जेहाद की नहीं। उन्होंने कहा कि जिन्हें भारत की प्रगति अच्छी नहीं लगती थी, वे 2014 के पहले हर योजना में भ्रष्टाचार करते थे। उन्होंने यह भी कहा कि पहले कहीं विस्फोट और

■ **फर्रुखाबाद व कन्नौज सीट से मुख्यमंत्री ने भाजपा सांसदों को फिर से सदन भेजने की अपील की**

आतंकवादियों को देखकर सरकारें कहती थीं कि यह सीमापार से हैं, लेकिन आज जोर से पटाखा फटने पर सीमापार से उनका आका भी सफाई देने को मजबूर होता है। सीएम ने कहा कि सपा-कांग्रेस के लोग धार्मिक आधार पर बंटवारा करने का प्रयास कर रहे हैं। यह भारत के इस्लामीकरण की साजिश है और इसी के तहत वोट जेहाद की बात करते हैं। वोट में जेहाद नहीं होता, हमें दुनिया के सबसे मजबूत लोकतंत्र के लिए वोट करना होता है, जिससे हमारा अधिकार सुरक्षित रहे। औरैया में योगी आदित्यनाथ ने हा कि समाजवादी पार्टी के शासन में अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलाई गई थीं पर आज अयोध्या में फिर से त्रेतायुग और रामराज्य वापस आ गया है।

## सार संक्षेप

### बस स्टैंड के बाहर धूप में खड़े होते है यात्री

**मवाना।** मवाना नगर के मुख्य स्थानों पर अब यात्रियों को धूप में खड़े नहीं होना पड़ेगा। मवाना नगर के चार मुख्य स्थानों पर यात्रियों के लिए आधुनिक शेड बनाये जायेंगे। दो स्थानों पर यात्री शेड बनाये जाने की तैयारियां शुरू हो चुकी है। इस चारों स्थानों पर बनाये जाने वाले यात्रियों के आधुनिक शेड पर करीब 20 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। मवाना नगर में प्रचंड गर्मी और बरसात के मौसम में यात्रियों को शेड नहीं होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मवाना नगर में रोडवेज बस स्टैंड, नालंदा कालोनी के सामने, किला बस स्टैंड, फलावदा तिराहे पर और पुलिस चौकी के पास से यात्रियों को इस चिलचिलाती धूप में खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। इसके अलावा नगर में अन्य स्थानों को जाने वाले लोग धूप में खड़े होकर वाहनों का इंतजार करते रहते हैं। रोजाना मेरठ, दिल्ली, गुड़गांव को जाने वाले यात्री कहते है कि रोडवेज बस स्टैंड पर दो पेड़ है, जिसके नीचे खड़े होकर यात्री वाहनों का इंतजार करते हैं। सुबह से लेकर शाम तक लोगों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन यात्री शेड नहीं होने के कारण लोग इधर-उधर खड़े होकर वाहनों का इंतजार करते रहते हैं।

### कूड़े से ढेर से निकली गैस से लगती है आग

**मवाना।** भैंसा रोड पर डंपिग ग्राउंड में पड़े कूड़े के ढ़ेर में शनिवार दोपहर को आग लग गई। डंपिग ग्राउंड में आग लगने से आसपास की कालोनियों में रह रहे लोगों को धुएं से परेशानी हुई। पालिका कर्मियों और फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब दो घंटे की मशक्कत



के बाद कूड़े के ढ़ेर में लगी आग पर काबू पाया। वहां पर ड्यूटी कर रहे पालिका कर्मियों का कहना है कि गर्मियों के इस मौसम में कूड़े के ढ़ेर से गैस निकलती है, जिस कारण आग लगने की घटनाएं होती रहती है। शुक्रवार दोपहर को भी कूड़े के ढ़ेर में आग लग गई थी। मवाना नगर की भैंसा रोड पर नगर पालिका ने डंपिग ग्राउंड में पालिका के वाहन रोजाना कई टन कूड़ा शहर भर से डाला जाता है। कई सालों से इस स्थान पर पहाड़ जैसा कूड़े का ढ़ेर बन गया है। वहां पर इकट्ठा कूड़े के ढ़ेर से निकलने वाली गैस से आसपास की कालोनी के लोग परेशान रहते है।

# प्रबन्ध निदेशक ने किया बिजनेस प्लान कार्यों का औचक निरीक्षण

**मेरठ,** 4 मई (देशबन्धु)। बिजनेस प्लान 2023-24 के अन्तर्गत 11 केवी ईमटोरी फीडर एवं 11 केवी साउथ वैस्ट फीडर अन्तर्गत विद्युत उपकेन्द्र आनन्द विहार के विजल कन्डक्टर को रैबिट कन्डक्टर मे बदलने के कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के

■ **मौके पर पोल की ग्राउटिंग, अर्थिंग न किए जाने पर प्रबन्ध निदेशक ने कड़ी नाराजगी जताई**

दौरान प्रबन्ध निदेशक द्वारा बिजनेस प्लान 2023-24 के अन्तर्गत नये कन्डक्टर, पोल की ग्राउटिंग, अर्थिंग, डिस्क इन्सुलेटर, पिन इन्सुलेटर आदि की जॉच की। मौके पर पोल की ग्राउटिंग, अर्थिंग न किए जाने पर प्रबन्ध निदेशक द्वारा कड़ी नारजगी व्यक्त की। इस सम्बन्ध में उन्होनें कॉन्ट्रेक्टर यश ट्रेडर के प्रतिनिधि पंकज मित्तल को कडी फटकार लगाते हुये पोल की ग्राउटिंग, अर्थिंग के कार्य तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस सम्बन्ध में उन्होनें अवर अभियन्ता से जवाब तलब किया तथा निर्देश दिये कि कार्य शीघ्र पूर्ण न कराने पर कान्ट्रेक्टर मै. यश ट्रेडर के विरूद्ध ब्लैक लिस्ट की कार्यवाही की जाऐगी। उन्होनें कान्ट्रेक्टर द्वारा किये



गये कार्यों की जांच के आदेश दिए। राजस्व लक्ष्यों को प्राप्त करने में ढिलाई बरतने पर उन्होनें उपखण्ड अधिकारी एवं अवर अभियन्ता को निर्देश दिये कि हर-हाल में शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाये। प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि बिजनेस प्लान 2023-24 के अन्तर्गत किये गये कार्यो से, ट्रान्सफार्मरों की क्षतिग्रस्तता में कमी, विद्युत व्यवधान की संख्या एवं अवधि मे कमी तथा लो वोल्टेज की समस्या दूर होगी और उपभोक्ताओं को प्रदान की जाने वाली विद्युत आपूर्ति मे भी गुणात्मक सुधार संभव होगा।

# उपजिलाधिकारी ने किया गेहूं खरीद केंद्रों का निरीक्षण

**मवाना,** 4 मई (देशबन्धु)। शनिवार को उपजिलाधिकारी मवाना ने गेहूं क्रय केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसमें खरीदारी कम मिली और अव्यवस्था का बोलबाला मिला। एसडीएम ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि खरीद में तेजी लाने के साथ किसानों के लिए जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता केंद्र पर सुनिश्चित करें अन्यथा कार्रवाई होगी। मवाना तहसील गेहूं क्रय केंद्र पर लगातार किसानों को मिलने वाली सुविधाऐं के अभाव की शिकायत पर शनिवार को उपजिलाधिकारी मवाना अंकित कुमार ने खाद्य विभाग द्वारा, राजकीय गेहूं खरीद आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश केंद्र पर गेहूं खरीद कम मिलने पर उपजिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी को चेतावनी दी कि किसानों से सीधे वार्ता करें और केंद्र तक गेहूं पहुंचाने के लिए प्रेरित करें व खरीद करें। उपजिलाधिकारी ने केंद्र के प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ा या क्रय केंद्र बंद पाया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।



### केंद्रों से गायब मिली किसानों को मिलने वाली सुविधाएं

शनिवार को उपजिलाधिकारी अंकित कुमार ने गणेशपुर रोड स्थित नवीन मंडी, सहकारी गेहॅू खरीद केंद्र मवाना, आर्दश बहुउददेशीय कृषि उत्पादन सह समिति मवाना और खाद्य विभाग द्वारा संचालित केंद्रों का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान तमाम केंद्रों पर किसानो को मिलने वाली पानी आदि की सुविधाऐं नददार नजर आई। जिस पर उपजिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारियों को किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं को सुचारू रूप से दिए जाने के निर्देश दिए।

### तीन केंद्रों पर महज 6 सौ कुंतल गेहूं खरीद

उपजिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान जहां गेहूं खरीद केंद्र प्रभारियों को जल्द से जल्द लक्ष्य पुरा करने के निर्देश दिए वहीं सरकारी गेहूं खरीद केंद्र मवाना पर 139 कुंतल, आर्दश बहुउददेशीय कृषि उत्पादन सह समिति पर 363 और खाद्य विभाग द्वारा संचालित क्रय केंद्र पर महज 190 कुंतल गेंहू की खरीदारी होने किये जाने पर नराजगी जताई और केंद्र प्रभारियों को गेंहॅू खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिये।

### कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर के तीनों केन्द्र देखे


**मवाना।** भीषण गर्मी में गेहूं खरीद केन्द्रों पर कम खरीद हो पा रही है। शनिवार दोपहर एसडीएम मवाना ने हस्तिनापुर रोड स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में खाद्य विभाग, भारतीय खादय निगम और मवाना सहकारी क्रय-विक्रय समिति मवाना के गेहूं खरीद केन्द्रों पर व्यवस्थाएं देखी। वहां पर कृषकों के लिए ठंडे पेयजल और उनके बैठने के स्थान की व्यवस्था बनाने के आदेश दिये। मवाना क्षेत्र में हस्तिनापुर रोड स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में खाद्य विभाग, भारतीय खादय निगम और मवाना सहकारी क्रय-विक्रय समिति मवाना के तीन गेहूं खरीद केन्द्र संचालित है। हालांकि सभी गेहूं खरीद केन्द्र एक मार्च से खोल दिये गये थे लेकिन मार्च के पूरे माह और 17 अप्रैल तक सभी केन्द्रों पर गेहूं की खरीद नहीं हो सकी। इन केन्द्रों पर अभी तक करीब 689 कुंतल गेहूं की खरीद हो पाई है।

# स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन में प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक्स मीडिया की भूमिका पर की चर्चा

**मेरठ,** 4 मई (देशबन्धु)। शोभित सम विश्वविद्यालय, मेरठ के विधि संकाय में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका विषय पर एक ज्ञानवर्धक समूह चर्चा आयोजित की गई। ज्ञान एवं उत्साहवर्धक इस शैक्षिक

■ **कार्यक्रम का आयोजन और संचालन डॉ. सीमा मोदी, डॉ. पल्लवी जैन और सुश्री निहारिका पिलानिया ने किया**

कार्यक्रम लोकतांत्रिक सिद्धांतों की स्थापना व उनके संरक्षण में प्रिन्ट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की भूमिका व उसके महत्व पर छात्रों और शिक्षकों ने गहन चर्चा की। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने कुटिल, असत्य और भ्रमात्मक सूचना के प्रकटीकरण से लेकर पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने तक, चुनावी प्रक्रियाओं को प्रभावित करने वाले मीडिया के असंख्य तरीकों पर सार्थक चर्चा की। आकर्षक संवाद और प्रभावी बहस के माध्यम से, प्रतिभागियों ने राजनीतिक दबावों और तकनीकी प्रगति को नेविगेट करते हुए अपने निगरानी कार्य को पूरा करने में मीडिया के सामने आने वाली



चुनौतियों का विश्लेषण भी किया। इस चर्चा ने मीडिया साक्षरता, नैतिकता परिपूर्ण पत्रकारिता की प्रथाओं और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने में स्वतंत्र मीडिया संस्थानों की आवश्यकता के महत्व को भी रेखांकित किया। मीडिया की भूमिका का आलोचनात्मक विश्लेषण करके, उपस्थित लोगों ने लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने और चुनावी प्रणालियों को मजबूत करने में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्राप्त की। कार्यक्रम का आयोजन और संचालन डॉ. सीमा मोदी, डॉ. पल्लवी जैन और सुश्री निहारिका पिलानिया ने किया। निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार गोयल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने स्कूल ऑफ लॉ एंड कॉन्स्टीट्यूशनल स्टडीज की नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने और सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रकटीकरण किया।

# जिलाधिकारी ने 10 मई को शहीद दिवस मनाए जाने के संबंध में की बैठक

**मेरठ,** 4 मई (देशबन्धु)। आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में 10 मई को शहीद दिवस (क्रांति दिवस) मनाये जाने के संबंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा प्रभात फेरी के मार्ग में पड़ने वाली सड़कों की मरम्मत तथा मूर्तियों की साफ-सफाई के निर्देश दिए गए। अवगत कराया गया कि प्रभात फेरी गांधी आश्रम गढ़ रोड से प्रारंभ होकर इंदिरा चौक बुढ़ाना गेट होते हुए शहीद स्मारक पर संपन्न होगी। शहीद स्मारक पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। क्रांति दिवस के अवसर पर औघड़नाथ मंदिर में अमर शहीदों को पुष्प अर्पित कर नमन किया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुये दौड़ का आयोजन



किया जाएगा। चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय में विभिन्न देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होने कहा कि क्रांति दिवस पर दिनभर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय गीतों का प्रसारण किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने वाले प्रतिभागियों एवं स्वतंत्रता सेनानियो के परिवारजनों को सम्मानित किया जाए।

## सूचना

मैंने अपने पुत्र आरिफ और उसकी पत्नी मुस्कान से उनके गलत आचरण के चलते संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उनके किसी कृत्य या लेनदेन के लिए मैं या मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं है। मुनना पुत्र रहीम खां, मेहरमती गणेशपुर, थाना सरधना (मेरठ)

## सूचना

मेरा पुत्र हरीश व उसकी पत्नि श्रीमति पुष्पा मेरे कहने में नही है आये दिन मेरे साथ बेवजह झगड़ा करते है और समझाने पर मानते नही है। इसलिए मैने अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र हरीश व उसकी पत्नि श्रीमति पुष्पा को बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर दिया है। उनके द्वारा किये गये किसी लेन-देन व कार्य से मेरा कोई सम्बन्ध वास्ता नही होगा।

श्रीमति मधु सिंह पत्नि श्री पूरन सिंह निवासी 199, अनूपनगर फाजलपुर, खटीकपुरा,थाना कंकरखेड़ा, मेरठ ।

# विद्या में धूमधाम से संपन्न हुई एमबीए, बीबीए, बीकॉम का 'एल्यूमनी मीट'

**मेरठ,** 4 मई (देशबन्धु)। पुरानी यादें हमेशा रोमांचक होती हैं। और वह यादें कॉलेज जीवन की हो तो क्या कहने। चप्पे-चप्पे में बिखरी कॉलेज दिनों की यादें, यहां गुजारे

■ **प्रसिद्ध स्टैंडअप कॉमेडियन बादल शर्मा ने विद्यार्थियों का किया भरपूर मनोरंजन**

हसीन लम्हें, बरबस ही आंखों में घूम जाती हैं, मानो यह कल ही तो बात थी। भविष्य के सपने साकार करने की यहीं की थी तैयारी। मन-मस्तिष्क के पर्दे पर कई कहानियां एक साथ चलती है। किसी से फिर मिलने का वादा, जो अब जाकर पूरा हुआ। मौका था विद्या नॉलेज




पार्क स्थित विद्या स्कूल ऑफ बिजनेस कॉलेज का 'एल्यूमनी मीट' जहां एमबीए, बीबीए और बी.कॉम के पुरातन छात्र-छात्राएं वर्षों बाद मिले। यही आज के एल्यूमनी मीट का थीम भी था। अपनी यादों को 'रिवाइंड करें', 'पुन: जिएं' और 'जीवन का आनंद लें'। ऐसे में गेस्ट ऑफ इवेंट के तौर पर पहुंचे स्टैंडअप कॉमेडियन बादल शर्मा ने उन यादों को और भी खुशनुमा बना दिया। कई बार पुरातन छात्र आनंद के शिखर पर होते तो कई बार अनायास ही पुरानी यादों को लेकर माहौल गमगीन हो जाता। विद्या नॉलेज पार्क स्थित विद्या स्कूल ऑफ बिजनेस कॉलेज का 'एल्यूमनी मीट-2024' का आयोजन धूमधाम से हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, प्रबंधक एवं अन्य गणमान्य हस्तियों के स्वागत के साथ हुआ। दीप प्रज्ज्वलन एवं विद्यागान के बाद विद्या स्कूल ऑफ बिजनेस की निदेशक डॉ.वसुधा शर्मा ने विद्या नॉलेज पार्क के चेयरमैन प्रदीप कुमार जैन, प्रबंध निदेशक विशाल जैन के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर प्रबंध निदेशक विशाल जैन ने कहा कि यह काफी हर्ष का विषय है कि यहां से निकल कर विद्यार्थी अपने-अपने क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रहे हैं और विद्या परिवार का नाम रौशन कर रहे हैं। इस प्रकार के आयोजन से आपस के संबंध प्रगाढ़ होते हैं और हम दोगुणी ताकत के साथ कार्य करते हैं।

# रिसर्च में एथिक्स का होना बेहद आवश्यक : डॉ. नवनीश त्यागी

**मेरठ,** 4 मई (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय में नाइस स्कूल आफ बिजनेस स्टडीज एवं रिसर्च क्लब द्वारा संयुक्त रूप से रिसर्च एथिक्स एवं प्लेगिरिज्म विषय पर रिसर्च वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य यूजी एवं पीजी के छात्रों को रिसर्च के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात डॉ अभिषेक डबास ने कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए कहां की अगर देश को तरक्की करनी है तो इनोवेशन करना होगा और इनोवेशन करने के लिए रिसर्च का होना आवश्यक है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ नवनीश त्यागी रही जिन्होंने रिसर्च के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए छात्रों को रिसर्च के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने



बताया कि अगर छात्र रिसर्च पेपर, बुक एवं आर्टिकल लिखना चाहते हैं तो वह कहां से अपना डाटा ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि आज के समय में अगर हमें वाक्य में रिसर्च करनी है तो उसके लिए प्लेगिरिज्म फ्री रिसर्च करने की आवश्यकता है ज्यादातर लोग इंटरनेट से डाटा उठा लेते हैं सेकेंडरी डाटा का इस्तेमाल करते हैं जिसके कारण गुणवत्तापूर्ण रिसर्च निकलकर सामने नहीं आ पाती है। इसलिए हमें अपने रिसर्च के अंदर एथिक्स एवं प्लेगिरिज्म को ध्यान में रखते हुए अनुसंधान करने की आवश्यकता है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि जिस प्रकार टेक्नोलॉजी के आने से रिसर्च काफी आसान हो गई है अब डाटा प्राप्त करना उतना मुश्किल नहीं रहा है जितना पहले हुआ करता था।




### राजनीतिक दलों ने तीसरे चरण के चुनावी प्रचार में झोंकी पूरी ताकत

# कोसी की तरह बदलती सुपौल की सियासी धारा में क्या जलेगी 'लालटेन'?

**सुपौल,** 4 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बाद राजनीतिक दलों ने तीसरे चरण के चुनावी प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। ऐसे में कोसी क्षेत्र की सुपौल सीट पर भी सरगर्मियां तेज हो गई हैं।

सुपौल के मध्य से गुजरने वाली कोसी की धारा की तरह यहां की सियासी धारा भी बदलती रही है। लेकिन, इस क्षेत्र से अब तक राजद नहीं जीत सकी है। इस सीट में एक बार फिर निवर्तमान सांसद जदयू के दिलेश्वर कामत चुनावी मैदान में हैं, जिनका मुकाबला राजद के चंद्रहास चौपाल से है।

पिछले लोकसभा चुनाव में जद (यू) के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे दिलेश्वर ने रंजीत रंजन को कड़ी शिकस्त दी थी। इस बार दिलेश्वर कामत भाजपा, जदयू और लोजपा (रा) सहित अन्य दो दलों के एनडीए के उम्मीदवार हैं, इसलिए चुनावी चौसर का हिसाब-किताब लगाने वाले इस बार भी उनका पलड़ा भारी मानते हैं। सुपौल से पहली बार राजद चुनाव मैदान में है। दलित समुदाय से आने वाले सिंघेश्वर क्षेत्र के विधायक चंद्रहास चौपाल को मुकाबले में उतारकर राजद ने यहां की लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। हालांकि जातीय समीकरण के इन आंकड़ों में जोड़-तोड़ की पूरी गुंजाइश है। कहा जा रहा है राजद ने दलित चेहरे को प्रत्याशी उतारकर नई सियासी चाल चली है।




**सांसद जदयू के दिलेश्वर कामत का राजद के चंद्रहास चौपाल से मुकाबला**

राजद को मुस्लिम और यादव के वोट बैंक पर विश्वास है, हालांकि यादव प्रत्याशी नहीं दिए जाने से यादव मतदाता नाराज भी बताए जाते हैं। परिसीमन के बाद सहरसा, मधेपुरा और अररिया के कुछ इलाकों को मिलाकर बना संसदीय क्षेत्र सुपौल में अब तक हुए तीन चुनाव में पहली बार 2009 में जद (यू) विश्वमोहन कुमार से रंजीत रंजन को हार का सामना करना पड़ा था, जबकि 2014 में कांग्रेस की रंजीत रंजन यहां से सांसद बनी थी।

छह विधानसभा क्षेत्र वाले सुपौल में मतदाताओं की संख्या करीब 19 लाख के करीब है।

इस चुनाव में सबसे बड़ा सवाल यह है कि एनडीए गठबंधन की ओर से जदयू प्रत्याशी दिलेश्वर कामत दूसरी बार जीत का परचम लहरायेंगे या फिर इंडिया गठबंधन की ओर से राजद प्रत्याशी चंद्रहास चौपाल पहली बार सुपौल लोकसभा क्षेत्र में लालटेन को रोशन कर पाएंगे। वैसे, निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व आईआरएस अधिकारी बैद्यनाथ मेहता त्रिकोणीय संघर्ष बनाने में जुटे हुए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मंच के राष्ट्रीय महासचिव रहे बैद्यनाथ मेहता को जातीय वोट बैंक पर भरोसा है, वहीं जदयू को नरेंद्र मोदी के चेहरे पर गुमान है। सुपौल में अब तक हुए तीन चुनावों में मतदाताओं ने हर बार पुराने चेहरे को बदला है और नए को मौका दिया है। एनडीए और महागठबंधन को भीतरघात का भी भय सता रहा है, जिसे लेकर दोनों प्रत्याशी सक्रिय हैं। बहरहाल, मतदाता प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ सहित अन्य समस्याओं को लेकर राजनीतिक दलों पर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। माना जा रहा है कि एनडीए और महागठबंधन के बीच कांटे का मुकाबला है। सुपौल में तीसरे चरण के तहत सात मई को मतदान होना है।

# प्रत्याशियों के चयन को लेकर असमंजस की स्थिति में दिखाई पड़ रही बसपा

### बसपा ने 20 दिनों के अंदर दूसरी बार प्रत्याशी बदला

**भदोही,** 4 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के भदोही संसदीय सीट पर बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशियों के चयन को लेकर लगता है कि असमंजस की स्थिति में है। चुनावी महासमर में वोट बैंक के गणित को साधने के लिए बसपा ने 20 दिनों के अंदर दूसरी बार प्रत्याशी बदला है। भदोही संसदीय सीट के लिए पार्टी ने पहली बार अतहर अंसारी को प्रत्याशी घोषित किया था। उनकी पत्नी भदोही नगर पालिका की चेयरमैन हैं।




माना जा रहा था कि अल्पसंख्यक वोट बैंक को साधने के लिए ही पार्टी ने अतहर अंसारी को उम्मीदवार अधिकृत किया था। बाद में पार्टी ने संगठन के मंडल कोऑर्डिनेटर रहे इरफान अहमद बबलू को मैदान में उतारा।

पार्टी द्वारा टिकट काटे जाने के प्रश्न पर अतहर अंसारी ने बताया कि उनके बेटे का स्वास्थ्य ठीक नहीं है इसलिए उन्होंने खुद ही चुनाव न लड़ने की इच्छा प्रकट की थी। हालांकि अतहर अंसारी का टिकट कटने पर चुनावी गणित के महारथियों ने अपने-अपने अंदाज में अलग-अलग तरह से टिप्पणियां दी।

बताया जाता है कि इरफान भाई पार्टी से नामांकन करने की तैयारी में जुटे थे कि पार्टी के कैंप कार्यालय लखनऊ से राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम द्वारा प्रत्याशी बदले जाने की सूचना जारी करते हुए हरिशंकर सिंह उर्फ दादा चौहान को अधिकृत कर दिया गया।

बताया जाता है कि दादा चौहान बसपा से विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। चार बार जिलापंचायत सदस्य रह चुके दादा चौहान अभी पार्टी संगठन के मीरजापुर के प्रभारी भी है। पार्टी की स्थानीय इकाई के सूत्रों की मानें तो इरफान अहमद मजबूती के साथ चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं थे इसलिए उनका टिकट काटा गया है।

# उम्मीदवारों के पास भी उपलब्ध होते हैं हर बूथ के मतदान के आंकड़े : ईसीआई

**नई दिल्ली,** 4 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों के मतदान के अंतिम आंकड़े जारी करने में देरी को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना झेल रहे भारतीय निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि वह वोटिंग के आंकड़े समय पर जारी करने को उचित महत्व देता है।

आयोग की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं के पहुंचने की संख्या को फॉर्म 17सी में दर्ज किया जाता है। पारदर्शिता के लिए पीठासीन अधिकारी और सभी उपस्थित मतदान एजेंटों द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित फॉर्म 17सी की प्रतियां सभी उपस्थित मतदान एजेंटों के साथ साझा की जाती हैं। इस प्रकार, निर्वाचन क्षेत्र ही नहीं बूथवार मतदान का आंकड़ा भी उम्मीदवारों के पास उपलब्ध होता है, जो एक वैधानिक आवश्यकता है।

बयान में कहा गया है कि आयोग प्रत्येक चरण के मतदान के बाद मतदान प्रतिशत के आंकड़े समय पर जारी करने को उचित महत्व देता है। ईसीआई की कार्य-प्रणाली में प्रकटीकरण और पारदर्शिता महत्वपूर्ण हैं।

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में मतदान में मामूली गिरावट को देखते हुए मतदाताओं की




भागीदारी बढ़ाने की पहल तेज कर दी है। अब तक पहले चरण में 66.14 प्रतिशत मतदान हुआ है। दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ है। यह चुनाव 2019 के मुकाबले कम है। आयोग के मुताबिक उसने अपना सारा ध्यान मतदाताओं के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर केंद्रित किया हुआ है। आयोग दूसरे चरण की मतदान प्रक्रिया में कुछ महानगरों में मतदान प्रतिशत के स्तर से निराश है, जो कि भारत के उच्च तकनीक वाले शहरों में अत्यधिक उदासीनता का सूचक है। अगले चरणों से पहले आयोग संबंधित नगरों के प्रशासन के साथ लगातार संपर्क बनाए रखेगा। मौसम विभाग के अनुसार, 7 मई को होने वाले आम चुनावों के तीसरे चरण के लिए गर्मी कोई बड़ी चिंता नहीं है।

## दो राजनीतिक दलों व तीन निर्दलीय के नामांकन त्रुटि के चलते निरस्त

**जालौन,** 4 मई (एजेंसियां)। उत्तरप्रदेश के जनपद जालौन में पांचवें चरण कर नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद शनिवार को नामांकन पत्रों की जांच के बाद दो राजनीतिक पार्टियों के तथा तीन निर्दलीयों के नामांकन पत्र त्रुटि के चलते निरस्त कर दिए गए।

रिटर्निंग ऑफिसर राजेश कुमार पांडे, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर संजय सिंह एवं सुरेश पाल ने बताया कि आज नामांकन कक्ष में नामांकन पत्रों की जांच के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी नागेंद्र कुमार, निर्दलीय प्रत्याशी प्रेमलता वर्मा एवं निर्दलीय प्रत्याशी बृजमोहन का नामांकन पत्र सही पाया गया वही अल हिंद पार्टी के प्रत्याशी गंगा सिंह एवं राष्ट्रवादी भारत पार्टी के प्रत्याशी बृज बिहारी के अलावा तीन निर्दलीय प्रत्याशियों के नामांकन पत्र त्रुटि के कारण निरस्त कर दिए गए।

रिटर्निंग ऑफिसर राजेश कुमार पांडे ने बताया 6 मई तक नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख है। नामांकन पत्र वापस होने के बाद उसी दिन चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिए जाएंगे।

# पिता की विरासत आगे ले जाने में जुटे अररिया व मधेपुरा सीट के राजद प्रत्याशी

**पटना,** 4 मई (एजेंसियां)। बिहार लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में दो सीट अररिया और मधेपुरा पर इंडिया गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के टिकट पर पहली बार लोकसभ का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी अपने पिता की विरासत को आगे ले जाने के लिए सियासी रणभूमि में उतरेंगे।

बिहार लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण का मतदान 7 मई को झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में होने जा रहा है। इनमें से दो सीट अररिया और मधेपुरा पर पहली बार लोकसभा के रण में उतरे राजद प्रत्याशी अपने पिता की विरासत को आगे ले जाने के लिए बेताब हैं। अररिया से पूर्व केन्द्रीय मंत्री मोहम्मद तस्लीमुद्दीन के छोटे पुत्र शाहनवाज आलम और मधेपुरा से डॉ. रमेन्द्र कुमार यादव रवि के पुत्र कुमार चंद्रदीप पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। मधेपुरा और अरदिया दोनों सीट पर राजद के प्रत्याशी की चुनावी टक्कर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के वर्तमान सांसद से है। वर्ष 2014 में जब पूरा देश मोदी लहर पर सवार था, तब अररिया सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद तस्लीमुद्दीन ने भाजपा के प्रदीप कुमार सिंह को पराजित किया। जदयू के विजय कुमार मंडल तीसरे नंबर पर रहे। इससे पूर्व



**झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में हो रहा चुनाव**

तस्लीमउद्दीन पूर्णिया और किशनगंज से सांसद रह चुके थे। वर्ष 2017 में तस्लीमुद्दीन के निधन के बाद अररिया लोकसभा सीट पर वर्ष 2018 में उप चुनाव हुआ। उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप सिंह का मुकाबला तस्लीमुद्दीन के बड़े पुत्र राजद प्रत्याशी सरफराज आलम से हुआ। भाजपा के सिंह को इस चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। राजद के सरफराज आलम ने जीत हासिल की। वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सिंह ने राजद प्रत्याशी सरफराज आलम को पराजित कर बाजी अपने नाम कर ली। इस बार के चुनाव में अररिया से पूर्व केंद्रीय गृहराज्य मंत्री तस्लीमुद्दीन के छोटे पुत्र और जोकीहाट के राजद विधायक शाहनवाज आलम का मुकाबला भाजपा सांसद प्रदीप कुमार सिंह से होगा। शाहनवाज आलम अररिया सीट पर अपने पिता की विरासत आगे ले जाने के लिये तैयार हैं।

वर्ष 1989 में मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र से रमेश कुमार यादव रवि (रमेंद्र कुमार रवि) ने जनता दल के टिकट पर चुनाव लड़ा। कांग्रेस विरोधी लहर में रामेंद्र कुमार यादव रवि ने कांग्रेस के महावीर प्रसाद यादव को पराजित किया। निर्दलीय राजेन्द्र प्रसाद यादव तीसरे नंबर पर रहे थे। इस बार के चुनाव में राजद ने कुमार चंद्रदीप को अपना उम्मीदवार बनाया है। कुमार चंद्रदीप, भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति रहे पूर्व सांसद डॉ. रमेन्द्र कुमार यादव रवि के पुत्र और संविधान सभा के सदस्य कमलेश्वरी प्रसाद यादव के पौत्र हैं। कुमार चंद्रदीप अपने पिता की विरासत को आगे ले जाने के चुनावी रण में उतरे हैं। कुमार चंद्रदीप की चुनावी टक्कर जदयू सांसद दिनेशचंद्र यादव से है।

## कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव को लेकर शुरू किया डोर टू डोर प्रचार

**नाहन,** 4 मई (एजेंसियां)। जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, वैसे-वैसे हिमाचल



प्रदेश के नाहन शहर में राजनीतिक गर्मी भी बढ़नी शुरू हो गई है। जिला कांग्रेस के कोषाध्यक्ष व वार्ड नंबर 7 के पार्षद राकेश गर्ग (पपली) के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने डोर टू डोर प्रचार आरंभ कर दिया है। शनिवार को पपली ने अपनी टीम के साथ वार्ड नंबर-9 में डोर टू डोर प्रचार किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों को कांग्रेस सरकार की डेढ़ साल की उपलब्धियों के अलावा आने वाले चुनावों के दृष्टिगत लोगों से कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील की। गर्ग ने बताया कि पिछले तीन दिनों से वह डोर टू डोर प्रचार में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही शिमला संसदीय सीट के उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी भी प्रचार करने आएंगे।

उन्होंने कहा कि नाहन शहर से पहले भी कांग्रेस को लीड मिली। जनता इस बार भी कांग्रेस की नीतियों पर मुहर लगाएगी। इस मौके पर उनके साथ बॉबी चौहान, महीपत सोलंकी, अराधना राणा, अभिषेक, तबस्सुम व हिना भी प्रचार में जुटे रहे।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की अनोखी पहल

**जालौन,** 4 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के जालौन में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपने अपने हाथों में तरह-तरह के स्लोगन लिखकर के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया इस अनोखी पहल की चर्चा बनी हुई है। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडे ने बताया क्योंकि आंगनबाड़ी कार्यकतिया ग्राम पंचायत स्तर पर अपने कार्यक्रम चलाती हैं इसलिए इनके माध्यम



से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपने-अपने हाथों में मेहंदी से तरह-तरह की स्लोगन लिखकर मतदाताओं को प्रेरित करने का निर्देश दिया था। निर्देशों के अनुपालन में आज जनपद की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अपने-अपने हाथों में मेहंदी से आकर्षक स्लोगन लिखकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। गौरतलब है कि जनपद जालौन में जालौन गरौठा भोगनीपुर सीट के लिए 20 मई को मतदान होना है जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए अन्य और प्रयास भी किए जाएंगे मतदान करने के लिए अनोखे तरीके से आंगनवाड़ी महिला कार्यकत्रियों के हाथों में मेहंदी से मतदाता जागरूकता के संदेश लिखकर प्रेरित किया गया। सभी महिला कर्मचारियों के हाथों में मतदाता जागरूकता के विभिन्न संदेश जैसे 20 मई वोट करो, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, जन-जन की यही पुकार वोट डालो अबकी बार, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो जैसे अनेक संदेश लिखकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

# इटावा आरक्षित सीट पर लगातार नहीं मिल सकी है किसी को जीत

**इटावा,** 4 मई (एजेंसियां)। यादवपट्टी की सबसे अहम मानी जाने वाली उत्तर प्रदेश की इटावा संसदीय सीट पर आरक्षित होने के बाद कोई उम्मीदवार लगातार जीत हासिल नहीं कर सका है। राजनीतिक टीकाकार और वरिष्ठ पत्रकार गुलशन कुमार के अनुसार साल 2009 में सामान्य से आरक्षित घोषित हुई इटावा लोकसभा सीट पर पहला लोकसभा चुनाव हुआ था। उसके बाद से यह तीसरा चुनाव है। पिछले तीन लोकसभा चुनाव में इटावा लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने हर बार नए चेहरे को जिता कर संसद भेजने का कार्य किया है। वर्ष 2009 में समाजवादी पार्टी के प्रेमदास कठेरिया, 2014 में भाजपा के अशोक दोहरे व 2019 में भाजपा के ही डॉ. रामशंकर कठेरिया को जीत मिली थी। वर्ष 2024 में इटावा आरक्षित सीट पर चौथी बार चुनाव हो रहा है। भाजपा के डॉ. रामशंकर कठेरिया को छोड़कर समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने इस बार नए चेहरों पर दांव लगाया है। इसमें भी बहुजन समाज पार्टी की प्रत्याशी सारिका सिंह बघेल पूर्व में लोकसभा चुनाव हाथरस से राष्ट्रीय लोकदल पार्टी की सांसद रह चुकी हैं। यानी उन्हें



**समाजवादी पार्टी के जितेंद्र दोहरे पहली बार लोकसभा लड़ रहे चुनाव**

लोकसभा चुनाव लड़ने का न सिर्फ अनुभव है, बल्कि वह जीत भी चुकी हैं। बात समाजवादी पार्टी की करें तो जितेंद्र दोहरे पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वह अपनी पत्नी को इटावा जनपद के ब्लॉक महेवा का ब्लॉक प्रमुख बनवा चुके हैं। महेवा को एशिया महाद्वीप के पहले ब्लॉक होने का दर्जा प्राप्त है।

इस बार समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रही है, जो कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, माकपा के सहयोग से चुनाव मैदान में है। इस वजह से मजबूत स्थिति में कही जा सकती है। गठबंधन के उम्मीदवार को मुस्लिम, यादव वोटों का सहारा तो है ही। साथ ही उन्हें अनुसूचित जाति के वोट भी अच्छी संख्या में मिलने का अनुमान है।

इसकी वजह जितेंद्र दोहरे का पूर्व में बहुजन समाज पार्टी का जिलाध्यक्ष होने के अलावा भरथना विधानसभा के विधायक राघवेंद्र गौतम हैं। यह भी बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। ऐसे में दोनों की अनुसूचित जाति के मतदाताओं पर अच्छी पकड़ मानी जा सकती है यानी दोनों नेताओं के स्थानीय होने का लाभ समाजवादी पार्टी को मिल सकता है।

अनुसूचित जाति के ज्यादातर वोटर बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार को बाहरी मानकर उसके खिलाफ वोट कर सकते हैं, यदि उन्हें वह समझाने में सफल रही तो। समाजवादी पार्टी फिलहाल इसी लगी हुई है और अपनी गोटी फिट करने में लगी हुई है।

जहां तक बात भाजपा उम्मीदवार डॉ. रामशंकर कठेरिया की करें तो वह वर्तमान में सांसद हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में वह विजयी हुए थे। कहने को इटावा उनका गृह जनपद है, लेकिन बावजूद इसके वह मूल निवासी आगरा के हैं और वह इटावा में खुद के लिए वोट नहीं डाल सकते। इस वजह से उन्हें भी यदि बाहरी कहा जाए तो शायद गलत नहीं होगा। भाजपा को सिर्फ अपना दल का समर्थन मिला हुआ है। चुनाव प्रचार में बस एक सप्ताह का समय शेष है। अभी तक भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनावी सभा को जरूर संबोधित कर चुके हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 मई को इटावा के भरथना में इटावा, मैनपुरी,कन्नौज और फर्रुखाबाद की एक संयुक्त चुनावी रैली को संबोधित करने के लिए आ रहे हैं लेकिन इसके बावजूद फिर भी एकतरफा जीत की उम्मीद नहीं की जा रही है। इसकी एक वजह वोटरों का खामोश रहना है, जो कहीं न कहीं पार्टी के नेताओं की नीतियों से खिन्न नजर आ रहे हैं। वैसे भी भाजपा में जिस तरह की गुटबंदी 2019 के चुनाव के बाद से देखी जा रही है,वह खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है। इससे कार्यकर्ताओं तक मनोबल जिस तरह से गिरा हुआ है। वह भी भाजपा के लिए शुभ संकेत नहीं है। इसकी मुख्य वजह छोटे स्तर तक का काम न होना है।



# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 0.75 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.69 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.21 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.18 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआइ | 0.18 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एलटी | 2.74 प्रतिशत |
| मारुति | 2.37 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 2.22 प्रतिशत |
| रिलायंस | 2.17 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 2.03 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## सरकार ने दी प्याज निर्यात की मंजूरी

■ नासिक के इलाके में बड़े पैमाने पर होता है प्याज का उत्पादन

■ 550 डॉलर प्रति टन से कम पर नहीं कर सकेंगे प्याज का निर्यात

**नई दिल्ली**, 4 मई (एजेंसियां)। सरकार ने प्याज की कीमतों में गिरावट रोकने के एक कदम के रूप में इसके निर्यात पर से पाबंदी हटाने का निर्णय लिया है। यह फैसला प्याज के मुख्य



उत्पादक राज्य महाराष्ट्र के प्याज क्षेत्र में चुनाव से ठीक पहले लिया गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की ओर से शनिवार चार मई को जारी अधिसूचना के अनुसार प्याज को निर्यात के लिए प्रतिबंधित की जगह मुक्त वस्तु डाल दिया गया है। साथ में यह शर्त भी लगाई गई है कि देश से बाहर बेची जाने वाली प्याज न्यूनतम मूल्य 550 डॉलर प्रति टन अनिवार्य होगा। अर्थात निर्यातक 550 डॉलर प्रति टन के कम भाव पर प्याज का निर्यात नहीं कर सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि हाल में प्याज के निर्यात पर से पाबंदी हटाने का मुद्दा राजनीतिक रूप से तूल पकड़ने लगा था। प्याज के निर्यात पर से पाबंदी हटाने की मांग करने वालों का कहना था कि पाबंदी से भाव घट रहे हैं, और प्याज का उत्पादन करने वाले किसान परेशान हैं। महाराष्ट्र में नासिक के इलाके में बड़े पैमाने पर प्याज का उत्पादन होता है। भारत में प्याज का उत्पादन तीन करोड़ टन से कुछ अधिक होता है। प्याज के उत्पादन में गिरावट के कारण सरकार ने गत आठ दिसंबर को इसके निर्यात पर पाबंदी लगा दी थी और 22 मार्च को इसे अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया था। केंद्र ने पिछले दिनों बंगलादेश, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात सहित कुछ पड़ोसी देशों को सीमित मात्रा में प्याज के निर्यात करने की छूट दी थी।

## भारत के सेवा निर्यात की सुस्त पड़ी रफ्तार

■ वर्ष 2024 में सेवा निर्यात 4.9 फीसदी की वृद्धि के साथ 341.1 अरब डॉलर रहा

**नई दिल्ली,** 4 मई (एजेंसियां)। लगातार दो साल तक दो अंकों में बढ़ने के बाद पिछले वित्त वर्ष के दौरान भारत के सेवा निर्यात की रफ्तार सुस्त पड़ गई और तीन साल में सबसे कम रही। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024 में भारत का सेवा निर्यात 4.9 फीसदी की मामूली वृद्धि के साथ 341.1 अरब डॉलर रहा। हालांकि सेवाओं के शुद्ध निर्यात की बात करें तो 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान वह 13.6 फीसदी की दमदार वृद्धि के साथ 162.8 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान सेवाओं का आयात 2 फीसदी घटकर 178.3 अरब डॉलर रह गया। इससे शुद्ध निर्यात बढ़ गया।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि सेवाओं के निर्यात में कमजोर वृद्धि की मुख्य वजह पिछले वर्षों में आंकड़ा ज्यादा रहना और विकसित अर्थव्यवस्थाओं से मांग नरम रहना हो सकती है। उन्होंने कहा, 'वित्त वर्ष 2025 में भी हालत ऐसी ही रहेगी क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था और विशेष तौर पर अमेरिका एवं यूरोप में उच्च ब्याज दरों के कारण मांग में नरमी रहेगी।'

वाणिज्य मंत्रालय द्वारा पिछले महीने जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024 में वस्तुओं का निर्यात 3.2 फीसदी घटकर 437.1 अरब डॉलर रह गया, जिससे व्यापार घाटा बढ़कर 240.2 अरब डॉलर हो गया। लेकिन



वित्त वर्ष 2025 में भी हालत ऐसी ही रहेगी क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था व विशेष तौर पर अमेरिका एवं यूरोप में उच्च ब्याज दरों के कारण मांग में नरमी रहेगी : मदन सबनवीस

सेवाओं के व्यापार में बढ़िया अधिशेष के कारण वित्त वर्ष 2024 में चालू खाते का घाटा कम होकर जीडीपी का करीब 1 फीसदी रह सकता है। वृहद आर्थिक संकेतकों पर पूर्वानुमान जारी करने वाले पेशेवरों के हालिया सर्वेक्षण में रिजर्व बैंक ने बताया कि इस वित्त वर्ष में चालू खाते का घाटा जीडीपी का 1.2 फीसदी और और 2025-26 में 1.1 फीसदी रह सकता है।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की अर्थशास्त्री गौरा सेनगुप्ता ने कहा कि सेवा निर्यात में सुस्त वृद्धि की भरपाई सेवाओं के आयात में गिरावट से हो गई। उन्होंने कहा, 'भुगतान संतुलन के विवरण से संकेत मिलता है कि परिवहन सेवाओं में गिरावट और सॉफ्टवेयर सेवाओं एवं पेशेवर सेवाओं में नरमी ही सेवाओं के निर्यात में मंदी की प्रमुख कारण रहीं। परिवहन सेवाओं में संकुचन के कारण सेवाओं के आयात में गिरावट आई।' उन्होंने कहा कि पेशेवर सेवाओं के निर्यात को सहारा देने वाले ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) बढ़ने से वित्त वर्ष 2025 में सेवा अधिशेष अधिक रहने के आसार हैं। जीसीसी भारत में बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा स्थापित विशेष केंद्र हैं, जिनका मकसद स्थानीय प्रतिभा का फायदा उठाना, अधिक से अधिक परिचालन दक्षता हासिल करना और नए बाजारों तक पहुंचना है। ये केंद्र सूचना प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं विकास (आरऐंडडी), वित्त, मानव संसाधन, ग्राहक सेवा, विश्लेषण और कारोबारी प्रक्रियाओं के संचालन सहित तमाम क्षेत्रों में कार्य करते हैं।

गोल्डमैन सैक्स ने अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा कि भारत में जीसीसी की आय पिछले 13 वर्षों में 11.4 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक दर (सीएजीआर) से बढ़ी और चार गुना होती हुई वित्त वर्ष 2023 में 46 अरब डॉलर तक पहुंच गई। भारत से सेवाओं के निर्यात में सॉफ्टवेयर निर्यात का दबदबा है।

## ओला कृत्रिम ने डेवलपर्स के लिए खोला एआई क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर

हमारा कृत्रिम असिस्टेंट ऐप हर किसी के जीवन में जेनएआई को अपनाने में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा : भाविश अग्रवाल

**बेंगलुरु,** 4 मई (एजेंसियां)। घरेलू आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनी ओला कृत्रिम ने शनिवार को एक मोबाइल ऐप लॉन्च करने के साथ-साथ उद्यमों, शोधकर्ताओं और डेवलपर्स के लिए अपने खुद के प्रोडक्ट बनाने के लिए अपना क्लाउड प्लेटफॉर्म खोलने की घोषणा की।

क्लाउड प्लेटफॉर्म डेवलपर्स को एआईकंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, कृत्रिम फाउंडेशनल मॉडल और ओपन-सोर्स मॉडल तक पहुंच प्रदान करेगा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि लार्ज-लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) द्वारा संचालित कृत्रिम एआई असिस्टेंट ऐप, सभी के लिए एआई का लाभ उठाना आसान बना देगा। ओला कृत्रिम के संस्थापक भाविश अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप, हम दुनिया के लिए भारत में फुल-स्टैक एआई क्षमताओं को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस साल जनवरी में एआई कंपनी भारत की सबसे तेज यूनिकॉर्न और देश की पहली एआई यूनिकॉर्न बन गई। अग्रवाल ने एक कार्यक्रम में कहा कि हमारा कृत्रिम असिस्टेंट ऐप हर किसी के जीवन में सहज एकीकरण की अपनी क्षमता के साथ जेनएआई को अपनाने में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। कृत्रिम ने मॉडल-एज-ए-सर्विस की घोषणा की है।

## वैश्विक स्तर पर स्टार्टअप इकोसिस्टम में छंटनी जारी

**नई दिल्ली,** 4 मई (एजेंसियां)। टेक सेक्टर में इस साल के पहले चार महीनों में 80 हजार से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया। वैश्विक स्तर पर स्टार्टअप इकोसिस्टम में छंटनी जारी है।

पोर्टल, लेऑफ डॉट एफवाई के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, 279 टेक कंपनियों ने 3 मई तक 80,230 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला। 2022 और 2023 में, दुनिया भर की टेक कंपनियों ने 425,000 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की थी। वैश्विक मंदी ने आईटी/टेक और स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रभावित किया।



■ 4 महीनों में टेक कंपनियों ने की 80 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी

हाल ही में, यूएस कस्टमर एक्सपीरियंस मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म स्प्रिंकलर ने लगभग 116 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। एक्सरसाइज इक्विपमेंट और फिटनेस कंपनी पेलोटन ने इस हफ्ते अपने 15 प्रतिशत कार्यबल यानी लगभग 400 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की घोषणा की। रिपोर्ट्स के अनुसार, गूगल ने पुनर्गठन के चलते लगभग 200 कर्मचारियों को नौकरी से हटाया।

टेस्ला ने अपने वैश्विक कार्यबल से 10 प्रतिशत यानी 14,000 कर्मचारियों की कटौती करने के कुछ हफ्ते बाद सैकड़ों कर्मचारियों को भी नौकरी से निकाल दिया। टेक अरबपति ने छंटनी के नए राउंड में पूरी टेस्ला चार्जिंग टीम को हटा दिया। भारत में, राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म ओला कैब्स ने एक पुनर्गठन प्रक्रिया शुरू की है, जिसका 10 प्रतिशत कार्यबल पर प्रभाव पड़ेगा।

**सार संक्षेप**

### कैरोल फर्टाडो बने उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक को कार्यकारी निदेशक

**बेंगलुरु।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने तीन साल की अवधि के लिए कैरोल फर्टाडो को अपना कार्यकारी निदेशक बनाने की घोषणा की है। बैंक ने कहा कि उनका कार्यकाल 1 मई, 2024 से प्रभावी है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कैरोल फर्टाडो की नियुक्ति का अनुमोदन किया है। फर्टाडो बैंक की शुरूआत से ही उसके साथ हैं। उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण भूमिकाओं में जैसे कि चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर, हेड ऑफ ऑपरेशंस एण्ड सर्विस क्वालिटी और चीफ बिजनेस ऑफिसर (सीबीओ) के तौर पर काम किया है। फर्टाडो को रिटेल बैंकिंग और एनबीएफसी जैसे कार्यक्षेत्रों में बैंकिंग का 29 से अधिक वर्षों का अनुभव है। उन्हें व्यवसाय, बैंकिंग परिचालन, ऋण, कर्मचारियों के काम तथा सेवा की गुणवत्ता में नेतृत्व की विशेषज्ञता प्राप्त है। वह लीडरशिप टीम की महत्वपूर्ण सदस्य रही हैं, जिसने उज्जीवन का आधार रखकर निर्माण किया था।

### पहली तिमाही में तिब्बत की ऑनलाइन बिक्री में वृद्धि

**बीजिंग।** तिब्बत के वाणिज्य विभाग के हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि पहली तिमाही के दौरान ऑनलाइन खुदरा बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कुल 3.75 अरब युआन का यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 48.8 प्रतिशत अधिक है। विशेष रूप से उल्लेखनीय भौतिक वस्तुओं की ऑनलाइन खुदरा बिक्री है, जो 3.18 अरब युआन तक पहुंच गई, जो पिछले वर्ष की पहली तिमाही की तुलना में 53.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्शाती है। तिब्बत के संपन्न ऑनलाइन खुदरा परिदृश्य को लगभग 11,600 दुकानों, 532 संबद्ध कंपनियों और ई-कॉमर्स उद्यमों में सक्रिय रूप से लगे 31,500 लोगों के कार्यबल का समर्थन प्राप्त है। यह ऑनलाइन गतिविधि आर्थिक विकास को बढ़ावा देती है और आजीविका और उपभोग पैटर्न के लिए एक महत्वपूर्ण जीवन रेखा के रूप में कार्य करती है।

### टीपीआरईएल ने एसजेवीएन से किया समझौता

**नई दिल्ली।** टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) ने शनिवार को कहा कि उसने 460 मेगावाट की दृढ़ और प्रेषण योग्य नवीकरणीय ऊर्जा (एफडीआरई) परियोजना स्थापित करने के लिए एसजेवीएन लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एफडीआरई संयंत्र से निर्बाध रूप से लगातार बिजली आपूर्ति की जा सकती है। इससे बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को उनके नवीकरणीय खरीद दायित्वों (आरपीओ) और ऊर्जा भंडारण दायित्वों (ईएसओ) को पूरा करने में मदद मिलती है। बयान के मुताबिक 460 मेगावाट की एफडीआरई की इस तरह तैयार किया गया है, ताकि यह सौर, पवन और बैटरी भंडारण प्रौद्योगिकियों के संयोजन से बिजली की अधिकतम मांग के दौरान कुशलता के साथ बिजली आपूर्ति कर सके।

## फिलीपींस में विस्तार पर अडाणी पोर्ट्स व एसईजेड की नजर


■ अडाणी समूह बंदरगाहों, हवाई अड्डों, बिजली व रक्षा में निवेश करने की बना रहा योजना

**नई दिल्ली,** 4 मई (एजेंसियां)। फिलीपींस सरकार ने कहा है कि अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) फिलीपींस में महत्वपूर्ण निवेश करने की योजना बना रही है और बातान में अपनी बंदरगाह विकास योजना शुरू करने पर विचार कर रही है।

बातान फिलीपींस द्वीप लुजोन में एक प्रांत है। फिलीपींस के राष्ट्रपति कार्यालय के एक बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर प्रशासन के तहत एपीएसईजेड विनियमन और कारोबारी माहौल में स्थिरता के कारण निवेश करने की योजना बना रहा है।

एपीएसईज़ेड के प्रबंध निदेशक करण अडाणी ने फिलीपींस के मलकानांग पैलेस में एक बैठक के दौरान राष्ट्रपति मार्कोस से कहा, महामहिम, एक निजी क्षेत्र के रूप में हम हमेशा स्थिरता की तलाश करते हैं। विनियमन में स्थिरता, उस वातावरण में स्थिरता, जिसमें हम काम कर रहे हैं। जैसा कि आपने कहा, आप यही प्रदान कर रहे हैं।

करण अडाणी ने कहा कि एपीएसईजेड अपनी बंदरगाह विकास योजना के लिए बातान पर विचार कर रहा है और यह कंपनी के लिए एक अच्छा अवसर हो सकता है। कंपनी की योजना 25 मीटर गहरा बंदरगाह विकसित करने की है, जिसमें पैनामैक्स जहाजों को रखा जा सके।



यह फिलीपींस को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाने के लिए कृषि उत्पादों को संभालने वाले बंदरगाहों पर ध्यान केंद्रित कर सकता है : फर्डिनेंड आर मार्कोस, राष्ट्रपति

आधिकारिक बयान में कहा गया कि दूसरी ओर, अदाणी समूह बंदरगाहों, हवाई अड्डों, बिजली और रक्षा में निवेश करने की योजना बना रहा है।

राष्ट्रपति मार्कोस ने फिलीपींस में एपीएसईजेड की विस्तार योजनाओं का स्वागत करते हुए कहा कि यह फिलीपींस को अंततः विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाने के लिए कृषि उत्पादों को संभालने वाले बंदरगाहों पर ध्यान केंद्रित कर सकता है।

एपीएसईजेड के पश्चिमी तट पर सात बंदरगाह और टर्मिनल हैं और दक्षिण-पूर्व एशियाई देश के पूर्वी तट पर आठ बंदरगाह हैं। इस बीच एपीएसईजेड ने वित्त वर्ष 24 के लिए शुद्ध लाभ में 50 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है, जो 8,104 करोड़ रुपये है, जो 420 एमएमटी (मिलियन मीट्रिक टन) की रिकॉर्ड मात्रा तक पहुंच गया है, जो कि 24 फीसदी का इजाफा (साल-दर-साल) है। कंपनी के अनुसार, वित्त वर्ष 24 के लिए राजस्व 28 फीसदी (साल-दर-साल) बढ़कर 26,711 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया।

## केवल एक सामाजिक सुरक्षा योजना पर निर्भरता नाकाफी : मोहंती

**पुणे,** 4 मई (एजेंसियां)। पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के अध्यक्ष दीपक मोहंती ने कहा है कि एक मजबूत सेवानिवृत्ति कोष के निर्माण के लिए केवल एक सामाजिक सुरक्षा योजना पर निर्भर रहना नाकाफी है। मोहंती ने कॉर्पोरेट के साथ सेवानिवृत्ति योजना पर आयोजित गोलमेज सम्मेलन में वृद्ध समाज और बढ़ती जीवन प्रत्याशा (लाइफ एक्सपेक्टेंसी) से जुड़े जरूरी मुद्दों पर पर भी रोशनी डाली। मोहंती ने कहा कि एक मजबूत सेवानिवृत्ति कोष के निर्माण के लिए केवल एक सामाजिक सुरक्षा योजना पर निर्भर रहना नाकाफी है।

उन्होंने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) द्वारा दी जाने वाली दक्षता, पारदर्शिता और रिटर्न के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उनका कहना था कि कॉरपोरेट्स से एनपीएस को अपनाने पर विचार करने के लिए आग्रह किया जा रहा है, ताकि कर्मचारियों को एनपीएस में शामिल होने के लिए एक मंच प्रदान किया जा सके। साथ ही कॉरपोरेट्स में एनपीएस की लागू होने की दर बढ़ाने के लिए उन्हें शिक्षित और प्रेरित किया जा सके।



■ 1 मई 2009 से स्वैच्छिक आधार पर सभी नागरिकों के लिए खोल दी गई एनपीएस

एनपीएस 1 जनवरी 2004 या उसके बाद कार्यबल में शामिल होने वाले केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों (सशस्त्र बलों को छोड़कर) के लिए शुरू की गई थी। कई राज्य/केंद्रशासित प्रदेश की सरकारों ने भी अपने नए कर्मचारियों के लिए एनपीएस को अपनाया। एनपीएस 1 मई 2009 से स्वैच्छिक आधार पर सभी नागरिकों के लिए खोल दी गई।

## खाद्य तेलों में टिकाव, दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली**, 4 मई (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में



टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान उड़द दाल 500 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि मसूर दाल 100 रुपए और अरहर दाल 400 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। वहीं, चना, दाल चना और मूंग दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6300-6400, दाल चना 7300-7400, मसूर काली 7450-7550, मूंग दाल 10500-10600, उड़द दाल 12700-12800, अरहर दाल 11200-11300 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपए और **चावल :** 2800-2900 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## कोटक बैंक की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत बढ़ा

■ बैंक ने अपनी परिसंपत्ति की गुणवत्ता में भी किया सुधार

**मुंबई,** 4 मई (एजेंसियां)। निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 18 प्रतिशत बढ़कर 4,133 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। पिछले साल की समान तिमाही में यह 3,496 करोड़ रुपए था। शनिवार को घोषित




वित्तीय परिणामों में बैंक ने बताया कि तिमाही के दौरान उसकी शुद्ध ब्याज आय 13 प्रतिशत बढ़कर 6,909 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 6,103 करोड़ रुपए थी। बैंक ने अपनी परिसंपत्ति की गुणवत्ता में भी सुधार दर्ज किया है। सकल गैर-निष्पादित परसंपत्ति (एनपीए) पिछले साल के 1.78 प्रतिशत से घटकर 1.39 प्रतिशत रह गई है। शुद्ध एनपीए भी एक साल पहले के 0.37 प्रतिशत से गिरकर 0.34 प्रतिशत पर आ गया। बैंक द्वारा दिया गया ऋण मार्च के अंत में एक साल पहले के मुकाबले 20 प्रतिशत बढ़कर 3,91,729 करोड़ रुपए हो गया।

## आईडीबीआई बैंक का शुद्ध मुनाफा मार्च तिमाही में 44 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के आईडीबीआई बैंक का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में 44 प्रतिशत उछलकर 1,628 करोड़ रुपए रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 1,133 करोड़ रुपए रहा था। बैंक ने शनिवार को कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 7,887 करोड़ रुपए रही है, जो पिछले साल समान तिमाही में 7,014 करोड़ रुपए थी। पिछले वित्त वर्ष के लिए बैंक का शुद्ध लाभ 55 प्रतिशत बढ़कर 5,634 करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2022-23 में बैंक का शुद्ध लाभ 3,645 करोड़ रुपए था। कंपनी की कुल आमदनी वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 30,037 करोड़ रुपए थी, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 24,942 करोड़ रुपए थी। आईडीबीआई बैंक की शुद्ध ब्याज आय मार्च तिमाही में 12 प्रतिशत बढ़कर 3,688 करोड़ रुपए रही है, जो पिछले साल समान तिमाही में 3,280 करोड़ रुपए थी। शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात 31 मार्च, 2024 को सुधरकर 0.34 प्रतिशत हो गया, जो 31 मार्च, 2023 को 0.92 प्रतिशत था। आईडीबीआई बैंक के निदेशक मंडल ने 15 प्रतिशत लाभांश का प्रस्ताव दिया है जो शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है।

# खेल जगत

## मुंबई फिलहाल एक टीम के रूप में नहीं खेल रही है : इरफान पठान

**नई दिल्ली,** 4 मई (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने शुक्रवार रात कोलकाता नाइट राइडर्स से 24 रन से मिली निराशाजनक हार के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या की तीखी आलोचना की। पठान ने उन महत्वपूर्ण क्षणों पर प्रकाश डाला जहां उनका मानना था कि एमआई लड़खड़ा गया था, विशेष रूप से मैदान पर पांड्या के निर्णय लेने पर ध्यान केंद्रित किया। जब केकेआर 57/5 पर संघर्ष कर रहा था, तब तीन महत्वपूर्ण ओवरों में नमन धीर का उपयोग करने से भौंहें तन गईं, पठान ने सुझाव दिया कि मुंबई को 20 रन महंगे पड़े, जिससे केकेआर को 170 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में मदद मिली। इरफ़ान पठान ने इंस्टाग्राम पर कहा कि मुंबई इंडियंस की कहानी आईपीएल 2024 में समाप्त हो गई है। वे कागज पर बहुत अच्छी टीम थे लेकिन उन्हें अच्छी तरह से प्रबंधित नहीं किया गया है।



## धर्मशाला में चेन्नई का सामना पंजाब से

# पंजाब सुपर किंग्स तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने उतरेगी

### चेन्नई के ऋतुराज व शिवम के सामने पंजाब के तेज गेंदबाजों से पार पाने की चुनौती

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 4 मई (देशबन्धु)। पंजाब किंग्स लगातार चार हार के बाद अनुभवी अंग्रेज बल्लेबाज जॉनी बैरिस्टो और नौजवान शशांक सिंह की सही वक्त पर पिछले दो मैचों में बेहतरीन पारियों की बदौलत बेहद करीबी संघर्ष में मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को उसके घर में सात विकेट से हराने के बाद अब अपने घरेलू धर्मशाला के मैदान पर भी रविवार को हरा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उसके खिलाफ जीत का छक्का' जड़ अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखने के मकसद से उतरेगी। फिलहाल दस मैचों में चार जीत और छह हार के साथ सातवें स्थान पर चल रही पंजाब किंग्स की कोशिश चेन्नई सुपर किंग्स को फिर हरा अपनी लगातार तीसरी और कुल पांचवीं जीत के साथ अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने की है। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स दस मैचों में पांच जीत और पांच हार के साथ पांचवें स्थान पर चल रही है। पंजाब किंग्स की पिछले लगातार दो मैचों में जीत का सबब बैरिस्टो (कुल 250 रन)का उसके लिए लिए मौजूदा सीजन में आठ मैचों में अपना पहला शतक और दो अर्द्धशतक जड़ने नौजवान शशांक सिंह (कुल 288 रन) के बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन के साथ विकेट लेने में संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर चल रहे तेज गेंदबाज हर्षल पटेल (कुल 14 विकेट), बाएं हाथ के अर्शदीप सिंह (कुल 13 विकेट), नियमित कप्तान शिखर धवन के चोट के चलते बाहर होने पर कप्तानी की



जिम्मेदारी संभाल रहे सैम करेन(12 विकेट) और सदाबहार शुरू और आखिर के ओवर फेंकने वाले कसिगो रबाड़ा(11 विकेट) की चौकड़ी के साथ लेग स्पिनर राहुल चाहर (5 मैच, 5 विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बराड़ (10 मैच, छह विकेट) की स्पिन जोड़ी का भी सही वक्त पर रंग में आना है।

आईपीएल 2024

अपने घर में पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में अकेले अर्द्धशतक जड़ने वाले मौजूदा सीजन में एक शतक और चार अर्द्धशतक सहित रन बनाने में सबसे आगे चल रहे चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (कुल 509 रन) ने अपनी टीम की हार का विवेचन करते हुए एकदम सही कहा था कि उनकी टीम ने 50-60 रन कम बनाए। वहीं पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करेन ने कहा कि चेन्नई में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बड़ी जीत से हम बेशक धर्मशाला में उसके खिलाफ मनोवैज्ञानिक लाभ और आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे। हमारे स्पिनरों खास तौर पर लेग राहुल चाहर ने पारी के 19वें ओवर में खासतौर पर चेन्नई के अनुभवी फिनिशर महेंद्र सिंह धोनी के खिलाफ जिस तरह बड़े जिगरे से गेंदबाजी उससे हमारी टीम के हौसले अब धर्मशाला में उसके खिलाफ रविवार के मैच के लिए बुलंद हैं।' चेन्नई सुपर किंग्स के मौजूदा सीजन में सबसे आगे चल रहे कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के साथ उनके सलामी जोड़ीदार अजिंक्य रहाणे(कुल 199 रन), तीन अर्द्धशतकों की मदद से टीम के लिए रन बनाने में दूसरे स्थान पर चल रहे शिवम दुबे (कुल 350 रन), एक अर्द्धशतक जड़ने वाले रवींद्र जडेजा(कुल 159 रन) व डैरल मिचेल के सामने पंजाब किंग्स के हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह, कसिगो रबाड़ा और सैम करेन के गेंदबाजी इकाई के रूप में रफ्तार के साथ धार दिखा आपस में 50 विकेट बांटने वाली तेज गेंदबाजों की चौकड़ी से पार पाने की मुश्किल चुनौती होगी। पंजाब किंग्स के लिए सोने पर सुहागा यह कि उसके – लेग स्पिनर राहुल चाहर, बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बराड़ और ऑफ स्पिनर लियाम लिविंगस्टन की विविधतापूर्ण स्पिन त्रिमूर्ति भी पूरे रंग में है जो खासतौर पर बीच के ओवर में अपनी चतुराई से रनों पर लगाम लगाने के साथ विकेट चटकाने में खूब सक्षम दिखाई देती है। ऐसे में खासतौर पर रवींद्र जडेजा के साथ मोइन अली को बल्ले और गेंद दोनों से कमाल दिखाने की जरूरत होगी। विस्फोटक एक शतक जड़ने वाले ओपनर जॉनी बैरिस्टो, दो अर्द्धशतक जड़ने वाले शशांक सिंह, एक एक अर्द्धशतक जड़ने वाले शुरू से खुल कर अपने स्ट्रोक खेलने में यकीन करने वाले प्रभसिमरन सिंह (कुल 221 रन), सैम करेन (कुल 174 रन), आशुतोष शर्मा (7 मैच, कुल 159 रन), रिले रॉसू (चार मैच, कुल 79 और लियाम लिविंगस्टन (6 मैच, कुल 111 रन) को चेन्नई सुपर किंग्स के मतिशा पथिराना(6 मैच, 13 विकेट)तुषार देशपांडे (9 मैच, 10 विकेट ) से खासतौर पर चौकस रहना होगा।

## यूरोप दौरे के लिए जूनियर हॉकी टीम का हुआ ऐलान

# रोहित संभालेंगे कमान



**नई दिल्ली,** 4 मई (देशबन्धु)। ड्रैग फ्लिकर फुलबैक रोहित की अगुआई में भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम 20 से 29 मई, 2024 तक यूरोप के दौरे पर जाएगी। अनुभवी फुलबैक शारदानंद तिवारी टीम इस दौरे पर भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान होंगे। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम अपने यूरोप दौरे पर बेल्जियम और जर्मनी की टीमों के साथ नीदरलैंड के क्लब ब्रेडे हॉकी वेरेनजिंग पुश के खिलाफ कुल पांच मैच खेलेगी। हॉकी इंडिया ने भारत की जूनियर टीम के नौजवान खिलाड़ियों को यूरोपीय टीमों के खिलाफ खेलने का अनुभव दिलाने के लिए इस यूरोप दौरे पर टीम को भेजने का फैसला किया है। भारत की यूरोप दौरे पर जानी 20 सदस्यीय जूनियर टीम में कप्तान फुलबैक रोहित, उपकप्तान शारदा नंद तिवारी, योगेम्बर रावत, मध्यपंक्ति के खिलाड़ी अंकित पाल, स्ट्राइकर सौरभ आनंद कुशवाहा, गुरजोत सिंह और गुरसेवक कमोबेश सभी खिलाड़ी नए हैं। भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम अपना पहला मैच 20 मई को बेल्जियम के खिलाफ एंटवर्प में और फिर उसके खिलाफ ब्रेडा, नीदरलेंड में 22 मई को एक और मैच खेलेगी। 23 मई को भारतीय जूनियर टीम नीदरलैंड कश ब्रेडे हॉकी वेरेनजिंग पुश के खिलाफ खेलेगी और 28 मई को जर्मनी के खिलाफ खेलेगी और अगले दिन ब्रेडा में जर्मनी के खिलाफ एक और अपने यूरोप दौरे का अंतिम मैच खेलेगी।

■ भारत की जू. टीम बेल्जियम व जर्मनी के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी

### भारत की यूरोप दौरे के लिए चुनी गई जूनियर टीम इस प्रकार है:

**गोलरक्षक** : प्रिंस दीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह।

**रक्षापंक्ति** : शारदानंद तिवारी (उपकप्तान), योगेम्बर रावत, अनमोल एक्का, रोहित (कप्तान), मनोज यादव, तालेम प्रियो बारता

**मध्यपंक्ति** : अंकित पाल,, रोशन कुजूर, बिपिन बिलावरा रवि, मुकेश टोपो, मनमीत सिंह, वचन एचए।

**अग्रिम पंक्ति** : सौरभ आनंद कुशवाहा, अर्शदीप सिंह, गुरजोत सिंह, मोहम्मद कुनैन दाद, दिलराज सिंह, गुरसेवक सिंह।

## प्रशंसकों से मिले राजस्थान रॉयल्स के सितारे

**नई दिल्ली,** 4 मई (एजेंसियां)। भारत के अग्रणी ऊर्जा समाधान ब्रांड और आईपीएल 2024 के लिए राजस्थान रॉयल्स के टाइटल प्रायोजक, ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज ने शनिवार को दिल्ली में राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ियों के साथ एक विशेष मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम की मेजबानी की। मौजूदा सीज़न के लिए राजस्थान रॉयल्स के शीर्षक प्रायोजक के रूप में, ल्यूमिनस प्रशंसकों को अपने क्रिकेट नायकों के करीब लाने के लिए उत्साहित है। इस मुलाकात और अभिवादन कार्यक्रम ने क्रिकेट प्रशंसकों और उत्साही लोगों को जीवन में एक बार अपने पसंदीदा खिलाड़ियों के साथ बातचीत करने का अवसर प्रदान किया। राजस्थान रॉयल्स इस समय तालिका में 10 मैचों में आठ जीत और 16 अंकों के साथ सबसे ऊपर है। इस कार्यक्रम में ल्यूमिनस इंडिया की नेतृत्व टीम प्रीति बजाज, मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक, नीलिमा बुर्रा, मुख्य रणनीति, परिवर्तन और विपणन अधिकारी,




अमित शुक्ला, वरिष्ठ वीपी - एनर्जी सॉल्यूशंस और राजस्थान रॉयल्स के प्रमुख खिलाड़ियों ने भाग लिया। बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल, रोवमैन पॉवेल और सबसे शानदार गेंदबाज आर अश्विन इनमें से एक थे। कई

■ राजस्थान रॉयल्स 10 मैचों में आठ जीत और 16 अंकों के साथ सबसे ऊपर है

चैनल साझेदारों और वितरकों ने इस विशेष मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम में भाग लिया। खिलाड़ियों ने ल्यूमिनस टीम को अपने हस्ताक्षरित लघु बल्ले भेंट किये। ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज की मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक, प्रीति बजाज ने कहा कि ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र में उत्प्रेरक बनने का प्रयास करते हुए ल्यूमिनस लगातार उच्च प्रदर्शन और विश्वसनीयता के मूल्यों से प्रेरित रहा है। राजस्थान रॉयल्स के साथ साझेदारी ल्यूमिनस के लिए सबसे खास है क्योंकि हाल के वर्षों में एसोसिएशन और मजबूत हुआ है। साझा मूल्यों के कारण दोनों ब्रांडों के बीच सहयोग मजबूत हुआ है, क्योंकि हम अपनी सहयोगी सामाजिक पहल के माध्यम से स्थिरता की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स के साथ साझेदारी से हमें मदद मिली है।

## उबेर कप फाइनल में मेजबान चीन का मुकाबला इंडोनेशिया से होगा

**चेंगदू (चीन),** 4 मई (एजेंसियां)। मेजबान चीन शनिवार को सेमीफाइनल में जापान को 3-0 से हराने के बाद उबेर कप खिताब के लिए इंडोनेशिया के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेगा। इंडोनेशिया ने अपने मजबूत एकल खिलाड़ियों के दम पर यहां थॉमस और उबेर कप फाइनल 2024 के दूसरे सेमीफाइनल में गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को 3-2 से हरा दिया। ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई ने अया ओहोरी को सीधे गेमों में 21-18, 21-15 से हरा दिया, दुनिया की नंबर 1 चेन किंगचेन और जिया यिफ़ान ने डबल्स में नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा को 14-21,21-13, 23-21 से हराकर स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद ही बिंगजियाओ ने नोजोमी ओकुहारा को 21-8, 21-18 से हराकर चीन के लिए अंतिम स्थान पक्का किया। 2016 के बाद पहली बार घरेलू धरती पर खेलते हुए, टूर्नामेंट के इतिहास में 15 खिताबों के साथ रिकॉर्ड धारक चीन का लक्ष्य दो साल पहले दक्षिण कोरिया से हारने के बाद खिताब दोबारा हासिल करना है।

उबेर कप

## डेविड वार्नर 70 प्रतिशत भारतीय और 30 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई हैं : फ्रेजर-मैकगर्क

**नई दिल्ली,** 4 मई (एजेंसियां) दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की युवा पावर-हिटिंग जोड़ी ट्रिस्टन स्टब्स और जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने गोल्फ सत्र, आईपीएल अनुभव, आक्रामक गेमप्ले, भविष्य की आकांक्षाओं को लेकर अपने जुड़ाव के बारे में खुलकर बातचीत की।

फ्रेजर-मैकगर्क ने दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वह (डेविड) उन सबसे नि:स्वार्थ लोगों में से एक है जिनसे मैं कभी मिला हूं। उसके पास हमेशा सभी के लिए समय होता है। वह 24/7 आपकी मदद करना चाहता है। वह हर होटल में हमेशा मुझसे दो कमरे की दूरी पर रहता है। बस उसके कमरे में जाओ और हर सुबह कॉफी पिओ। उन्होंने कहा कि वह ऑस्ट्रेलियाई से ज्यादा भारतीय हैं। यही मैं उनसे कहता हूं। मैं कहता हूं कि वह 70 फीसदी भारतीय हैं और 30 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई हैं।




डेविड उन सबसे नि:स्वार्थ लोगों में से एक है जिनसे मैं कभी मिला हूं। उनके पास हमेशा सभी के लिए समय होता है : फ्रेजर-मैकगर्क

गोल्फ पर पहली छाप और जुड़ाव के बारे में बात करते हुए, स्टब्स ने डीसी पॉडकास्ट पर कहा कि मैं उसके बारे में कुछ नहीं जानता था, लेकिन वह मेरी जिंदगी की कहानी जानता था। फ्रेज़र-मैकगर्क ने कहा कि मुझे याद है कि मेरे मन में पहला विचार आया था, वह मेरी कल्पना से थोड़ा अधिक लंबा है। मैंने सोचा था कि वह थोड़ा छोटा होगा, लेकिन वह काफी बड़ा है और वह अब तक बिल्कुल ठीक है।

## सार संक्षेप

### बाकू विश्व कप : ट्रैप क्वालिफिकेशन के पहले दिन के बाद श्रेयसी सर्वश्रेष्ठ भारतीय

**नई दिल्ली।** श्रेयसी सिंह शनिवार को अजरबैजान के बाकू में चल रहे इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप की महिला ट्रैप प्रतियोगिता में तीन राउंड में कुल 69 का स्कोर बनाकर आठवें स्थान पर रहीं। पुरुषों और महिलाओं की प्रतियोगिताओं में एक भारतीय निशानेबाज के लिए उनका रिटर्न सबसे अच्छा है। भारत ने बाकू विश्व कप के लिए केवल शॉटगन टीम भेजी है, जो पेरिस ओलंपिक से पहले महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक प्रदान करता है। पूर्व राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन श्रेयसी ने 22-22 के दो राउंड के बीच 25 का परफेक्ट राउंड लगाया। वह क्वालिफिकेशन के दो और राउंड के लिए रविवार सुबह वापस आएंगी।

### मयंक यादव हुए आईपीएल 2024 के बचे हुए लीग मैचों से बाहर

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जॉयंट्स के तेज़ गेंदबाज़ मयंक यादव चोट के कारण बचे हुए आईपीएल 2024 लीग मैचों से बाहर हो चुके हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के ख़िलाफ़ मैच से पहले प्रेस कॉन्फ़्रेंस में टीम के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने साफ़ किया कि मयंक अब लीग चरण के किसी भी मैच में नहीं खेल पाएंगे। इसके अलावा लैंगर ने यह भी कहा कि वो उम्मीद करते हैं कि मयंक नॉकआउट के लिए वापस आएं, लेकिन वास्तव में उनके लिए वापस आकर खेलना बेहद मुश्किल है। लैंगर ने कहा कि मयंक का स्कैन कराया गया और उन्हें उसी जगह टियर हुआ है जहां पिछली बार हुआ था। यह काफ़ी दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि हम देख चुके हैं कि वह क्या प्रभाव डाल सकते हैं। उनका रिहैब अच्छा हुआ था और पिछले मैच से पहले उन्हें बिल्कुल भी दर्द नहीं था, इसलिए यह उनके लिए बहुत दुखद है और यह टीम के लिए भी निराशाजनक है कि वह शेष टूर्नामेंट नहीं खेल पाएंगे।

### हिंदू कॉलेज ने टी-20 इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में लगातार दो जीत दर्ज की

**नई दिल्ली।** हिंदू कॉलेज ने स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाइट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज कर लीग में टॉप पर है।

पहले मैच में हिंदू कॉलेज ने राम लाल आनंद कॉलेज को छह विकेट से पराजित किया। वहीं दूसरे लीग मुकाबले में उसने श्याम लाल कॉलेज को सात विकेट से हराया। राम लाल आनंद कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 139 रन बनाए। सर्वोत्तम शर्मा ने 47 और देवांश शाही 44 रन बनाकर नाबाद रहे।

## टी-20 का एक महत्वपूर्ण पहलू बना रहेगा : गांगुली

**कोलकाता,** 4 मई (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि टी20 क्रिकेट खेल का एक अभिन्न अंग है, जो इसे आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। गांगुली को



लगता है कि खेल का सबसे छोटा प्रारूप कहीं नहीं जा रहा है और यह खेल का एक महत्वपूर्ण पहलू बना रहेगा। उन्होंने टी20 प्रारूप की भी प्रशंसा की और बताया कि यह क्रिकेट में इतना महत्वपूर्ण क्यों हो गया है। गांगुली ने यहां कोलकाता में बंगाल प्रो टी20 लीग ट्रॉफी के अनावरण के दौरान ये टिप्पणी की। बंगाल प्रो टी20 लीग ट्रॉफी का अनावरण बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी) के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली, सौरव गांगुली और पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की उपस्थिति में किया गया। गांगुली ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह खेल के लिए एक शानदार परिचय है। हर चीज में बदलाव अपरिहार्य है। हम में से कई लोग जिन्होंने 2-दिवसीय क्रिकेट और 4-दिवसीय क्रिकेट खेलना शुरू किया है, उन्हें यह स्वीकार करना होगा कि टी20 क्रिकेट यहीं रहेगा और यह कुछ ऐसा है जो इसे आगे ले जाएगा।

## आईसीसी इवेंट से इनकार करना भारत को उल्टा पड़ सकता है : राशिद लतीफ

**नई दिल्ली,** 4 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर राशिद लतीफ ने कहा कि अगर भारत अगले साल की चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार करता है और इसमें भाग नहीं लेने का फैसला करता है, तो उसे विश्व शासी निकाय आईसीसी को तार्किक जवाब देना होगा। सूत्रों ने आईएएनएस को पहले बताया था कि टीम इंडिया पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा नहीं ले सकती है, इसमें कहा गया है कि आयोजन स्थल को संभावित रूप से बदलने या हाइब्रिड मॉडल पर विचार करने के बारे में चर्चा हो रही है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए राशिद



लतीफ ने कहा कि आप द्विपक्षीय सीरीज से इनकार कर सकते हैं. लेकिन आईसीसी आयोजनों से इनकार करना कठिन होगा। जब आईसीसी अपनी योजना बनाती है, तो टीमों को पता होता है कि उन्हें कहां खेलना है, जैसे पाकिस्तान को पता था कि उन्हें विश्व कप खेलने के लिए भारत जाना है, और क्रिकेट

आप द्विपक्षीय सीरीज से इनकार कर सकते हैं, लेकिन आईसीसी आयोजनों से इनकार करना कठिन होगा : राशिद

बोर्डों के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाते हैं। पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कहा कि आईसीसी आयोजनों से इंकार करना थोड़ा कठिन लगता है... 1996 विश्व कप में, ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज ने श्रीलंका जाने से इनकार कर दिया और पूरा समूह बदल गया और श्रीलंका चैंपियन बन गया। यह बहुत बड़ी गलती थी... अगर भारत या पाकिस्तान ने साइन इन किया है तो उन्हें उस इवेंट में जाना होगा। अगर सरकारी स्तर पर कोई परिस्थिति बनती है तो क्यों नहीं आ रहे इसका तार्किक जवाब देना होगा। आप पाकिस्तान में हालात सही नहीं हैं, इसका हवाला देकर द्विपक्षीय श्रृंखला से इनकार कर सकते हैं... मेरी राय में, आईसीसी आयोजन से इनकार करना उल्टा पड़ सकता है। पता चला है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को प्रस्ताव दिया है कि अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भारत के क्वालीफाइंग दौर के मैच विशेष रूप से एक ही शहर में आयोजित किए जाएं।




# साझेदारियों की कमी हार का कारण रही : पांड्या

**मुंबई,** 4 मई (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने वानखेड़े स्टेडियम में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रयास के बावजूद इंडियन प्रीमियर लीग के 51वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स से शुक्रवार को मिली 24 रनों की हार के लिए अपने बल्लेबाजों की साझेदारी बनाने में असमर्थता को जिम्मेदार ठहराया। केकेआर की पारी के अंत में जसप्रीत बुमराह (3-18) और नुवान तुषारा (3-42) ने तीन-तीन विकेट लिए, क्योंकि मुंबई इंडियंस ने वेंकटेश अय्यर की 52 गेंदों में 70 रनों की शानदार पारी के बावजूद उन्हें 169 रनों पर सीमित कर दिया, जिन्होंने छठे विकेट के लिए मनीष पांडे के साथ 83 रन जोड़े और अपनी टीम को एक समय 57/5 की खतरनाक स्थिति से बचाया। मिचेल स्टार्क ने 4-33 विकेट लिए, 19वें ओवर में चार गेंदों में तीन विकेट लेकर मुंबई की पारी 145 रन पर समेट दी, जब स्पिन जोड़ी सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें समान 2-22 विकेट के साथ 61/4 पर रोक दिया था। मिचेल स्टार्क ने 4-33 विकेट लिए, 19वें ओवर में चार गेंदों में तीन विकेट लेकर मुंबई की पारी 145 रन पर समेट दी, जब स्पिन जोड़ी सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें समान 2-22 विकेट के साथ 61/4 पर रोक दिया था। पांड्या ने कहा कि साझेदारियों की कमी ने गेंदबाजों के शानदार प्रयास को बेकार कर दिया और पूरे आईपीएल 2024 में उनके निराशाजनक प्रदर्शन से उठे सवालों का जवाब खोजने में समय लगेगा। हार्दिक ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा कि जाहिर तौर पर हम साझेदारियां नहीं बना सके और विकेट खोते रहे। ऐसे कई सवाल हैं जिनका जवाब देने में समय लगेगा। लेकिन अभी ज्यादा कुछ नहीं कहना है।

## आईपीएल जैसे टूर्नामेंट का दबाव महसूस कर रहे हैं हार्दिक : फिंच

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर आरोन फिंच ने शुक्रवार रात कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 24 रन से हार के बाद मुंबई इंडियंस के प्रदर्शन का आकलन करते हुए कहा कि हार्दिक पांड्या आईपीएल जैसे टूर्नामेंट का दबाव महसूस कर रहे हैं। केकेआर की पारी के अंत में जसप्रीत बुमराह (3-18) और नुवान तुषारा (3-42) ने तीन-तीन विकेट लिए, क्योंकि मुंबई इंडियंस ने वेंकटेश अय्यर की 52 गेंदों में 70 रनों की शानदार पारी के बावजूद उन्हें 169 रनों पर सीमित कर दिया, जिन्होंने छठे विकेट के लिए मनीष पांडे के साथ 83 रन जोड़े। फिंच ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव से कहा कि वानखेड़े स्टेडियम में ओस गिरने के कारण आप उनसे 170 रनों का पीछा करने की उम्मीद कर सकते हैं। यह आम तौर पर बल्लेबाजी करने के लिए एक खूबसूरत जगह है। हां यह थोड़ा अस्वाभाविक था, जिस तरह से यह थोड़ा अधिक टर्न ले रहा था और यह थोड़ा अधिक दो गति वाला था जो हमने अतीत में नहीं देखा था।

